As in the absence of wind from both the direction the richness of the trees is completely destroyed, similarly the presence of the feeling of jealousy for all for no apparent reason causes an absolute decline in the intensity of spiritual endeavour (6)

As in presence of wind from both directions the richness of the trees is fully enhanced, similarly tolerance for all causes absolute enhancement in the intensity of spiritual endeavour (7)

So, one desirous of absolutely sincere practice of the Shraman Dharma should have tolerance for any or all criticism and adverse behaviour (8)

■■

बारहवाँ अध्ययन : उदक ज्ञात : आमुख

शीर्षक–उदए–उदगे–उदक–पानी। प्रदूषण अथवा गुण परिवर्तन का सबसे व्यापक उदाहरण है पानी। इस उदाहरण के माध्यम से वस्तु की निरन्तर परिवर्तनशीलता को दर्शाकर इस अध्ययन में यह संकेत दिया है कि वस्तु को समझने-स्वीकारने से पूर्व उसके गुण-स्वभाव तथा परिवर्तन का सूक्ष्म निरीक्षण करना चाहिए। निरन्तर परिवर्तनशीलता को आत्मसात करना राग-द्वेष से बचने का प्रभावी उपाय है। एक जटिल विषय को खाई के जल जैसे व्यापक उदाहरण से सहज बोध-गम्य बना दिया है इस अध्ययन मे।

कथासार–चम्पानगरी मे राजा जितशत्रु राज्य करता था। उसके मत्री का नाम सुबुद्धि था और वह तत्त्वज्ञ श्रमणोपासक था। एक बार बहुत स्वादिष्ट भोजन करने के बाद राजा ने उस भोजन की बहुत प्रशंसा की। अन्य सभी उपस्थित जनो ने राजा का अनुमोदन किया किन्तु सुबुद्धि ने कहा कि इसमें उसे कोई आश्चर्यजनक बात नहीं लगी। समार मे सुन्दर लगती वस्तुएँ भी खराब हो जाती हैं और खराब लगने वाली वस्तुएँ भी अच्छी लगने लगती है, यह तो वस्तु का परिवर्तनशील स्वभाव है। राजा सुबुद्धि मत्री के इस व्यवहार से सतुष्ट नहीं हुआ।

चम्पानगरी के बाहर एक खाई थी जिसका जल अत्यन्त प्रदूषित तथा दुर्गन्धपूर्ण था। एक बार राजा उस दुर्गन्ध भरे पानी वाली खाई के पास से निकला। वह वहाँ से शीघ्र ही आगे बढ़ गया और तिलमिला कर उस गदे पानी की निदा करने लगा। इस बार भी अन्य सब ने राजा का अनुमोदन किया पर सुबुद्धि ने वही बात दोहराई। राजा सुबुद्धि के कथन से क्षुब्ध होकर बोला कि उसे यथार्थ के विषय मे मिथ्या प्रचार नही करना चाहिये।

सुबुद्धि ने मन ही मन सोचा कि किसी उपाय से राजा को जिन-प्रतिबोधित धर्म की बाते समझानी चाहिये। यह सोचकर उसने खाई से गदा पानी निकलवाकर साफ करके छनवाकर घड़ो मे भरवाया। सात दिन बाद उसे पुन नए घडो मे छनवाकर राख आदि मिलाकर रख दिया। इस प्रकार सात-सात दिन के अन्तर से सात बार शुद्ध करवाने से वह पानी पीने योग्य निर्मल बन गया। फिर उसे सुगध युक्त कर के राजा के जलसेवक को दिया और कहा कि भोजन के बाद राजा को यही जल परोसा जाय।

भोजन के पश्चात् जब राजा ने वह पानी पीया तो उसके स्वाद तथा सुगंध से वह आनन्दित हो गया। उसने सेवक से पूछा कि यह पानी कहाँ से आया? सेवक ने जब बताया कि सुबुद्धि मत्री ने भिजवाया है तो राजा ने सुबुद्धि को बुलाकर पूछा। सुबुद्धि ने बताया कि यह जल तो वही खाई का गन्दा पानी था। राजा को विश्वास नही हुआ और उसने मत्री द्वारा बताये तरीके से स्वय पानी शुद्ध करवाकर जाँच की। मत्री की बात सत्य सिद्ध होने पर उसे बुलवाकर जिन-धर्म का श्रवण किया। फिर राजा श्रमणोपासक बन गया। अन्तत उसने मंत्री सहित दीक्षा ग्रहण की और साधना कर मोक्ष प्राप्त किया।

TWELFTH CHAPTER : THE WATER : INTRODUCTION

Title—Udaye—Udage—Udak—water The most common example of pollution and the change of properties in nature is water Explaining the ever-changing nature of things with the help of this example, this story shows that before understanding and accepting a thing at its face value, its properties and possibilities of transformation should be minutely examined Accepting the ever-changing nature of things is an effective way of avoiding feelings of attachment and aversion This story has made a complex subject easy to understand with the help of a common example like water

Gist of the story—Jitshatru was the king of Champa His prime minister was Subuddhi He was a Shramanopasak having knowledge of the fundamentals One day after a sumptuous meal the king liberally praised the food Except for Subuddhi, all the guests present there agreed with the king Subuddhi said that there was nothing unusual about food Things that appear good turn bad, and vice versa Transformation is the basic nature of all things This behaviour of Subuddhi did not please the king

Outside the city there was a trench filled with stinking and polluted water One day King Jitshatru passed along that ditch with the stinking water He rushed away from there and cursed the dirty water This time, too all his companions agreed with him, but Subuddhi repeated his earlier statement King Jitshatru admonished Subuddhi saying that he should not spread such illusions about the reality

Subuddhi thought that he should somehow try to explain the teachings of the Jina to the king and make him accept the same He got some dirty water and filtered it into pitchers After a week he filtered it once again and ash was mixed in it This process of filtering and adding ash was repeated for seven weeks and the foul water turned pure He then added some perfumes and gave the water to the man in charge of the king's water-shed with instructions to serve only this water to the king

When the king drank that water he was extremely satisfied with its taste and smell The king asked the manager of the water-shed from where he got the water When he was informed that the water was sent by Subuddhi, the king called him and asked him the same question Subuddhi informed that the water was from the stinking ditch The king did not believe Subuddhi and got some more dirty water filtered and cleaned by the same process When Subuddhi was proved right the king called him and listened to the word of the Jina He then became a Shramanopasak At last he renounced the world along with his minister and indulged in spiritual practices to attain liberation

■■

बारसमं अज्झयणं : उदए
बारहवाँ अध्ययन : उदक ज्ञात
TWELFTH CHAPTER : UDAYE - THE WATER

सूत्र १ : जइ णं भंते ! समणेण भगवया महावीरेणं जाव संपत्तेणं एक्कारसमस्स नायज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते, बारसमस्स णं नायज्झयणस्स के अट्ठे पण्णत्ते ?

सूत्र १ . जम्बू स्वामी ने पूछा- "भंते ! सिद्धि को प्राप्त श्रमण भगवान महावीर ने ग्यारहवें ज्ञात अध्ययन का पूर्वोक्त अर्थ कहा है तो बारहवे अध्ययन का क्या अर्थ कहा है ?"

1. Jambu Swami inquired, "Bhante! What is the meaning of the twelfth chapter according to Shraman Bhagavan Mahavir?"

सुधर्मा स्वामी का उत्तर

सूत्र २ : एव खलु जंबू ! तेण कालेणं तेण समएणं चंपा णामं णयरी होत्था। पुण्णभद्द चेइए। तीसे ण चंपाए णयरीए जियसत्तु णाम राया होत्था। तस्स णं जियसत्तुस्स रन्नो धारिणी नाम देवी होत्था, अहीणा जाव सुरूवा। तस्स णं जियसत्तुस्स रन्नो पुत्ते धारिणीए अत्तए अदीणसत्तु णाम कुमारे जुवराया वि होत्था। सुबुद्धी अमच्चे जाव रज्जधुराचिंतए समणोवासए अहिगयजीवाजीवे।

सूत्र २ हे जम्बू ! काल के उस भाग मे चम्पा नाम की नगरी थी जहाँ पूर्णभद्र चैत्य था। चम्पा नगरी के राजा का नाम जितशत्रु था। उसके धारिणी नाम की रानी थी जो पचेन्द्रिय परिपूर्ण और सुन्दर थी। जितशत्रु राजा का पुत्र और धारिणी का आत्मज कुमार अदीनशत्रु वहाँ का युवराज था। राजा के मत्री का नाम सुबुद्धि था जो राज-काज का प्रभारी तथा राज्य का हित चिंतक था और जीव-अजीव आदि तत्त्वो का ज्ञाता श्रमणोपासक था।

SUDHARMA SWAMI NARRATED

2. Jambu! During that period of time there was a city named Champa outside which was a Chaitya named Purnabhadra. The name of the king of Champa was Jitshatru His ideally beautiful queen was Dharini The royal couple had a son named Adeenshatru who was the heir to the throne. The

prime minister of the king was named Subuddhi. He was loyal to the king and looked after all the affairs of the state. Subuddhi was a Shramanopasak having knowledge of the fundamentals like soul and matter.

सूत्र ३ : तीसे णं चंपाए णयरीए बहिया उत्तरपुरच्छिमेणं एगे फरिहोदए यावि होत्था, मेय-वसा-मंस-रुहिर-पूय-पडल-पोच्चडे मयग-कलेवर-संछण्णे अमणुण्णे वण्णेणं जाव फासेणं। से जहानामए अहिमडेइ वा गोमडेइ वा जाव मय-कुहिय-विणट्ठ-किमिण-वावण्ण-दुरभिगंध किमिजालाउले, संसत्ते असुइ-वियग-बीभत्थ-दरिसणिज्जे, भवेयारूवे सिया ? णो इणट्ठे समट्ठे, एत्तो अणिट्ठतराए चेव जाव गंधेण पण्णत्ते।

सूत्र ३ : चम्पा नगरी के बाहर उत्तर-पूर्व दिशा में एक खाई थी जिसका पानी मेद, वसा, रक्त और पीव का भंड़ार था। वह मृत शरीरों से अटा पड़ा था और वर्ण, गध, रस और स्पर्श से घिनौना, अमनोज्ञ था। वह सडे, गले, कीडों से भरे और पशुओं द्वारा खाए गए मृत कलेवर जैसी दुर्गन्ध वाला था, मानो सर्प, गाय आदि जीवों की लाशे सड़कर दुर्गन्ध फैला रही हों। वह कृमियो तथा अन्य जीवो से भरा पड़ा था तथा अशुचि, विकृत और बीभत्स दिखाई देता था। क्या सचमुच वह इतना भयावह दिखता था? नहीं, वह जल तो इससे भी अधिक अनिष्ट बीभत्स दुर्गन्ध आदि वाला बताया गया है।

3. In the north eastern direction of the city there was a trench filled with grimy water polluted with marrow, fat, blood, and pus. Cadavers were heaped within this water body making it obnoxious to the senses of touch, smell, taste, and sight It was filled with a stench like that of a decomposed, decayed and vermin infested corpse as if the dead bodies of snake, cow, and other animals had decayed emitting a repulsive stench. Covered with crawling insects it appeared messy, foul, and revolting Was it really so repulsive? No, that water was obnoxious beyond describing

भोजन की प्रशंसा

सूत्र ४ : तए णं से जियसत्तू राया अण्णया कयाइ ण्हाए कयबलिकम्मे जाव अप्पमहग्घाभरणालंकियसरीरे बहूहिं राईसर जाव सत्थवाहपभिइहिं सद्धिं भोयणवेलाए सुहासणवरगए विपुलं असणं पाणं खाइमं साइमं जाव विहरइ, जिमिय-भुत्तुत्तरागए जाव सुईभूए तंसि विपुलंसि असण जाव जायविम्हए ते बहवे ईसर जाव पभिईए एव वयासी–

'अहो णं देवाणुप्पिया ! मणुण्णे असणं पाणं खाइमं साइमं वण्णेणं उववेए जाव फासेण उववेए अस्सायणिज्जे विस्सायणिज्जे पीणणिज्जे दीवणिज्जे दप्पणिज्जे मयणिज्जे बिंहणिज्जे सव्विंदियगाय-पल्हायणिज्जे।'

सूत्र ४ : राजा जितशत्रु एक बार स्नान, बलिकर्म आदि से निवृत्त होकर हल्के, पर बहुमूल्य, आभूषण शरीर पर धारण कर अनेक राजाओं, राजकुमारों, सार्थवाहों (अ-१, सू. १९ के समान) आदि के साथ विपुल अशन, पान, खादिम और स्वादिम भोजन कर रहा था। भोजन पूरा होने के बाद हाथ मुँह धोकर पूर्णतया स्वच्छ हो उस भोजन के स्वाद से चकित हो वह उपस्थित लोगों से कहने लगा–

"अहो देवानुप्रियो ! यह भोजन जो हमने किया, वह उत्तम वर्णादि युक्त था और स्वाद ले लेकर खाने योग्य था। यह भोजन पुष्टिदायक, दीप्तिवर्धक (बल बढ़ाने वाला) दर्पवर्धक, मद-वर्धक, सर्व धातुवर्धक तथा देह तथा इन्द्रियों के लिए आनन्ददायक था।"

PRAISE OF THE FOOD

4. One day the king got ready after his bath and other daily chores and adorned himself with light but costly ornaments. He then joined numerous princes, kings, and other guests (details as in Ch 1 para 19) in a feast. After eating the sumptuous food and washing his hands and mouth, the king, impressed by the quality of the food, said to the guests —

"Beloved of gods! The food we ate was of best quality and worth enjoying. It was nourishing, invigorating, satisfying, intoxicating, and vitalizing It was blissful to all the five senses of the body"

सूत्र ५ : तए णं ते बहवे ईसर जाव सत्थवाहपभिइओ जियसत्तुं एवं वयासी–'तहेव णं सामी ! जं णं तुब्भे वदह। अहो ण इमे मणुण्णे असणं पाणं खाइमं साइमं वण्णेणं उववेए जाव पल्हायणिज्जे।'

सूत्र ५ राजा के इस कथन का वहाँ उपस्थित सभी सार्थवाह आदि उपस्थित अतिथियों ने एक स्वर से समर्थन किया–"स्वामिन्। आप जैसा कहते है, वह ठीक है। यह भोजन वास्तव में मनोज्ञ एव पुष्टिदायक आदि है।"

5. All the guests present there unanimously attested the king's statement,"What you say is true Sire! this food is indeed gourmet and nutritious (etc. as in para 4)"

सूत्र ६ : तए णं जितसत्तू सुबुद्धिं अमच्चं एवं वयासी–'अहो णं सुबुद्धी ! इमे मणुण्णे असणं पाणं खाइमं साइमं जाव पल्हायणिज्जे।'

तए णं सुबुद्धी जियसत्तुस्सेयमट्ठं नो आढाइ, जाव तुसिणीए संचिट्ठइ।

सूत्र ६ : राजा जितशत्रु ने अपने मत्री सुबुद्धि को इंगित कर भोजन सम्बन्धी अपने विचार दोहराए–"हे सुबुद्धि ! यह भोजन उत्तम वर्ण, रस आदि से युक्त तथा इन्द्रिय एवं शरीर को आल्हादजनक था।" इस पर सुबुद्धि ने अपनी सहमति प्रकट नहीं की, वह मौन ही रहा।

6. King Jitshatru addressed his minister Subuddhi and repeated his opinion about the food, "Subuddhi! This food was exceptional in taste, nutritional value and other qualities and was exclusively enjoyable." Subuddhi did not attest to this opinion and remained silent.

वस्तु स्वभाव का कथन

सूत्र ७ : तए णं जियसत्तुणा सुबुद्धी दोच्चं पि तच्चं पि एवं वुत्ते समाणे जियसत्तु रायं एवं वयासी–'नो खलु सामी ! अहं एयंसि मणुण्णंसि असण-पाण-खाइम-साइमंसि केइ विम्हए। एव खलु सामी ! सुब्भिसद्दा वि पुग्गला दुब्भिसद्दत्ताए परिणमंति, दुब्भिसद्दा वि पोग्गला सुब्भिसद्दत्ताए परिणमंति। सुरूवा वि पोग्गला दुरूवत्ताए परिणमंति, दुरूवा वि पोग्गला सुरूवत्ताए परिणमंति। सुब्भिगंधा वि पोग्गला दुब्भिगंधत्ताए परिणमंति, दुब्भिगंधा वि पोग्गला सुब्भिगंधत्ताए परिणमंति। सुरसा वि पोग्गला दुरसत्ताए परिणमति, दुरसा वि पोग्गला सुरसत्ताए परिणमंति। सुहफासा वि पोग्गला दुहफासत्ताए परिणमति, दुहफासा वि पोग्गला सुहफासत्ताए परिणमंति।

पओग-वीससापरिणया वि य णं सामी ! पोग्गला पण्णत्ता।'

सूत्र ७ : राजा जितशत्रु ने जब अपनी बात बार-बार दोहरायी तो सुबुद्धि ने राजा से कहा–"स्वामी ! मै इस स्वादिष्ट भोजन से तनिक भी विस्मित नही हूँ। हे स्वामी ! शुभ शब्द वाले पुद्‌गल अशुभ शब्द वाले पुद्‌गलों मे परिवर्तित हो जाते हैं और अशुभ शब्द वाले शुभ शब्द वालो मे। ठीक यही प्रकृति रूप, गध, रस और स्पर्श के पुद्‌गलो की है। अर्थात् शुभ रूप, शुभ गन्ध, शुभ रस वाले पुद्‌गल अशुभ, अनिष्ट, अप्रिय रूप, गध, रस व स्पर्श वाले पुद्‌गलो मे परिणत हो जाते है।

"हे स्वामी ! सभी प्रकार के पुद्‌गलो मे स्वभावत (विस्रसा तथा जीव की चेष्टा प्रयोग) के फलस्वरूप परिवर्तन होता ही रहता है।"

NATURE OF THINGS

7. When King Jitshatru repeated his views again and again Subuddhi said, "Sire! I am hardly impressed by this tasteful food Know sire! that molecules with good accoustic quality transform into molecules with bad accoustic quality, and vice versa Same is the nature of the molecules of form, smell, taste, and touch It means that the molecules with good form, good smell, good taste, and good touch are also transformed into molecules with bad, repulsive and obnoxious molecules of form, smell, taste, and touch

"Sire! Continued transformation, on their own or due to human interference is the basic nature of all molecules (matter)."

चित्र परिचय
THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

उदक-उपनय : स्वादिष्ट भोजन की प्रशंसा

चित्र ६

चम्पानगरी का जितशत्रु राजा एक वार मत्री, सार्थवाहो आदि के साथ भोजन कर रहा था। भोजन के पश्चात् राजा ने कहा–"अहा ! आज का भोजन कितना स्वादिष्ट और आनन्ददायक था?" सभी लोगो ने राजा के कथन की पुष्टि की, परन्तु सुबुद्धि मत्री मौन रहा। राजा ने पूछा–"क्यो मत्रिवर ! यह भोजन स्वादिष्ट है न?"

मत्री ने गभीरतापूर्वक उत्तर दिया–"महाराज ! पुद्गलो का स्वभाव ही ऐसा है शुभ पुद्गल अशुभ रूप मे व अशुभ पुद्गल शुभ रूप वर्ण-गध आदि मे परिवर्तित होते रहते है। इसमे राग-द्वेष का कोई कारण नही।"

(बारहवाँ अध्ययन)

PRAISE OF TASTY FOOD

ILLUSTRATION 6

Jitshatru, the king of Champa, one day, after a sumptuous meal with his princes, ministers, and merchants, liberally praised the food Except for Subuddhi, all the guests present there agreed with the king When the king asked for Subuddhi's opinion he said that there was nothing unusual about it Things that appear good turn bad and vice versa Transformation is the basic nature of all things Therefore it was hardly worth feeling happy or distressed about

(CHAPTER - 12)

सूत्र ८ : तए णं जियसत्तू सुबुद्धिस्स अमच्चस्स एवमाइक्खमाणस्स एयमट्ठं नो आढाइ, नो परियाणइ, तुसिणीए संचिट्ठइ।

सूत्र ८ : राजा जितशत्रु ने अमात्य सुबुद्धि के इस कथन का न तो आदर किया और न अनुमोदन। वह मौन ही रहा।

8. King Jitshatru neither accepted nor attested this statement of Subuddhi, he remained silent

खाई का दुर्गन्धित जल

सूत्र ९ : तए णं से जियसत्तू अण्णया कयाइ ण्हाए आसखंधवरगए महया भडचडगर पह-आस-वाहणियाए निज्जायमाणे तस्स फरिहोदगस्स अदूरसामंतेणं वीईवयइ।

तए णं जियसत्तू राया तस्स फरिहोदगस्स असुभेणं गंधेणं अभिभूए समाणे सएणं उत्तरिज्जेण आसगं पिहेइ, एगंत अवक्कमइ, ते बहवे ईसर जाव पभिइओ एवं वयासी–'अहो णं देवाणुप्पिया ! इमे फरिहोदए अमणुण्णे वण्णेणं गंधेणं रसेणं फासेणं। से जहानामए अहिमडे इ वा जाव अमणामतराए चेव गंधेण पण्णत्ते।'

सूत्र ९ : एक बार जितशत्रु राजा स्नानादि करके उत्तम घोडे पर सवार हो अपने अनेक सैनिको व सेवको के साथ घुडसवारी के लिए निकला। घूमते-घूमते वह उस खाई के निकट जा पहुँचा।

वहाँ उस खाई के गदे पानी से निकली अशुभ-गंध से घबराकर राजा ने अपने उत्तरीय वस्त्र से मुँह ढँक लिया। एक तरफ जा कर वह अपने साथ आये अन्य राजा, राजकुमार आदि से बोला–

"अहो देवानुप्रियो! इस खाई का पानी तो वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श से अशुभ है अमनोज्ञ है। यह तो सर्पादि की मृत देह से भी अधिक दुर्गन्धपूर्ण है।"

STINKING WATER

9. One day, after his bath (etc) King Jitshatru set out for horse riding with some of his personal staff and cavalry of guards. During his ride he came near the above detailed ditch

Hit by the acute repulsive stink emanating from the slimy water in the ditch he became sick and covered his nose with his shawl He rushed away from there and commented to the princes and other guests—"Beloved of gods! The water of this ditch is foul and repulsive in colour, smell, taste, and touch. Its stench is much more foul than that of animal carcasses "

सूत्र १० : तए णं ते बहवे राईसर जाव सत्थवाहपिभइओ एवं वयासी–तहेव णं तं सामी ! जं णं तुब्भे वयह, अहो णं इमे फरिहोदए अमणुण्णे वण्णेणं गंधेणं रसेणं फासेणं, से जहानामए अहिमडे इ वा जाव अमणामतराए चेव गंधेणं पण्णत्ते।

सूत्र १० : तब राजा के साथियों ने एक स्वर में राजा के कथन का समर्थन किया–"स्वामी जैसा आप कहते हैं वैसा ही है। यह खाई का पानी अमनोज्ञ एवं अत्यन्त दुर्गन्धपूर्ण है।"

10. All his companions unanimously attested the kings statement, "What you say is true Sire! the water of this ditch is foul and repulsive (etc. as in para 9)"

सूत्र ११ : तए णं ते जियसत्तू सुबुद्धिं अमच्चं एवं वयासी–'अहो णं सुबुद्धी ! इमे फरिहोदए अमणुण्णे वण्णेणं से जहानामए अहिमडे इ वा जाव अमणामतराए चेव गंधेण पण्णत्ते।

तए णं सुबुद्धी अमच्चे जाव तुसिणीए संचिट्ठइ।

सूत्र ११ : जितशत्रु ने तब अमात्य सुबुद्धि से वही बात कही–"हे सुबुद्धि ! इस खाई का पानी वर्ण आदि से अमनोज्ञ, मृतसर्प की गंध से भी अधिक दुर्गन्ध युक्त है।

सुबुद्धि ने राजा की इस बात का अनुमोदन नही किया। वह चुप ही रहा।

11 Jitshatru repeated his statement to Subuddhi, "Subuddhi! The water of this ditch is foul and repulsive in colour, smell, taste, and touch Its stench is much more foul than that of animal carcasses"

Subuddhi did not attest to this opinion and remained silent

सूत्र १२ : तए णं से जियसत्तू राया सुबुद्धिं अमच्च दोच्चं पि तच्च पि एव वयासी–'अहो णं तं चेव।'

तए णं से सुबुद्धी अमच्चे जियसत्तुणा रण्णा दोच्च पि तच्चं पि एवं वुत्ते समाणे एव वयासी–'नो खलु सामी ! अम्हं एयंसि फरिहोदयंसि केइ विम्हए। एवं खलु सामी ! सुब्भिसद्दा वि पोग्गला दुब्भिसद्दत्ताए परिणमति, तं चेव जाव पओग-वीससापरिणया वि य णं सामी ! पोग्गला पण्णत्ता।

सूत्र १२ : इस पर राजा ने वही बात दो तीन बार फिर कही–अहो सुबुद्धि ! यह पानी कितना अमनोज्ञ है एव दुर्गन्धयुक्त है। (सूत्र ९ के समान)

राजा के पुनः-पुन वही बात कहने पर सुबुद्धि ने कहा–"स्वामी! मुझे इस खाई के पानी के विषय में कोई भी आश्चर्य नही है। क्योंकि शुभ पुद्गल अशुभ पुद्गल रूप में परिणत हो जाते हैं और अशुभ पुद्गल शुभ रूप मे परिणत हो जाते हैं। मनुष्य के प्रयत्न से और स्वाभाविक रूप मे पुद्गलों मे यह परिवर्तन होता रहता है।" (विस्तार–पूर्व सू. ७ के समान)।

चित्र परिचय
THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

खाई का गन्दा पानी

चित्र ७

एक बार राजा जितशत्रु संध्या के समय सेवकों के साथ नगर के बाहर भ्रमण करने निकला। वहाँ वह गन्दे पानी के नाले (खाई) की तरफ चला गया। गन्दे पानी की दुर्गन्ध से सभी ने नाक-मुँह ढँक लिया। राजा ने कहा-"देखो, इस खाई का पानी कितना दुर्गन्धपूर्ण है?" सभी ने राजा की हाँ में हाँ मिलाई, किन्तु तत्त्वज्ञ मंत्री ने वही उत्तर दिया-"महाराज ! पुद्गलों का स्वभाव ही ऐसा है, इसमें राग-द्वेष नहीं करना चाहिए।"

(बारहवाँ अध्ययन)

THE DIRTY WATER OF THE DITCH

ILLUSTRATION : 7

One evening King Jitshatru set out for a ride outside the town along with his ministers and guards He passed along a ditch with stinking water The king and his retinue, all covered their faces with their shawls He rushed away from there and cursed that dirty water This time also all his companions agreed with him but Subuddhi repeated his earlier statement King Jitshatru was not happy with the minister's comment but he remained silent

(CHAPTER - 12)

12. King Jitshatru repeated his views again and again, "The water of this ditch is foul. . . . . (as para 9)."

When King Jitshatru repeated his views again and again Subuddhi said, "Sire! I am hardly disturbed by this foul water of the ditch. Know sire! that molecules with good qualities transform into molecules with bad qualities, and vice versa. Continued transformation, on their own or due to human interference is the basic nature of all molecules. (details as in para 7)."

सूत्र १३ : तए णं जियसत्तू राया सुबुद्धिं अमच्चं एवं वयासी–मा णं तुमं देवाणुप्पिया ! अप्पाणं च परं च तदुभयं च बहुहिं य असब्भावुब्भावणाहिं मिच्छत्ताभिणिवेसेण य वुग्गाहेमाणे वुप्पाएमाणे विहराहि।

सूत्र १३ राजा जितशत्रु ने अमात्य सुबुद्धि से कहा–"देवानुप्रिय ! तुम असत् को सत् रूप में प्रकट करने का मिथ्या अभिनिवेश (दुराग्रह) करके स्वयं तथा दूसरों को भ्रम में मत डालो। अनभिज्ञ लोगों को ऐसी सीख मत दो।

13. King Jitshatru admonished Subuddhi, "Beloved of gods! you should refrain from trying to confuse yourself and others by perpetuating your dogma of presenting a nonexistent concept as existent. You should not spread such illusion among ignorant masses "

जल का शोधन

सूत्र १४ तए णं सुबुद्धिस्स इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था–'अहो णं जितसत्तू संते तच्चे तहिए अवितहे सब्भूते जिणपण्णत्ते भावे णो उवलभइ, तं सेयं खलु मम जियसत्तुस्स रण्णो सताण तच्चाणं तहियाणं अवितहाणं सब्भूताणं जिणपण्णत्ताणं भावाणं अभिगमणट्ठयाए एयमट्ठं उवाइणावेत्तए।'

सूत्र १४ राजा की बात सुनकर सुबुद्धि को विचार आया–"अहो ! राजा जितशत्रु जिनेन्द्र द्वारा प्ररूपित सत् (विद्यमान) तत्त्व, तथ्य (वास्तविक), सत्य और प्रकट भावों से अनभिज्ञ है तथा अंगीकार नहीं करता। अच्छा होगा कि मैं उसे जिन प्ररूपित ऐसा तत्त्वज्ञान बताऊँ, सत्य का ज्ञान कराऊँ और उसे अंगीकार कराऊँ।"

WATER PURIFICATION

14. This rebuke from the king forced Subuddhi to reflect, "King Jitshatru is ignorant about the knowledge of existent fundamental reality, truth, and concepts as propagated by Jinendra and thus does not accept the same. I should somehow try to explain and make him accept the same."

सूत्र १५ : एवं संपेहेइ, संपेहित्ता पच्चइएहिं पुरिसेहिं सद्धिं अंतरावणाओ नवए घडए पडए य पगेण्हइ, पगेण्हित्ता संझाकालसमयंसि पविरलमणुस्ससि निसंतपडिनिसंतंसि जेणेव फरिहोदए तेणेव उवागए, उवागच्छित्ता तं परिहोदगं गेण्हावेइ, गेण्हावित्ता-नवएसु घडएसु गालावेइ, गालावित्ता नवएसु घडएसु पक्खिवावेइ पक्खिवावित्ता लंछियमुद्दिए करावेइ, करावित्ता सत्तरत्तं परिवसावेइ, परिवसावित्ता दोच्चं पि नवएसु घडएसु गालावेइ, गालावित्ता नवएसु घडएसु पक्खिवावेइ, पक्खिवावित्ता सज्जक्खारं पक्खिवावेइ, पक्खिवावित्ता लंछियमुद्दिए करावेइ, करावित्ता सत्तरतं परिवसावेइ, परिवसावित्ता तच्चं पि नवएसु घडएसु जाव सवसावेइ।

सूत्र १५ : ऐसे विचार मन मे आने पर सुबुद्धि अमात्य ने कुछ विश्वासपात्र जनों को साथ लेकर उस खाई के रास्ते मे पड़ती एक कुम्हार की दुकान से कुछ नये कोरे घडे खरीदे और कपड़ा खरीदा। इसके बाद सन्ध्या के समय, जब लोग अपने घरो मे विश्राम करने लगे थे, और मार्ग पर आवागमन कम हो गया था, वह उस खाई के पानी के निकट आया। खाई से पानी निकलवा कर उसे नये घडों मे छनवाया। घडो मे भरवा कर उन घडों के मुँह ढक कर मोहर लगवा दी। सात रात-दिन उन्हे वैसे ही रहने दिया। फिर उस पानी को नये घडो मे दुबारा छनवाया। घडो में भरकर उनमे ताजा राख डलवाई और बन्द करके फिर मोहर लगवादी। सात रात-दिन तक वैसे ही रखने के बाद तीसरी बार फिर वही क्रिया करवा कर फिर सात रात-दिन छोड दिया।

15. As soon as this idea came to him, Subuddhi took along some reliable servants and went to a potter's shop located on the way to that ditch and bought some fresh pitchers and a length of cloth In the evening, when most of the people had returned home and the road was almost deserted, he came at the edge of the ditch He got some dirty water collected and filtered it into the pitchers he had brought He got the pitchers sealed and left them like that for a week After a week he got the seals broken and filtered the water once again in new pitchers Fresh ash was mixed with the water and the pitchers were sealed After another week he got the same process repeated and left the pitchers like that for another week

सूत्र १६ : एव खलु एएण उवाएणं अतरा गलावेमाणे अंतरा पक्खिवावेमाणे, अतरा य विपरिवसावेमाणे विपरिवसावेमाणे सत्तसत्तराइंदिया विपरिवसावेइ।

तए णं से फरिहोदए सत्तमसत्तयसि परिणममाणसि उदयरयणे जाव यावि होत्था–अच्छे पत्थे जच्चे तणुए फलिहवण्णाभे वण्णेणं उववेए, गधेणं उववेए, रसेण उववेए फासेणं उववेए, आसायणिज्जे जाव सव्विंदियगायपल्हायणिज्जे।

सूत्र १६ : इस प्रणाली से बीच-बीच में छनवाकर, कोरे घडो में डलवाकर बार-बार सात दिन-रात वह पानी रखा जाता रहा।

चित्र परिचय

THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

जलशोधन

चित्र ८

१ सुबुद्धि मत्री ने अपने सेवको से गदे नाले (खाई) का पानी मँगाया। उसे कपडो मे छान-छानकर घडो मे भरवाया।

२ फिर क्षार (राख) आदि शोधक तत्त्वो से पानी साफ कराया। पुन घडो म छनवाया। इस प्रकार बार-बार जलशोधन की लम्बी प्रक्रिया द्वारा उस पानी को स्वच्छ कर सुगन्धित पदार्थो से एकदम स्वादिष्ट व मनोज्ञ बना दिया।

(बारहवॉ अध्ययन)

WATER PURIFICATION

ILLUSTRATION : 8

1 Subuddhi sent his servants to the ditch and got some dirty water collected and filtered it into pitchers

2 After a week he got the water filtered once again and purifiers like ash were mixed in it This long process of purification was repeated and the foul water turned pure He than added some perfumes and made the water tasty and pleasant

(CHAPTER - 12)

इस प्रकार सात सप्ताह के बाद वह खाई का गंदला पानी उदकरत्न (श्रेष्ठ जल) बन गया। वह स्वच्छ, पथ्य, जात्य (उत्तम जाति का) और हल्का हो गया। वह स्फटिक मणि जैसा चमकीला, मन को भाने वाली सुगन्ध, रस, स्पर्श और स्वादयुक्त हो गया। सभी इन्द्रियों तथा देह को आनन्द देने वाला हो गया।

16. This process of filtering and adding ash was repeated again and again. After seven weeks the foul water turned pure. It became clean, potable, of good quality, and light It became crystal clear, and likeable in taste, touch and smell It became satisfying and pleasant to the body and the senses.

सूत्र १७ : तए णं सुबुद्धी अमच्चे जेणेव से उदयरयणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता करयलंसि आसाएइ, आसाइत्ता तं उदयरयणं वण्णेणं उववेयं, गंधेणं उववेयं, रसेणं उववेयं, फासेणं उववेयं, आसायणिज्ज जाव सव्विंदियगायपल्हायणिज्जं जाणित्ता हट्ठतुट्ठे बहूहिं उदगसंभारणिज्जेहिं दव्वेहिं संभारेइ, संभारित्ता जियसत्तुस्स रण्णो पाणियघरियं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी–'तुमं च णं देवाणुप्पिया ! इमं उदगरयणं गेण्हाहि, गेण्हित्ता जियसत्तुस्स रण्णो भोयणवेलाए उवणेज्जासि।

सूत्र १७ · तब सुबुद्धि अमात्य ने उस स्वच्छ जल के पास जा उसे हथेली में लेकर चखा। उसे मनोज्ञ वर्ण, गंध, रस आदि से युक्त पीने योग्य और शरीर व इन्द्रियों को सुखकारी जानकर प्रसन्न और सतुष्ट हुआ। फिर उसने उस जल को और स्वादिष्ट बनाने वाले द्रव्यों से उसे अधिक स्वादिष्ट और सुगंधित बनाया। राजा जितशत्रु के जल-गृह के कर्मचारी को बुलवाकर उससे कहा–"देवानुप्रिय ! तुम यह श्रेष्ठ जल ले जाओ और भोजन करते समय राजा जितशत्रु को पीने के लिए देना।"

17. Minister Subuddhi went near the pitchers, took a handful of water and tasted it He was contented to find it appealing to the senses, potable, and satisfying and pleasant to the body and the senses. He than got some additives mixed in that water to make it more tasty and fragrant After all this, he called the caretaker of the king's water-shed and instructed, "Beloved of gods! Take this refined water and when the king takes his meals serve him some of this water."

राजा का आश्चर्य

सूत्र १८. तए णं से पाणियघरए सुबुद्धिस्स एयमट्ठं पडिसुणेइ पडिसुणित्ता तं उदयरयणं गिण्हाइ, गिण्हित्ता जियसत्तुस्स रण्णो भोयणवेलाए उवट्ठवेइ।

तए णं से जियसत्तू राया तं विपुलं असणं पाणं खाइमं साइमं आसाएमाणे जाव विहरइ।

जिमियभुत्तुत्तराए णं जाव परमसुइभूए तंसि उदयरयणे जायविम्हए ते बहवे राईसर जाव एवं वयासी–'अहो णं देवाणुप्पिया ! इमे उदयरयणे अच्छे जाव सव्विंदियगाय-पल्हायणिज्जे।'

तए णं बहवे राईसर जाव एवं वयासी–'तहेव णं सामी ! जं णं तुब्भे वयह, जाव एवं चेव पल्हायणिज्जे।'

सूत्र १८ : जलगृह के कर्मचारी ने सुबुद्धि की बात स्वीकार की और वह श्रेष्ठ जल ले जाकर राजा जितशत्रु को भोजन के समय परोसा।

तब जितशत्रु राजा ने श्रेष्ठ स्वादिष्ट भोजन करने के बाद हाथ-मुँह धोकर वह पानी पीया। पानी का स्वाद चखकर उसे आश्चर्य हुआ। उसने अपने निकट रहे राजा, राजकुमार आदि के सामने कहा–"हे देवानुप्रियो ! यह श्रेष्ठ जल स्वच्छ है। शरीर व इन्द्रियो को आल्हाददायक है।" (पूर्व सू. १६ के समान)

उपस्थित लोगो ने राजा की बात का एक स्वर मे अनुमोदन किया–"हाँ स्वामी, ऐसा ही है।"

KING'S SURPRISE

18. The water-shed manager accepted Subuddhi's instructions and accordingly carried away the pitchers filled with water When King Jitshatru arrived for his meals this same water was served to him

After his meals the king washed his hands and mouth and drank that water He was surprised at the heavenly taste of that water He conveyed to the guests around him, "Beloved of gods! This water is of the best quality It is satisfying and pleasant to the body and the senses (as para 16)

All those present unanimously attested the kings statement, "What you say is true Sire!"

सूत्र १९ : तए णं जियसत्तू राया पाणियघरियं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी–'एस ण तुब्भे देवाणुप्पिया ! उदयरयणे कओ आसाइए ?

तए णं पाणियघरिए जियसत्तु एवं वयासी–'एस णं सामी ! मए उदयरयणे सुबुद्धिस्स अंतियाओ आसाइए।'

तए णं जियसत्तू राया सुबुद्धि अमच्चं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी–'अहो णं सुबुद्धी ! केणं कारणेणं अहं तव अणिट्ठे अकंते अप्पिए अमणुण्णे अमणामे, जेण तुमं मम कल्लाकल्लिं भोयणवेलाए इमं उदयरयणं न उवट्ठवेसि ?

तए णं देवाणुप्पिया ! उदयरयणे कओ उवलद्धे ?'

तए ण सुबुद्धी जियसत्तुं एवं वयासी–'एस णं सामी ! से फरिहोदए।'

तए णं से जियसत्तू सुबुद्धिं एवं वयासी–'केणं कारणेणं सुबुद्धी ! एस से फरिहोदए ?'

तए णं सुबुद्धी जियसत्तुं एवं वयासी–'एवं खलु सामी ! तुम्हे तया मम एवमाइक्खमाणस्स एवं भासमाणस्स पण्णवेमाणस्स परूवेमाणस्स एयमट्ठं नो सद्दहह, तए णं मम इमेयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए पत्थिए मणोगए संकप्पे समुप्पज्जित्था–'अहो णं जियसत्तू संते जाव भावे नो सद्दहइ, नो पत्तियइ, नो रोएइ, तं सेयं खलु ममं जियसुत्तस्स रण्णो संताणं जाव सब्भूयाण जिणपन्नत्ताणं भावाणं अभिगमणट्ठयाए एयमट्ठं उवाइणावेत्तए। एवं संपेहेमि, संपेहित्ता तं चेव जाव पाणियघरियं सद्दावेमि, सद्दावित्ता एवं वदामि–'तुमं णं देवाणुप्पिया, उदगरयणं जियसत्तुस्स रन्नो भोयणवेलाए उवणेहि।' त एएणं कारणेणं सामी ! एस से फरिहोदए।'

सूत्र १९ : राजा ने जलगृह के कर्मचारी को बुलवाकर पूछा–"देवानुप्रिय ! तुमने यह श्रेष्ठ जल कहाँ से प्राप्त किया ?"

कर्मचारी ने उत्तर दिया–"स्वामी ! मैंने यह श्रेष्ठ जल सुबुद्धि अमात्य से प्राप्त किया है।"

राजा ने अमात्य सुबुद्धि को बुलाकर कहा–"अहो सुबुद्धि ! क्या बात है कि मैं तुम्हें अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ और अमणाम (मन के प्रतिकूल) लगता हूँ जिससे कि तुम भोजन के समय प्रतिदिन यह उत्तम जल मुझे नही भेजते ? देवानुप्रिय तुमने यह श्रेष्ठ जल कहाँ से पाया ?"

सुबुद्धि ने उत्तर दिया–"स्वामी ! यह उसी खाई का पानी है।"

जितशत्रु ने आश्चर्य के साथ कहा–"हे सुबुद्धि ! यह उस खाई का पानी कैसे हो सकता है ?"

तब सुबुद्धि ने उत्तर दिया–"स्वामी ! मैने उस समय आपसे पुद्‌गलो में होने वाले परिवर्तन / परिणमन की बात कही थी पर आपको मेरी बात पर विश्वास नही हुआ था। तब मेरे मन में अध्यवसाय, चिन्तन, विचार और मनोगत सकल्प उठा कि राजा जितशत्रु सत्, यथार्थ आदि भावों पर श्रद्धा, प्रतीति (विश्वास) और रुचि (उस विषय में दिलचस्पी) नहीं रखते अत. अच्छा हो कि मै उन्हे जिन प्ररूपित सत्, भूत भावो का रहस्य समझा कर पुद्‌गल मे होने वाले परिवर्तन / परिणमन को अगीकार कराऊँ। तदनुसार मैंने खाई के पानी को स्वच्छ कर तैयार किया और आपके जलगृह के कर्मचारी को बुलाकर वह पानी भोजन के समय आपको देने को कहा। अत यह वही खाई का पानी है।"

19. The king called the manager of the water-shed and asked, "Beloved of gods! Where did you get this pure water?"

"Sire! I got this water from minister Subuddhi "

The king called minister Subuddhi and said, "Subuddhi! What is the matter? Am I so disgusting, loathsome, ugly and repulsive to you that you do not send such satisfying pure water to me everyday when I take my meals? Beloved of gods! Where did you find this water?"

Subuddhi replied, "Sire! This water is from the same ditch."

King Jitshatru uttered in surprise, "How can this water be from that ditch?"

Subuddhi explained, "Sire! That day I told you about the molecular transformation, but you did not believe my statement. So I reflected and decided that as King Jitshatru does not have faith, belief, and interest in the knowledge of existent fundamental reality, truth, and concepts as propagated by Jinendra, I should somehow try to explain and make him accept the same. Accordingly I got the foul water of the ditch filtered and purified. Once it was done I instructed the water-shed manager of your palace to serve this water to you at the time of your meals. Thus, Sire! This water is from the same ditch."

जल-शोधन का प्रत्यक्ष प्रयोग

सूत्र २० : तए णं जियसत्तू राया सुबुद्धिस्स अमच्चस्स एवमाइक्खमाणस्स ४ एयमट्ठं नो सद्दहइ, नो पत्तियइ, नो रोएइ, असद्दहमाणे अपत्तियमाणे अरोयमाणे अब्भितरट्ठाणिज्जे पुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी–'गच्छह णं तब्भे देवाणुप्पिया ! अतरावणाओ नवघडए पडए य गेण्हह जाव उदगसंभारणिज्जेहिं दव्वेहिं संभारेइ।' ते वि तहेव संभारेंति, संभारित्ता जियसत्तुस्स उवणेंति।

तए णं जियसत्तू राया तं उदगरयणं करतलंसि आसाएइ, आसायणिज्जं जाव सव्विदिय-गायपल्हायणिज्ज जाणित्ता सुबुद्धिं अमच्चं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी–'सुबुद्धी ! एए णं तुमे सच्चा जाव सब्भूआ भावा कओ उवलद्धा ?'

तए णं सुबुद्धी जियसत्तूं एवं वयासी–'एए णं सामी ! मए सता जाव भावा जिणवयणाओ उवलद्धा।'

सूत्र २० : राजा जितशत्रु ने अमात्य की इस बात पर विश्वास नहीं किया, प्रतीति नहीं की। विश्वास, प्रतीति और रुचि नहीं होने के कारण उसने अपने निजी सेवको को बुलाकर कहा–"देवानुप्रियो ! जाओ और खाई के रास्ते मे पडने वाली कुम्हार की दुकान से नये घड़े तथा नया वस्त्र खरीदकर सुबुद्धि द्वारा बताई प्रणाली से खाई के जल को शुद्ध व स्वादिष्ट बनाओ।" सेवको ने राजाज्ञा का पालन किया और जल के शुद्ध व स्वादिष्ट होने पर राजा के पास ले आये।

राजा जितशत्रु ने वह श्रेष्ठ जल हथेली मे लिया और चखा। उसे स्वादिष्ट और आनन्ददायक पाकर राजा ने अमात्य सुबुद्धि को बुलाया और कहा–"सुबुद्धि तुमने ये सतादि भाव (वस्तु स्वभाव, पुद्गल परिवर्तन आदि का तत्त्वज्ञान) कहाँ से प्राप्त किया?"

सुबुद्धि ने उत्तर दिया–"स्वामी ! मुझे ये भाव जिनवचनों पर श्रद्धा से उपलब्ध हुए हैं।"

चित्र परिचय

THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

अशुद्ध जल श्रेष्ठ जल बना : पुद्गल परिणमन

चित्र ९

१. एक बार जब राजा भोजन कर रहा था तो मंत्री सुबुद्धि के सेवक ने वह सुगंधित जल परोसा। जल पीकर राजा ने पूछा–"इतना स्वादिष्ट, मधुर जल कहाँ से आया?" सेवक ने कहा–"सुबुद्धि मंत्री ने आपके लिये भेजा है।"

२. राजा ने मंत्री से पूछा–"इतना मधुर सुगंधित जल आपने कहाँ से मँगाया?" मंत्री ने उत्तर दिया–"यह उसी गंदे नाले का जल है?"

राजा के पूछने पर मंत्री ने जलशोधन की प्रक्रिया के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही मंत्री ने कहा–"अर्हत् दर्शन में यही कहा है–प्रत्येक पदार्थ का स्वभाव परिवर्तनशील है, अतः उनके शुभ-अशुभ परिणमन पर राग-द्वेष नहीं करना चाहिए।"

(बारहवाँ अध्ययन)

AN EXAMPLE OF THE TRANSFORMATION OF MATTER

ILLUSTRATION . 9

1. One day after his meals the king was served this purified water. When he drank that water he was surprised at the extremely satisfying taste and smell of the water. He asked the servant, "From where had he gotten the water?" He was informed that "the water was sent by minister Subuddhi."

2. The king asked him, "From where did you get such sweet water?" Subuddhi informed him that "the water was from that stinking ditch."

When the king gave him an enquiring look the minister explained in detail about the process of purification and added, "The Arhats have preached that transformation is the basic nature of all matter. Therefore attachment and aversion based on the appearance of things should be avoided."

(CHAPTER - 12)

DEMONSTRATION OF THE PROCESS

20. King Jitshatru did not believe a word of what Subuddhi said. Because of this lack of faith and belief he called his personal servants and instructed, "Beloved of gods! Go and buy pitchers and cloth from the shop on the road to the ditch and purify the water of that ditch by the process detailed by Subuddhi and make it potable." The servants did as told and when the water became pure and potable they brought it to the king.

The king took that water in his cupped palms and tasted When he found the water tasty and pleasant he called minister Subuddhi and said, "Subuddhi! From where did you acquire this knowledge of existent fundamental reality, truth, and other such concepts?"

Subuddhi replied, "Sire! I have acquired this knowledge due to my faith in the words of the Jina "

सूत्र २१ : तए णं जियसत्तू सुबुद्धिं एवं वयासी-'इच्छामि णं देवाणुप्पिया ! तव अंतिए जिणवयणं निसामेत्तए।'

तए णं सुबुद्धी जियसत्तुस्स विचित्तं केवलिपन्नत्त चाउज्जामं धम्मं परिकहेइ, तमाइक्खइ, जहा जीवा बज्झंति जाव पच अणुव्वयाइं।

सूत्र २१ . जितशत्रु ने सुबुद्धि से कहा-"देवानुप्रिय ! मै तुमसे जिनवचन (जिनभाषित तत्त्वज्ञान) सुनना चाहता हूँ।"

तब सुबुद्धि ने राजा जितशत्रु के सामने केवलज्ञानी द्वारा प्ररूपित चतुर्याम रूपी अद्भुत (अनूठे) धर्म का प्रवचन (विवेचन) दिया और बताया कि जीव कर्म-बन्धन कैसे करता है, पाँच अणुव्रत क्या हैं, आदि।

21. King Jitshatru said, "Beloved of gods! I want to hear from you about the words of the Jina "

Subuddhi then gave a discourse on the unique four faceted religion propagated by The Omniscient and explained how a being acquires the dust of karma, what are the five minor vows, and so on.

राजा श्रावक बना

सूत्र २२ : तए णं जियसत्तू सुबुद्धिस्स अंतिए धम्मं सोच्चा णिसम्म हट्ठतुट्ठ सुबुद्धिं अमच्च एवं वयासी-'सद्दहामि णं देवाणुप्पिया ! निग्गंथं पावयणं जाव से जहेयं तुब्भे वयह, तं इच्छामि णं तव अंतिए पंचाणुव्वइयं सत्त सिक्खावइयं जाव उवसंपज्जित्ता णं विहरित्तए।'

'अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।'

सूत्र २२ जितशत्रु राजा ने सुबुद्धि अमात्य का प्रवचन सुना व मन में धारण किया और प्रसन्न व संतुष्ट होकर बोला–"देवानुप्रिय ! मैं निर्ग्रन्थ भाषित धर्म पर श्रद्धा करने लगा हूँ। तुम जो कहते हो वह यथार्थ ही है। अतः मैं तुमसे पाँच अणुव्रत तथा सात शिक्षा व्रतों को ग्रहण करने की अभिलाषा करता हूँ।"

सुबुद्धि–"हे देवानुप्रिय ! जिसमे सुख मिले वही करो, उसमें (विलम्ब) बाधा मत दो।"

THE KING TURNS SHRAVAK

22. King Jitshatru attentively listened to the discourse of minister Subuddhi and absorbed its message He became happy and contented and said, "Beloved of gods! I now have faith on the word of the omniscient What you say is, indeed, true As such, now I desire to take the five minor and seven disciplinary vows under your guidance "

Subuddhi, "Beloved of gods! Do as you please without any delay "

सूत्र २३ : तए णं से जियसत्तू राया सुबुद्धिस्स अमच्चस्स अंतिए पचाणुव्वइय जाव दुवालसविहं सावयधम्मं पडिवज्जइ। तए ण जियसत्तू समणोवासए जाए अभिगयजीवाजीवे पडिलाभेमाणे विहरइ।

सूत्र २३ : राजा जितशत्रु ने अमात्य सुबुद्धि से पाँच अणुव्रत सहित बारह प्रकार का श्रावक धर्म अंगीकार किया। जितशत्रु श्रावक बन गया और जीव-अजीव आदि तत्त्वो का ज्ञाता हो गया। वह पौषध, श्रमण निर्ग्रन्थो को दानादि सुकृत करता हुआ जीवन बिताने लगा।

23. Under the guidance of Subuddhi, King Jitshatru accepted the said twelve vows of the Shravak Dharma He became a Shramanopasak with the knowledge of the fundamentals including soul and matter He started observing the partial-ascetic vow, serving ascetics, and doing other prescribed good deeds

सूत्र २४ : तेणं कालेणं तेणं समएणं थेरा जेणेव चंपा णयरी जेणेव पुण्णभद्दचेइए तेणेव समोसढे, जियसत्तू राया सुबुद्धी य निग्गच्छइ। सुबुद्धी धम्मं सोच्चा ज णवरं जियसत्तू आपुच्छामि जाव पव्वयामि। अहासुहं देवाणुप्पिया !

सूत्र २४ : काल के उस भाग मे चम्पानगरी के बाहर स्थित पूर्णभद्र चैत्य मे एक स्थविर मुनि पधारे। राजा जितशत्रु और अमात्य सुबुद्धि उनको वन्दना करने निकले। धर्मोपदेश सुनने के बाद सुबुद्धि ने स्थविरों से कहा–"मैं राजा जितशत्रु से आज्ञा ले लूँ तब दीक्षा लूँगा।" स्थविर मुनि ने उत्तर दिया–"जिसमें सुख मिले वही करो।"

24. During that period of time a great ascetic arrived in the Purnabhadra Chaitya outside Champa city. King Jitshatru and minister Subuddhi went to pay their homage to the ascetic. After the discourse Subuddhi said to the ascetic, "I would like to get initiated after seeking permission from King Jitshatru." The ascetic replied, "Do as you please without any delay."

सूत्र २५ : तए णं सुबुद्धी अमच्चे जेणेव जियसत्तू राया तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता एवं वयासी–'एवं खलु सामी ! मए थेराणं अंतिए धम्मे निसंते, से वि य धम्मे इच्छिए पडिच्छिए इच्छिय-पडिच्छिए तए णं अहं सामी ! संसारभउव्विग्गे, भीए जम्म-मरणाणं, इच्छामि णं तुब्भेहिं अब्भणुन्नाए समाणे जाव पव्वइत्तए।'

तए णं जियसत्तू राया सुबुद्धिं अमच्चं एवं वयासी–अच्छामु ताव देवाणुप्पिया! कइवयाइं वासाइं जाव भुंजमाणा तओ पच्छा एगयओ थेराणं अंतिए मुंडे भवित्ता जाव पव्वइस्सामो।

सूत्र २५ : सुबुद्धि अमात्य राजा जितशत्रु के पास गया और बोला–"स्वामी ! मैंने स्थविर मुनि का उपदेश सुना है और उस धर्म (आचरण) की इच्छा-आकाक्षा मन में उत्पन्न हुई है। हे स्वामी ! मै इस अनन्त ससार तथा जन्म-मरण की निरन्तरता के भय से उद्विग्न हो उठा हूँ। आपकी आज्ञा प्राप्त कर मै स्थविरो के पास दीक्षा लेना चाहता हूँ।"

राजा जितशत्रु ने उत्तर दिया–"देवानुप्रिय ! अभी कुछ वर्षों तक और भोगमय जीवन बिताते रहो, उसके बाद हम दोनो ही साथ-साथ मुण्डित हो स्थविरों के पास दीक्षा ले लेंगे।

25. Minister Subuddhi went to King Jitshatru and said, "Sire! I have listened to the discourse of the great ascetic and now I desire to follow the path elaborated by him Sire! I am disturbed by the fear of the perpetuity of the cycles of rebirth in this world After getting permission from you I want to get initiated by the great ascetic into the order"

King Jitshatru replied, "Beloved of gods! Continue your mundane life for a few more years After that we both shall shave our heads and get initiated together."

वैराग्योदय तथा प्रव्रज्या

सूत्र २६ : तए णं सुबुद्धी अमच्चे जियसत्तुस्स रण्णो एयमट्ठं पडिसुणेइ। तए णं तस्स जियसत्तुस्स रन्नो सुबुद्धिणा सद्धिं विपुलाइं माणुस्सगाइं भोगभोगाइं पच्चणुब्भवमाणस्स दुवालसवासाइं वीइक्कंताइं।

तेणं कालेणं तेणं समएणं थेरागमणं, तए णं जियसत्तू धम्मं सोच्चा एव जं नवरं देवाणुप्पिया ! सुबुद्धिं आमंतेमि, जेट्ठपुत्तं रज्जे ठवेमि, तए णं तुब्भं जाव पव्वयामि। 'अहासुहं देवाणुप्पिया !'

तए णं जियसत्तू राया जेणेव सए गिहे (तेणेव) उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सुबुद्धिं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी-'एवं खलु मए थेराणं जाव पव्वज्जामि, तुमं णं किं करेसि ?'

तए णं सुबुद्धी जियसत्तुं एवं वयासी-'जाव के अन्ने आहारे वा जाव पव्वयामि।'

सूत्र २६ : सुबुद्धि ने राजा जितशत्रु की यह आज्ञा स्वीकार कर ली। धीरे-धीरे दोनों को मनुष्योचित भोगोपभोग सहित जीवन बिताते बारह वर्ष बीत गये।

काल के उस भाग में वहाँ पुनः स्थविर मुनियों का आगमन हुआ। धर्मोपदेश सुनकर राजा जितशत्रु ने प्रतिबोध पाया और उसने कहा-"देवानुप्रिय ! मैं अमात्य सुबुद्धि को दीक्षा के लिए आमन्त्रित करूँगा और अपने ज्येष्ठ पुत्र को राज्य देकर आपके पास दीक्षा लूँगा।"

स्थविर मुनि ने उत्तर दिया-"देवानुप्रिय ! तुम्हे जिसमें सुख प्राप्त हो वही करो।"

जितशत्रु अपने घर लौटा और सुबुद्धि को बुलवा कर कहा-"मैंने स्थविर मुनि का उपदेश सुना है और दीक्षा की इच्छा रखता हूँ। तुम क्या करोगे ?" सुबुद्धि ने उत्तर दिया-"आपके अतिरिक्त मेरा कोई आधार नहीं है और फिर मै भी ससार के भय से उद्विग्न हूँ-अतः मै भी दीक्षा लूँगा।"

DETACHMENT AND INITIATION

26. Subuddhi accepted the proposal of King Jitshatru They both continued their normal mundane activities and, one after the other, twelve years passed

During that period of time once again the group of ascetics came After listening to the discourse king Jitshatru got inspired and said, "Beloved of gods! I shall invite minister Subuddhi to join me and get initiated This I will do after I crown my eldest son as the king "

The great ascetic replied, "Beloved of gods! Do as you please without any delay "

The king returned to his palace, called Subuddhi and said, "I have been to the discourse of the ascetic and want to get initiated What would you like to do?" Subuddhi replied, "I have no attachment besides you Also, I too am plagued by the fear of the cycles of rebirth As such, I would also like to get initiated."

सूत्र २७ : तं जइ णं देवाणुप्पिया ! जाव पव्वयह, गच्छह णं देवाणुप्पिया ! जेट्ठपुत्त च कुडुंबे ठावेहि, ठावेत्ता सीयं दुरुहित्ता णं ममं अंतिए जाव पाउब्भवेह। तए णं सुबुद्धी अमच्चे सीयं जाव पाउब्भवइ।

तए णं जियसत्तू कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी-'गच्छह णं तुब्भे देवाणुप्पिया ! अदीणसत्तुस्स कुमारस्स रायाभिसेयं उवट्ठवेह।' जाव अभिसिंचंति, जाव पव्वइए।

सूत्र २७ : जितशत्रु ने कहा–"देवानुप्रिय ! तुम्हें दीक्षा लेनी है तो पहले घर जाकर अपने बडे पुत्र को कुटुम्ब का मुखिया बनाओ और फिर पालकी पर बैठ कर मेरे पास लौट आओ।" सुबुद्धि राजा के कथनानुसार कार्य सम्पन्न कर लौट आया।

जितशत्रु राजा ने सेवकों को बुलाकर कहा–"देवानुप्रियो ! कुमार अदीनशत्रु के राज्याभिषेक की तैयारी करो।" सेवकों ने राजाज्ञा का पालन किया। राजा ने कुमार का राज्याभिषेक कर सुबुद्धि के साथ दीक्षा ग्रहण कर ली।

27. The king said, "Beloved of gods! If you want to get initiated first go home and make your eldest son the head of the family After that, ride a palanquin and return to me" Subuddhi followed the instructions and returned as told

King Jitshatru called his staff and instructed, "Beloved of gods! Make all necessary arrangements for the coronation of Prince Adeenshatru." The servants did as told After the coronation King Jitshatru got initiated along with minister Subuddhi

सूत्र २८ : तए ण जियसत्तू एक्कारस अंगाइ अहिज्जइ, बहूणि वासाणि परियायं पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए सिद्धे.

तए ण सुबुद्धी एक्कारस अगाइं अहिज्जइ, बहूणि वासाणि परियायं पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए सिद्धे।

सूत्र २८ · दीक्षा के बाद मुनि जितशत्रु तथा मुनि सुबुद्धि ने ग्यारह अंगों का अध्ययन किया और अनेक वर्षों तक मुनि जीवन बिताने के बाद एक महीने की सलेखना पालन कर सिद्धि प्राप्त की।

28. After the Diksha ascetics Jitshatru and Subuddhi studied the eleven canons and for many years followed the disciplined ascetic life In the end they observed the ultimate vow of one month duration and attained liberation

सूत्र २९. एवं खलु जंबू ! समणेणं भगवया महावीरेणं बारसमस्स णायज्झयणस्स अयमट्ठे पन्नत्ते, त्ति बेमि।

सूत्र २९ : हे जम्बू ! श्रमण भगवान महावीर ने बारहवें ज्ञाता अध्ययन का यह अर्थ कहा है। मैने ऐसा ही सुना है, ऐसा ही मै कहता हूँ।

29. Jambu! This is the text and the meaning of the twelfth chapter of the Jnata Sutra as told by Shraman Bhagavan Mahavir So I have heard, so I confirm.

॥ बारसमं अज्झयणं समत्तं ॥

॥ बारहवाँ अध्ययन समाप्त ॥

|| END OF THE TWELFTH CHAPTER ||

उपसंहार

ज्ञाता धर्मकथासूत्र की यह बारहवीं कथा पदार्थ के वास्तविक रूप का दिग्दर्शन कराती है तथा उस प्रणाली से परिचय कराती है जिससे वह वास्तविक रूप समझा जा सके। दुर्गन्धपूर्ण तथा स्वच्छ जल का उदाहरण प्रस्तुत कर एकान्तिक दृष्टिकोण की तुलना में अनेकान्तिक दृष्टिकोण की महत्ता को पुष्ट किया है। इन सभी बातो से पदार्थ का परिवर्तनशील स्वभाव सहज ही समझ में आता है और परिवर्तनशील पदार्थ की एक स्थिति के प्रति मोह जनित आग्रह को त्यागने की भूमिका बनती है। राग-द्वेष पर विजय पाने की दिशा मे यह आवश्यक चरण इस कथा से गहन चिन्तन या चर्चा के बिना सुगमता से बोधगम्य बन पड़ा है।

CONCLUSION

This twelfth story of Jnata Dharma Katha reveals the true nature of matter and the process by which that can be understood. Giving the example of polluted and pure water the importance of relativity of truth as compared to the singularity of truth has been emphasized All this makes the ever-changing nature of matter very easy to understand This paves way for emerging out of the prejudice caused by fondness for a particular state or form of matter To understand this essential step towards victory over attachment and aversion has been made so very simple with the help of this story that there is hardly any need for profound discussion or contemplation

उपनय गाथा

मिच्छत्तमोहियमणा पावपसत्ता वि पाणिणो विगुणा।
फरिहोदगं वा गुणिणो हवंति वरगुरुपसायाओ ॥१॥

जिनका मन मिथ्यात्व के कारण मूढ़ बना हुआ है, जो पापो मे अत्यन्त लिप्त है और गुणों से शून्य है वे प्राणी भी श्रेष्ठ गुरु का प्रसाद पाकर गुणवान बन जाते हैं, जैसे खाई का गन्दा पानी शुद्ध व श्रेष्ठ जल बन गया॥१॥

THE MESSAGE

Even he whose mind is numbed by illusion, and who is deeply involved in sinful activities, and devoid of virtues, is made virtuous by the blessings of an accomplished Guru, in the same way the polluted water of the ditch was made pure and good quality water (1)

परिशिष्ट

चातुर्याम धर्म–चार महाव्रत वाला धर्म। भगवान पार्श्वनाथ के समय मे चातुर्याम धर्म प्रचारित था। इसके अतर्गत चार महाव्रत थे–अहिसा, सत्य, अस्तेय तथा अपरिग्रह। इसमे परिग्रह के त्याग मे स्त्री व परिवार का त्याग स्वाभाविक रूप से सम्मिलित है। भगवान महावीर ने अपरिग्रह मे रही ब्रह्मचर्य सम्बन्धी अस्पष्टता को दूर करने के लिए ब्रह्मचर्य को पृथक् कर महाव्रत के रूप मे स्थापित किया। वह पचयाम धर्म या पचमहाव्रत वाला धर्म कहलाया। माना जाता है कि प्रथम एव अन्तिम तीर्थकर के समय पच महाव्रत धर्म का प्रचलन रहता है।

APPENDIX

Chaturyam Dharma—The four-fold Dharma During the period of the influence of Bhagavan Parshvanath this four fold Dharma was popular In it were four great vows—Ahimsa, truth, non-stealing, and non-possession Here non-possession naturally included not possessing a wife and family In order to clear the ambiguity about celibacy, Bhagavan Mahavir separated it from non-possession and included it as an independent great vow This new form became known as Panchayam or five fold Dharma, or the Dharma with five great vows It is believed that this five fold Dharma is prevalent during the periods of influence of the first and the last Tirthankar of a time cycle

■■

तेरहवाँ अध्ययन : मंडुक्क-दर्दुरज्ञात : आमुख

शीर्षक-मंडुक्क-ददुरे-दर्दुर-मेंढक। मेढक जैसे अल्पायु वाले छोटे से प्राणी के माध्यम से इस कथा में सुविधाओं के प्रति आकर्षण और आसक्ति के कारण आत्मिक अधःपतन का कारण स्पष्ट किया है। साथ ही निर्मल हृदय से दिशा परिवर्तन कैसे अल्पकाल मे ही कल्याणकारी हो जाता है यह समझाया है। मेंढक का उदाहरण होने से इस अध्ययन का नाम ही मडुक्क-दद्दुरे प्रसिद्ध है।

कथासार-श्रमण भगवान महावीर एक बार राजगृह पधारे थे। उस समय दर्दुर नाम के देव ने आकर उनकी भक्तिपूर्वक दैविक समृद्धि सहित वन्दना/उपासना की थी। तब गौतम स्वामी ने प्रश्न किया कि उस देव को ऐसी ऋद्धि कैसे प्राप्त हुई ?

भगवान ने बताया कि राजगृह नगर मे नद मणियार नाम का एक धनी रहता था। भगवान के पास धर्म सुनकर वह श्रमणोपासक बन गया था। किन्तु कालान्तर में साधु समागम छूट जाने के कारण वह धीरे-धीरे धर्म विमुख हो मिथ्यात्वी बन गया। एक बार गर्मी के मौसम मे वह पौषधशाला मे तेले का व्रत कर रहा था। उस समय प्यास से पीडित होने के कारण उसके मन मे एक सुन्दर मनोहर बावडी बनवाने का सकल्प उठा। व्रत समाप्त होने पर वह राजा श्रेणिक के पास गया और उनसे आज्ञा प्राप्त कर नगर के बाहर एक उचित स्थान पर एक सुन्दर बावडी बनवाई और उसके चारों ओर विविध सुविधाओ सहित चार उद्यान भी बनवाए। इन सुविधाओं का आनन्द लेते अनेक नागरिक नद की प्रशसा करते और वह आनन्दित होता।

एक बार नद को महारोगो ने घेर लिया। अनेक उपचारो के बाद भी वह स्वस्थ नही हो सका और अन्त मे उस बावडी मे आसक्ति लिए मृत्यु को प्राप्त हुआ। मृत्यु के बाद वह उसी बावडी मे मेढक के रूप मे उत्पन्न हुआ। वहाँ स्नान करते नागरिकों के मुँह से नद मणियार की प्रशसा सुनते-सुनते उसे लगा कि ये बातें उसने पहले भी कभी सुनी हैं। एकाग्र होने पर उसे जातिस्मरण ज्ञान उत्पन्न हो आया और पूर्व जन्म की सभी बाते याद आ गईं। उसे अहसास हुआ कि धर्म से विमुख हो जाने के कारण उसकी यह दशा हुई है। उसने तत्काल अपनी स्मृति के अनुरूप धर्म ग्रहण कर लिया और साथ ही बेले-बेले के तप का व्रत भी ले लिया।

उसी समय भगवान महावीर का राजगृह मे पुनरागमन हुआ। यह समाचार लोगो की चर्चा से जान नद मेढक भी भगवान के दर्शन करने के लिए बावडी से निकल राजमार्ग पर आ गया। वहाँ राजा श्रेणिक भी अपने प्रतिहारो सहित भगवान के दर्शन हेतु जा रहे थे। तभी नद मेढक पर एक घोडे की टाप पडी और उसकी आँते निकल आईं। अन्त समय निकट जान वह धीरे-धीरे एक ओर घिसट गया और वही भक्तिपूर्वक प्रभु का स्मरण करने लगा। अत समय में शुद्ध भावनाओ के कारण वह सौधर्म देवलोक मे ऋद्धि सम्पन्न दर्दुर देव के रूप में उत्पन्न हुआ। वहाँ से वह महाविदेह में जन्म लेकर मोक्ष प्राप्त करेगा।

THIRTEENTH CHAPTER : THE FROG : INTRODUCTION

Title—Mandukk—Daddure—Dardur—a frog With the example of a short lived creature like a frog this story sheds light on one of the causes of spiritual decline—the attraction for, and attachment to, mundane comforts The chapter gets its name from the example it uses-the frog

Gist of the story—Once Shraman Bhagavan Mahavir had come to Rajagriha At that time a god named Dardur had appeared before him with all his divine grandeur and paid his homage with devotion and reverence Gautam Swami then asked about how the god had earned all this divine grandeur?

Bhagavan said that a rich merchant named Nand Maniyar lived in Rajagriha After listening to the discourse of Shraman Bhagavan Mahavir he had become a Shramanopasak But later, due to lack of interaction with ascetics he slowly turned away from the religious life and lost his virtues Once during the summer season he was observing a three day fast in the Paushadhashala He suffered the pain of thirst and determined to construct a beautiful and attractive pond After concluding his fast he sought permission from King Shrenik and got a beautiful pond constructed at a suitable place outside the town On the four sides of this pond he also created four facilities with gardens for public utility. Many citizens, after enjoying these facilities and the pond, praised Nand who enjoyed and took pride in it

Once Nand was plagued by fatal diseases Even after all efforts at treatment he could not gain his health He died taking his infatuation for the pond with him He reincarnated as a frog in the very same pond There he heard the praise of Nand Maniyar from the citizens bathing in the pond and felt as if he had heard these words earlier also He concentrated to refresh his memory and this effort resulted in his acquiring Jatismaran Jnana He realized that abandoning the path of religion had brought him to his present repugnant state He immediately resolved to follow the religious path according to his refreshed memory and took a vow of a series of two day fasts

Shraman Bhagavan Mahavir once again arrived in Rajagriha Nand frog also heard about his arrival from people visiting the pond In order to behold the Tirthankar, Nand frog also came out of the pond and on to the highway At that time King Shrenik was also going with his guards to pay homage to Shraman Bhagavan Mahavir The frog was hit by the hoof of a horse and its entrails were exposed Realizing that its end was near the frog dragged itself on one side and started worship of Bhagavan Mahavir. As it breathed its last with purity of feelings and thoughts it reincarnated as a powerful god in the Saudharm dimension From there he will re-incarnate in the Mahavideh area and attain liberation

■■

तेरसमं अज्झयणं : मंडुक्क दद्दुरणायं

तेरहवाँ अध्ययन : मंडूक दर्दुरज्ञात

THIRTEENTH CHAPTER : MANDUKK DADDURE - THE FROG

सूत्र १ : जइ णं भंते ! समणेणं भगवया महावीरेणं बारसमस्स णायज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते, तेरसमस्स णं भंते ! णायज्झयणस्स के अट्ठे पण्णत्ते?

सूत्र १ : जम्बू स्वामी ने पूछा–"भन्ते जब श्रमण भगवान महावीर ने बारहवे ज्ञाता अध्ययन का पूर्वोक्त अर्थ बताया है, तब तेरहवे अध्ययन का क्या अर्थ कहा है ?

1. Jambu Swami inquired, "Bhante! What is the meaning of the thirteenth chapter according to Shraman Bhagavan Mahavir?"

सूत्र २ : एवं खलु जंबू ! तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे णामं णयरे होत्था। तत्थ णं रायगिहे णयरे सेणिए णाम राया होत्था। तस्स णं रायगिहस्स बहिया उत्तरपुरच्छिमे दिसीभाए एत्थ णं गुणसिलए नामं चेइए होत्था।

सूत्र २ : सुधर्मा स्वामी ने उत्तर दिया–हे जम्बू ! काल के उस भाग मे राजगृह नाम का एक नगर था, जहाँ श्रेणिक राजा का राज्य था। राजगृह के बाहर उत्तर-पूर्व दिशा मे गुणशील नाम का एक चैत्य था।

2. Jambu! During that period of time there was a city named Rajagriha King Shrenik ruled over that city Outside the city in the north-eastern direction there was a Chaitya named Gunasheel Chaitya

सूत्र ३ : तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे चउदसहिं समणसाहस्सीहिं जाव सद्धिं संपरिवुडे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे, गामाणुगामं दूइज्जमाणे, सुहंसुहेण विहरमाणे जेणेव रायगिहे णयरे, जेणेव गुणसिलए चेइए तेणेव समोसढे। अहापडिरूवं उग्गहं गिण्हित्ता संजमेण तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ। परिसा निग्गया।

सूत्र ३ : काल के उस भाग में श्रमण भगवान महावीर चौदह हजार साधुओं आदि सहित एक गाँव से दूसरे गाँव मे अनुक्रम से विचरते, सुखपूर्वक विहार करते हुए राजगृह के गुणशील चैत्य मे पधारे। यथायोग्य स्थान की याचना कर वे संयम और तप के अभ्यास मे सलग्न हो समय बिताने लगे। उनके वन्दनादि के लिए नागरिकों की परिषद् निकली।

3. During that period of time, going from one village to another comfortably, Shraman Bhagavan Mahavir with fourteen thousand ascetic

चित्र परिचय
THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

दर्दुरदेव का ऋद्धि-प्रदर्शन

चित्र १0

एक बार भगवान महावीर राजगृह के गुणशीलक उद्यान में पधारे। तब सौधर्मकल्प के दर्दुर नामक देव ने भगवान की वन्दना करके अपनी अद्भुत ऋद्धि का प्रदर्शन किया। जैसे--दाहिनी भुजा पसारकर एक साथ सुसज्जित एक सौ आठ देवकुमार प्रकट किये। फिर बायीं भुजा पसारी तो उससे सुसज्जित १०८ देव कुमारियाँ निकलीं। फिर ईहामृग, कुंजर-वृषभ शशक आदि विविध रूपधारी ४९ प्रकार के वाद्य वादकों की विकुर्वणा की और नाना प्रकार की मुद्राएँ बनाकर अद्भुत विचित्र नाट्यकला का प्रदर्शन किया।

गणधर गौतम स्वामी द्वारा पूछने पर भगवान ने दर्दुरदेव का पूर्वभव वृत्तान्त सुनाया।

(तेरहवाँ अध्ययन)

DISPLAY OF THE GRANDEUR OF GOD DARDUR

ILLUSTRATION . 10

Once Shraman Bhagavan Mahavir had come to Rajagriha At that time a god named Dardur belonging to Saudharmakalp appeared before him with all his divine grandeur to pay him homage After doing this he displayed his astonishing divine powers before Bhagavan Mahavir He extended his right arm and 108 divine male dancers materialized He extended his left arm and 108 divine female dancers materialized Then he created 49 musicians in the forms of Ihamrig, bull, rabbit, etc with a variety of musical instruments

All these gave a spell-binding dance performance

(CHAPTER - 13)

disciples and others arrived in the Gunasheel Chaitya Formally asking for a place of stay, he commenced his practices of inner discipline and penance A delegation of citizens came to attend his discourse.

देव का आगमन

सूत्र ४ : तेणं कालेणं तेणं समएणं सोहम्मे कप्पे दद्दुरवडिसए विमाणे सभाए सुहम्माए दद्दुरंसि सीहासणंसि दद्दुरे देवे चउहिं सामाणियसाहस्सीहिं, चउहिं अग्गमहिसीहिं, तिहिं परिसाहिं एवं जहा सूरियाभो जाव दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणो विहरइ। इमं च णं केवलकप्पं जंबुद्दीवं दीवं विपुलेण ओहिणा आभोएमाणे आभोएमाणे जाव नट्टविहिं उवदंसित्ता पडिगए जहा सूरियाभे।

सूत्र ४ . काल के उस भाग में सौधर्मकल्प मे दर्दुरावतसक, विमान की सुधर्मा सभा में दर्दुर नामक सिहासन पर दर्दुर नामक देव अपने चार हजार सामानिक देवों, चार मुख्य रानियों और तीन प्रकार की परिषदो के साथ सूर्याभ देव के समान दिव्य भोगोपभोगों का आनन्द लेता हुआ समय व्यतीत कर रहा था। उसने अपने विपुल अवधिज्ञान से जंबूद्वीप को देखा और फिर राजगृह नगर के गुणशील उद्यान मे भगवान महावीर को देखा। वह अपने परिवार सहित भगवान के पास आया और सूर्याभ देव के समान नृत्यादि का प्रदर्शन कर वापस लौट गया।[1]

ARRIVAL OF DEV

4. During that period of time a god named Dardur was sitting on a throne named Dardur in the Sudharma assembly of the Darduravatansak space vehicle in the Saudharm Kalp (a dimension of gods) Surrounded by four thousand vehicle-based gods, four queens, and three types of assemblies he was enjoying the divine pleasures like the Suryaabh god (for the details about the Suryaabh god and his activities see Raipaseniya Sutra) With his all-enveloping Avadhi Jnana he first saw the Jambu continent and then Shraman Bhagavan Mahavir in the Gunasheel Chaitya in Rajagriha city He descended and came near Shraman Bhagavan Mahavir He performed divine dance and other acts like the Suryaabh god and returned back

गौतम स्वामी की जिज्ञासा

सूत्र ५ : 'भंते' त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदइ, नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–'अहो णं भंते ! दद्दुरे देवे महिड्ढिए महज्जुइए महब्बले महायसे महासोक्खे महाणुभागे,

---

१ विस्तृत वर्णन के लिए देखिए, रायपसेणियसूत्र मे सूर्याभवर्णन।

दद्दुरस्स णं भंते ! देवस्स सा दिव्वा देविड्ढी दिव्वा देवजुई दिव्वे देवाणुभावे कहिं गया? कहिं अणुपविट्ठा?'

'गोयमा ! सरीरं गया, सरीरं अणुपविट्ठा कूडागारदिट्ठंतो।'

सूत्र ५ : गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान महावीर को यथाविधि वन्दना नमस्कार करके पूछा– "भंते ! दर्दुर देव महान ऋद्धि, महान द्युति, महान् बल, महान् यश, महान् सुख तथा महान् प्रभाव के स्वामी हैं। तो हे भते ! उनकी वह समस्त दिव्य देवऋद्धि कहाँ चली गई ? कहाँ समा गई ?"

"गौतम ! वह देवऋद्धि शरीर मे गई, शरीर में समा गई, कूटागार के दृष्टान्त के समान।"[1]

GAUTAM SWAMI'S QUERY

5. After the formal obeisance to Shraman Bhagavan Mahavir Gautam Swami asked, "Bhante! The Dardur god has great wealth, great splendour, great power, great fame, great happiness, and great influence at his command Then where did all these divine virtues go? Where did they vanish?"

"Gautam! All the divine virtues went in his body, vanished into his body like the incident of Kutagar (camouflaged building) "

सूत्र ६ : दद्दुरेण भते ! देवेण सा दिव्वा देविड्ढी किण्णा लद्धा जाव अभिसमन्नागया?

सूत्र ६ : "भते ! दर्दुर देव ने वह दिव्य देवऋद्धि किस प्रकार प्राप्त की ? वह कैसे उसके समक्ष आई ?"

6. "Bhante! How did Dardur god acquire those virtues? How did he come across them?"

सूत्र ७ : 'एवं खलु गोयमा ! इहेव जबुद्दीवे दीवे भारहेवासे रायगिहे नामं नयरे होत्था, गुणसीलए चेइए, तस्स णं रायगिहस्स सेणिए नामं राया होत्था। तत्थ णं रायगिहे णदे णामं मणियारसेट्ठी परिवसइ। अड्ढे दित्ते जाव अपरिभूए।'

सूत्र ७ : गौतम ! इस जबूद्वीप के भरतक्षेत्र मे राजगृह नाम का नगर था जहाँ गुणशील नाम का चैत्य था और श्रेणिक राजा का राज्य था। वहाँ नन्द नाम का एक मणिकार (स्वर्ण आभूषण बनाने वाला) सेठ रहता था। वह तेजस्वी और समृद्धि आदि मे किसी से पराभूत होने वाला नहीं था।

7. Jambu! In the Bharat area of the Jambu continent there was a city named Rajagriha King Shrenik ruled over that city Outside the city in the

१. कूटागार के लिए अध्याय के अंत मे परिशिष्ट देखें

north-eastern direction there was a Chaitya named Gunasheel Chaitya. In the city lived an ornament manufacturer named Nand Manikaar He was illustrious and second to none in affluence

सूत्र ८ : तेणं कालेणं तेणं समएणं अहं गोयमा समोसढे, परिसा निग्गया, सेणिए वि राया निग्गए। तए णंदे से णं मणियारसेट्ठी इमीसे कहाए लद्धट्ठे समाणे ण्हाए पायचारेणं जाव पज्जुवासइ, णदे धम्मं सोच्चा समणोवासए जाए। तए णं अहं रायगिहाओ पडिणिक्खंते बहिया जणवय-विहारं विहरामि।

सूत्र ८ · हे गौतम ! काल के उस भाग में मैं गुणशील चैत्य में आया। वहाँ श्रेणिक राजा सहित नागिरको की परिषद् प्रवचन सुनने निकली। यह सूचना मिलने पर नन्द मणिकार स्नानादि से निवृत्त हो पैदल चलकर आया और उपासना करने लगा। उपदेश सुनकर नन्द श्रमणोपासक बन गया। फिर मैं राजगृह से प्रस्थान कर बाहरी जनपदो मे विहार करने लगा।

8. Gautam! During that period of time I came to the Gunasheel Chaitya. A delegation of citizens lead by king Shrenik came to attend my discourse. On getting this news Nand Manikaar also took his bath, got ready, walked to the religious assembly, and commenced my worship After the discourse he became a Shramanopasak Later I left Rajagriha and resumed my itinerant life

सूत्र ९ : तए ण से णदे मणियारसेट्ठी अन्नया कयाई असाहुदंसणेण य अपज्जुवासणाए य अणणुसासणाए य असुस्सूसणाए य सम्मत्तपज्जवेहिं परिहायमाणेहिं परिहायमाणेहिं मिच्छत्तपज्जवेहि परिवड्ढमाणेहिं परिवड्ढमाणेहिं मिच्छत्तं विप्पडिवन्ने जाए यावि होत्था।

सूत्र ९ नन्द मणिकार को उसके बाद साधुओ के दर्शनो का अवसर प्राप्त नहीं हुआ। इससे उपासना और उपदेश का अभाव हो गया और धीरे-धीरे उपदेश सुनने की इच्छा भी समाप्त हो गई। फलस्वरूप उसके भीतर रहे सम्यक्त्व के गुण धीरे-धीरे क्षीण हो गये और मिथ्यात्व बढ़ने लगा। अन्तत वह पूर्ण मिथ्यात्वी हो गया।

9. After that Nand Manikaar did not get any opportunity to meet ascetics. This resulted in lack of worship as well as attending discourses. Slowly the desire for the same also dulled Consequently righteousness started fading and falsehood started becoming prominent At last he became completely fallacious

नन्द की कामना

सूत्र १० : तए णं णदे मणियारसेट्ठी अन्नया गिम्हकालसमयंसि जेट्ठामूलंसि मासंसि अट्ठमभत्तं परिगेण्हइ, परिगेण्हित्ता पोसहसालाए जाव विहरइ।

तए णं णंदस्स अट्ठमभत्तंसि परिणममाणंसि तण्हाए छुहाए य अभिभूयस्स समाणस्स इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था-'धन्ना णं ते जाव ईसरपभियओ जेसिं णं रायगिहस्स बहिया बहूओ वावीओ पोक्खरणीओ जाव सरसरपंतियाओ जत्थ ण बहुजणो ण्हाइ य पियइ य पाणियं च संवहति। तं सेयं खलु ममं कल्लं पाउप्पभायाए सेणिय रायं आपुच्छित्ता रायगिहस्स नयरस्स बहिया उत्तरपुरच्छिमे दिसीभाए वेभारपव्वयस्स अदूरसामंते वत्थुपाढगरोइयंसि भूमिभागंसि नदं पोक्खरिणि खणावेत्तए' त्ति कट्टु एवं संपेहेइ।

सूत्र १0 . एक बार गर्मी के मौसम में ज्येष्ठ महीने मे नन्द मणिकार सेठ ने अष्टम भक्त-तेले का तप किया और पौषधशाला मे जाकर नियमपूर्वक रहा।

जब तीन दिन के उपवास का तप पूर्ण होने को था तब भूख और प्यास की पीडा से क्षुब्ध उसके मन मे विचार उठा-"वे राजकुमार, श्रेष्ठी आदि धन्य हैं जिनके पास राजगृह नगर के बाहर अनेक बावडियॉ, पुष्करणियॉ, सरोवरो की पक्तियाँ आदि है, जिनमें अनेक लोग स्नान करते है, जल पीते है और जल भरकर ले जाते हैं। मै भी कल प्रात.काल श्रेणिक राजा की आज्ञा लेकर राजगृह नगर के बाहर उत्तरपूर्व दिशा मे वैभार पर्वत के निकट वास्तु शास्त्र के जानकारो की सम्मति के अनुसार नंदा पुष्करिणी खुदवाऊँ तो अच्छा होगा।"

NAND'S WISH

10. Once durıng the month of Jyeshth ın the summer season Nand Manıkaar observed a three day fast as part of a penance and went to lıve as a partıal ascetıc ın the Paushadh Shala (abode meant for ascetıcs)

On the thırd day when the practıce was ın ıts last lap he was tormented by thırst and hunger and thought, "Blessed are those prınces, merchants, and others who own many ponds, pools, streams and other such places where people take theır bath, drınk water, and collect water to take home. It would be commendable for me ıf tomorrow mornıng I also seek permıssıon from kıng Shrenık and dıg a lake ın the north eastern dırectıon of Rajagrıha near the Vıbhargirı mountaın under the guıdance of able archıtects "

सूत्र ११ एवं सपेहित्ता कल्ल पाउप्पभायाए जाव पोसहं पारेइ, पारित्ता ण्हाए कयबलिकम्मे मित्तणाइ जाव सपरिवुडे महत्थ जाव पाहुडं गेण्हइ, गेण्हित्ता जेणेव सेणिए राया तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता जाव पाहुडं उवट्ठवेइ, उवट्ठवित्ता एव वयासी-'इच्छामि ण सामी ! तुब्भेहिं अब्भणुन्नाए समाणे रायगिहस्स बहिया जाव खणावेत्तए।'

'अहासुहं देवाणुप्पिया।'

सूत्र ११ : दूसरे दिन सूर्योदय के बाद उसने पौषध पारा (यथाविधि संपूर्ण किया) और स्नान, बलिकर्म आदि कर मित्रों व स्वजनों को साथ लेकर राजा के योग्य बहुमूल्य उपहारों सहित श्रेणिक राजा के पास गया। राजा को उपहार भेट कर उसने निवेदन किया-"स्वामी ! आपकी अनुमति प्राप्त कर मै राजगृह नगर के बाहर एक पुष्करिणी खुदवाना चाहता हूँ।"

राजा ने उत्तर दिया-"जिसमें तुम्हे सुख मिले वह करो।"

11. Next morning he ritually concluded his penance and, after taking his bath and getting ready, made arrangements to visit the king. He took along some of his friends and relatives, collected some rich gifts suitable for the king and came to the palace After offering the gifts he submitted, "Sire! If you grant me permission I want to construct a large pool outside the city."

The king replied, "Do as you please "

पुष्करिणी निर्माण

सूत्र १२ : तए ण णंदे सेणिएणं रण्णा अब्भणुण्णो समाणए हट्ठ-तुट्ठ रायगिहं मज्झंमज्झेण निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता वत्थुपाढयरोइयंसि भूमिभागंसि णंदं पोक्खरिणिं खणाविउं पयत्ते यावि होत्था।

तए णं सा णदा पोक्खरिणी अणुपुव्वेण खणमाणा खणमाणा पोक्खरिणी जाया यावि होत्था चाउक्कोणा, समतीरा, अणुपुव्वसुजाय-वप्पसीयलजला, संछण्णपत्त-विस-मुणाला बहुप्पल-पउम-कुमुद-नलिणी-सुभग-सोगंधिय-पुंडरीय-महापुंडरीय-सयपत्त-सहस्सपत्त-पफुल्लकेसरोववेय परिहत्थ-भमत-मत्तछप्पय-अणेग-सउणगण-मिहुण-वियरिय-सद्दुन्नइय-महुर-सरनाइया पासाईया दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा।

सूत्र १२ : श्रेणिक राजा से आज्ञा प्राप्तकर नन्द मणिकार प्रसन्न व संतुष्ट हुआ। राजगृह नगर के मध्य से होता हुआ वास्तुकारों द्वारा चुने स्थल पर आया और पुष्करिणी की खुदाई का काम आरम्भ करवा दिया।

धीरे-धीरे नंदा नाम की वह पुष्करिणी क्रमानुसार समचतुष्कोण अथवा वर्गाकार हो गई। उसके चारों ओर परकोटा बन गया। वह शीतल जल से भर गई। उसका जल पत्तों, तंतुओं और मृणालों से आच्छादित हो गया। विकसित उत्पल, कमल, पद्म (सूर्य विकासी), कुमुद (चन्द्र विकासी), नलिनी, सुभग, सौगधिक, पुण्डरीक (श्वेत कमल), महापुण्डरीक, शतपत्र और सहस्रपत्र आदि अनेक जाति के कमल-पुष्पों तथा उनकी केसर से वह शोभित हो गई। परिहत्थ नाम के जल-जन्तुओं, उड़ते हुए मदमत्त भँवरों और अनेक पक्षी-युगलों के उच्च व मधुर स्वर से वह गूँजने लगी। वह पुष्करिणी सबके चित्त को प्रसन्न करने वाली दर्शनीय, अभिरूप और प्रतिरूप हो गई।

CONSTRUCTION OF THE POOL

12. Nand Manikaar was pleased and contented to get permission from the king Passing through the city he went to the location selected by the architects and launched the project

With passage of time the large pool that was named Nand took a square shape A boundary wall was erected around it It was filled with cool water The water surface got covered with leaves, creepers and plankton Numerous species of lotus and their pollen enhanced its beauty, some of the species being—Utpal, Kamal, Padma, Kumud, Nalini, Subhag, Saugandhik, Pundareek, Mahapundareek, Shatpatra, and Sahasrapatra It was filled with echoes of loud but appealing sounds of Parihatth (a marine animal), flying bumble-bees, and a variety of birds That pool became enchanting, pleasant, exquisite, and ideal for all

सूत्र १३ . तए णं से णदे मणियारसेट्ठी णदाए पोक्खरिणीए चउद्दिसि चत्तारि वणसंडं रोवावेइ। तए ण ते वणसंडा अणुपुव्वेण सारक्खिज्जमाणा य संगोविज्जमाणा य सवड्ढियमाणा य वणसंडा जाया-किण्हा जाव निकुरंबभूया पत्तिया पुप्फिया जाव उवसोभेमाणा उवसोभेमाणा चिट्ठंति।

सूत्र १३ : नन्द मणिकार ने इसके बाद नदा पुष्करिणी के चारो ओर चार वनखण्ड (बगीचे) लगवाये। उनकी भली प्रकार सुरक्षा, सँभाल तथा सवृद्धि के प्रबन्ध करने से वे वनखण्ड सघन हो गये। वे पत्तों, फूलो आदि से अत्यन्त शोभायमान हो गये।

13. Once this was done Nand Manikaar planted four gardens on all the four sides of the Nanda pool With adequate protection, care, and nurturing, these gardens became lush green With abundant foliage, flowers, etc they became very beautiful

चित्र-सभा

सूत्र १४ तए णं ते मणियारसेट्ठी पुरच्छिमिल्ले वणसंडे एग मह चित्तसभ कारावेइ, अणेगखंभसयसंनिविट्ठं पासादीय अभिरूव पडिरूव। तत्थ णं बहूणि किण्हाणि य जाव सुक्किल्लाणि य कट्ठकम्माणि य पोत्थकम्माणि य चित्तकम्माणि य लिप्पकम्माणि य गंथिम-वेढिम-पूरिम-सघाइमाइ उवदसिज्जमाणाइं उवदंसिज्जमाणाइ चिट्ठंति।

सूत्र १४ : नन्द मणिकार ने पूर्व दिशा वाले वनखण्ड मे एक विशाल चित्रसभा बनवाई। उसमे सैंकड़ो खम्भे थे और वह प्रसन्नतादायक, दर्शनीय आदि (सू १२ के समान) थी। उसमे अनेक कृष्ण, नील, रक्त, शुक्ल आदि रगो से पुती-काठ की सजावट, वस्त्रों की सजावट, चित्रों की सजावट,

चित्र परिचय
THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

नन्दन मणिकार द्वारा पुष्करिणी निर्माण

चित्र ११

१ राजगृह निवासी नन्दन मणिकार के मन मे एक बार एक सुन्दर पुष्करिणी (बावडी) बनाने का संकल्प उठा। विविध प्रकार के उपहार लेकर नन्दन राजा श्रेणिक की सभा मे उपस्थित हुआ और कहा-"महाराज ! मुझे नगर मे एक सुन्दर पुष्करिणी बनाने की अनुमति प्रदान करे।"

२ राजा की अनुमति मिलने पर नन्दन ने एक अतीव विशाल समचतुष्कोण पुष्करिणी बनवाई। पुष्करिणी के चारो कोनो पर चार सुन्दर वनखण्ड बनवाये। जैसे-पूर्व दिशा के वनखण्ड मे चित्रसभा दक्षिण दिशा के वनखण्ड मे विशाल भोजनशाला, पश्चिम दिशा मे चिकित्साशाला और उत्तर दिशा मे अलंकारशाला। सैकडो, हजारो नागरिक व यात्री वहाँ आकर ठहरते थे।

(तेरहवाँ अध्ययन)

THE CONSTRUCTION OF A POOL BY NAND MANIKAR

ILLUSTRATION . 11

1 A rich merchant named Nand Maniyar lived in Rajagriha One day he desired to construct a beautiful and attractive pool He went with rich gifts and sought permission from King Shrenik, 'Sire! Please grant me permission to construct a beautiful pool outside the town "

2 After getting permission from the king Nand got a beautiful square pond constructed On the four sides of this pond he also created four gardens with facilities an art gallery in the east, a restaurant in the south a hospital in the west, and a beauty parlour in the north Thousands of citizens and travellers came and enjoyed all facilities

(CHAPTER - 13)

मिट्टी की सजावट, गुंथाई की सजावट, फूलों के गुच्छों की सजावट, धातु-प्रतिमाओं की सजावट तथा मिश्रित सजावट वाली कलाकृतियाँ थी। यह सब कलाकृतियों इतनी मनोरम थीं कि लोग उन्हें एक दूसरे को दिखा-दिखा कर चर्चा कर रहे थे।

HALL OF ENTERTAINMENT

14. Nand Manıkaar constructed a large recreatıon facilıty ın the eastern garden. It had hundreds of pıllars and was pleasıng, attractıve, exquısıte, and ıdeal It was richly decorated wıth works of art ın wood, cloth, canvas, clay, thread, flowers, metal, and composıte mediums using full spectrum of colours These pıeces of art were so attractıve that the vısitors poınted at them and talked about them

सूत्र १५ · तत्थ णं बहूणि आसणाणि य सयणीयाणि य अत्थुयपच्चत्थुयाइं चिट्ठंति। तत्थ णं बहवे नडा य णट्टा य जाव दिन्नभइभत्तवेयणा तालायरकम्मं करेमाणा विहरंति। रायगिहविणिग्गओ एत्थ बहू जणो तेसु पुव्वन्नत्थेसु आसणसयणेसु संन्निसन्नो सतुयट्टोय सुणमाणो य पेच्छमाणो य साहेमाणो य सुहंसुहेणं विहरइ।

सूत्र १५ · वहाँ पर बैठने सोने के लिए बहुत से आसन और शैय्याएँ सदा बिछे रहते थे। वहाँ अनेक नट-नर्तक विदूषक, गायक आदि कलाकार आजीविका, (भोजन) भत्ता और वेतन पर नियु.. थे। वे अपनी कलाओ का प्रदर्शन कर दर्शको का मनोरजन किया करते थे। राजगृह से बाहर सैर के लिए निकले अनेक लोग वहाँ पर आकर आसन और शैय्या ग्रहण कर कथा-वार्त्ता सुनते थे और नाटक आदि देखते थे। वे सब वहाँ की शोभा का आनन्द लेते हुए अपना मनोरंजन करते थे।

15. There was an elaborate seatıng arrangement wıth chaırs and beds for relaxıng A wıde range of performıng artısts lıke gymnasts, dancers, clowns, sıngers, etc were appoınted on remuneratıon, food, or salary These artısts entertaıned the vısitors all the tıme wıth theır performances People going out of Rajagrıha for excursıon came here, chose comfortable seats, and enjoyed these performances The exquısıte beauty of that place added to theır entertaınment.

सूत्र १६ · तए णं णदे मणियारसेट्ठी दाहिणिल्ले वणसंडे एगं महं महाणससालं कारावेइ, अणेगखंभसयसन्निविट्ठं जाव पडिरूवं। तत्थ ण बहवे पुरिसा दिन्नभइ-भत्त-वेयणा विपुलं असणं-पाणं खाइमं साइमं उवक्खडेंति, बहूणं समण-माहण-अतिहि-वणीमगाणं परिभाएमाणा परिभाएमाणा विहरंति।

सूत्र १६ नन्द मणिकार ने दक्षिण दिशा वाले उद्यान (वनखण्ड) में एक विशाल भोजनशाला बनवाई। उसमे भी सैकडो खम्भे थे और वह सुन्दर प्रसन्नतादायक आदि थी। वहाँ भी अनेक कर्मचारी आजीविका भत्ता, वेतन आदि पर रखे गये थे। वे विपुल अशन-पानादि सामग्री पकाते थे और अनेक श्रमणो, ब्राह्मणो, अतिथियों, दरिद्रो और भिखारियों को देते रहते थे।

16. In the southern garden Nand Manikaar constructed a large restaurant This also had hundreds of pillars and was pleasing, attractive, exquisite, and ideal There too, a wide range of workers were employed They cooked large quantities of savoury food and served it to numerous Shramans, Brahmans, guests and even the destitute and beggars

चिकित्साशाला

सूत्र १७ . तए ण णंदे मणियारसेट्ठी पच्चत्थिमिल्ले वणसंडे एगं महं तेगिच्छियसाल कारेइ, अणेगखंभसयसन्निविट्ठं जाव पडिरूवं। तत्थ ण बहवे वेज्जा य, वेज्जपुत्ता य, जाणुया य, जाणुय-पुत्ता य, कुसला य कुसलपुत्ता य, दिन्नभइ-भत्त-वेयणा बहूण वाहियाणं, गिलाणाण य, रोगियाण य, दुब्बलाण य, तेइच्छं करेमाणा विहरंति। अण्णे य एत्थ बहवे पुरिसा दिन्नभइ-भत्त-वेयणा तेसि बहूण वाहियाण य रोगियाण य, गिलाणाण य, दुब्बलाण य ओसह-भेसज्ज-भत्त-पाणेणं पडियारकम्म करेमाणा विहरंति।

सूत्र १७ पश्चिम दिशा के वनखण्ड मे नन्द मणिकार ने एक विशाल चिकित्साशाला बनवाई। उसका निर्माण भी पूर्व दो की भाँति सुन्दर हुआ था। (सू १४)। यहाँ अनेक चिकित्सक वेतनादि पर नियुक्त किये गये थे–यथा–वैद्य, वैद्यपुत्र (आयुर्वेद स्नातक), ज्ञायक, ज्ञायकपुत्र (स्व-अनुभव के आधार पर चिकित्सा करने वाले), तथा कुशल, कुशलपुत्र (अपने तर्क के आधार पर चिकित्सा करने वाले)। वे अनेक चित्त-भ्रमित, पाण्डु रोगी तथा दुर्बल व्यक्तियो की चिकित्सा करते रहते थे। चिकित्साशाला मे अन्य अनेक कर्मचारी भी रखे गये थे जो रोगियो के लिए औषध, भेषज, भोजन, पानी आदि की व्यवस्था कर उनकी सुश्रूषा किया करते थे।

THE HOSPITAL

17. Nand Manikaar constructed a large hospital in the western garden This was also as beautifully constructed as the other two (as para 14) Many healers were appointed in this hospital, these included senior and junior Vaidyas (qualified Ayurvedic doctors), senior and junior Jnayaks (those who learned and practiced the art of healing through their own experience), and senior and junior Kushals (those who practiced the art of healing purely on the basis of logical deductions) They treated many a patient including mentally sick, anaemic and weak patients There were other nursing,

cleaning and cooking staff as well as pharmacists, chemists and other helpers employed in the hospital to look after all the needs of the patients

सूत्र १८ : तए णं णंदे मणियारसेट्ठी उत्तरिल्ले वणसंडे एगं महं अलंकारियसभं कारेइ, अणेगखंभसयसन्निविट्ठं जाव पडिरूवं। तत्थ णं बहवे अलंकारियपुरिसा दिन्नभइ-भत्त-वेयणा बहूणं समणाण य, अणाहाण य, गिलाणाण य, रोगियाण य, दुब्बलाण य अलंकारियकम्मं करेमाणा करेमाणा विहरंति।

सूत्र १८ ' अन्त में नन्द मणिकार ने उत्तर दिशा के वनखण्ड में एक विशाल अलंकार (शरीर की शोभा बढ़ाने का कार्य, आज की भाषा में ब्यूटीपार्लर) सभा बनवाई। इसका निर्माण भी पूर्व वर्णित रूप से हुआ था (सू. १४)। उसमें अनेक अलकारिक पुरुष (शरीर का शृंगार आदि कार्य करने वाले) वेतनादि पर नियुक्त किये गये थे। वे सभी प्रकार के रोगी, दुर्बल, अनाथ आदि अतिथियों का अलकारकर्म करते थे।

18. In the end, Nand Manikaar constructed a huge beauty parlour in the northern garden This was also beautifully constructed as the earlier ones. Many expert beauticians were employed there They provided all the required services to the guests, patients, as well as the poor and needy ones.

सूत्र १९ तए णं तीए णंदाए पोक्खरिणीए बहवे सणाहा य, अणाहा य, पंथिया य, पहिया य, करोडिया य, कारिया य, तणाहारा य, पत्ताहारा य, कट्ठाहारा य अप्पेगइया ण्हायंति, अप्पेगइया पाणियं पियंति, अप्पेगइया पाणियं संवहंति, अप्पेगइया विसज्जियसेय-जल्ल-मल्ल-परिस्सम-निद्द-खुप्पिवासा सुहसुहेणं विहरंति।

रायगिहविणिग्गओ वि जत्थ बहुजणो, किं ते? जलरमण-विविह-मज्जण-कयलि-लयाघरय-कुसुमसत्थरय--अणेगसउणगण-रुयरिभितसंकुलेसु सुहंसुहेण अभिरममाणो अभिरममाणो विहरइ।

सूत्र १९ नदा पुष्करिणी में अनेक सनाथ, अनाथ, पथिक, पाथिक, कोरटिका (कावड उठाने वाले), घसियारे, पत्ते उठाने वाले, लकड़हारे आदि आते थे। उनमें से कुछ स्नान करते, कुछ पानी पीते और कुछ पानी भर कर ले जाते थे। कोई शरीर का पसीना, मल, जल्ल, थकान, नीद, भूख, प्यास आदि का निवारण करते थे।

क्या राजगृह से आये लोग भी नदा पुष्करिणी का उपयोग करते थे? हाँ, वे वहाँ जल में रमण करते थे, विविध प्रकार के स्नान करते थे; कदलीगृहों, लतागृहों, पुष्पशय्या आदि का आनन्द लेते थे; अनेक प्रकार के पक्षियों के मधुर स्वरो से गूँजती उस पुष्करिणी तथा चारों वनखण्डों में क्रीड़ा करते घूमते थे।

19. Many employed, unemployed, passersby, travellers, water carriers, grass cutters, leaf pickers, wood-cutters, and others came to the Nanda lake

Some of them took their bath, others drank water and carried it home Many of them relieved and cleaned themselves, and satisfied their needs of rest, sleep, hunger and thirst

Did the people of Rajagriha also use the Nanda lake? Yes, they also came and enjoyed the water sports, took a variety of baths, entertained themselves using resting places covered with foliage and creepers and provided with flower beds They entertained themselves moving around that beautiful pool filled with melodious twittering of a variety of birds, and the facilities available in the four gardens

सूत्र २० : तए ण णंदाए पोक्खरिणीए बहुजणो ण्हायमाणो य, पीयमाणो य, पाणियं च संवहमाणो य अन्नमन्न एवं वयासी–'धण्णे ण देवाणुप्पिया ! णदे मणियारसेट्ठी, कयत्थे जाव ! जम्मजीवियफले, जस्स ण इमेयारूवा णंदा पोक्खरिणी चाउक्कोणा जाव पडिरूवा, जस्स णं पुरत्थिमिल्ले तं चेव सव्व, चउसु वि वणसडेसु जाव रायगिहविणिग्गओ जत्थ बहुजणो आसणेसु य सयणेसु य सन्निसन्नो य सतुयट्टो य पेच्छमाणो य साहेमाणो य सुहंसुहेणं विहरइ, त धन्ने कयत्थे कयपुन्ने, कया णं लोया ! सुलद्धे माणुस्सए जम्मजीवियफले नदस्स मणियारस्स।'

तए ण रायगिहे संघाडग जाव बहुजणो अन्नमन्नस्स एयमाइक्खइ–धण्णे ण देवाणुप्पिया! णदे मणियारे सो चेव गमओ जाव सुहंसुहेण विहरइ।

तए णं णंदे मणियारे बहुजणस्स अंतिए एयमट्ठ सोच्चा हट्ठतुट्ठे धाराहयकलबग पिव समूससिय-रोमकूवे परं सायासोक्खमणुभवमाणे विहरइ।

सूत्र २० · नंदा पुष्करिणी में स्नान करते, पानी पीते और जल भरकर ले जाते अनेक लोग परस्पर बाते करते थे–"हे देवानुप्रिय ! नन्द मणिकार सेठ धन्य है, कृतार्थ है। उसका जीवन सफल है जिसने यह चौकोर और मनोहर नंदा पुष्करिणी और उसके चारो ओर के सुन्दर उद्यान बनाये हैं। राजगृह से बाहर निकले अनेक लोग इस स्थान का लाभ उठाते है (वर्णन पूर्व सम)। अत नन्द मणिकार का मनुष्यजन्म तथा जीवन सराहनीय है सफल है।"

राजगृह नगर के भीतर शृंगाटक (तिराहे) आदि विभिन्न स्थानों पर भी लोग यही चर्चा करते थे।

लोगो के मुँह से अपनी ऐसी प्रशसा सुनकर नन्द मणिकार प्रसन्न व सतुष्ट हुआ। वर्षा से भीगे कदम्ब पुष्प के समान उसका रोम-रोम विकसित हो उठा। वह साताजनित परम सुख का अनुभव करने लगा।

20. These visitors of the Nanda pool while indulging in various activities like washing, drinking, and carrying water chatted, "Beloved of gods! Blessed is the merchant Nand Manikaar His life is purposeful and successful that he

12

चित्र परिचय
THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

आसक्ति का फल : मेंढक जन्म

चित्र : १२

१ नन्द मणिकार अपने भवन के ऊपरी कक्ष मे बैठा लोगो के मुँह से जब अपनी बावडी व खुद की प्रशसा सुनता तो बहुत आनन्दित हो उठता।

२ एक बार नन्द मणिकार बीमार हुआ और धीरे-धीरे वह सोलह महारोगो से ग्रस्त हो गया। उसके मन मे अपनी बनाई पुष्करिणी के प्रति बहुत गहरी आसक्ति थी।

३ इसी आसक्ति के वश हुआ प्राण त्यागकर वह उसी पुष्करिणी मे एक मेढकी के गर्भ मे मेंढक रूप में जन्म लेता है।

४ वहाँ पर आने-जाने वाले लोगो के मुँह से नन्द मणिकार की प्रशसा सुनता है। प्रशसा सुनते हुए उसे अपना पूर्व-जन्म याद आता है। पर एक बार कुछ लोग पुष्करिणी के किनारे बैठे बतिया रहे थे-"आज नगर मे भगवान महावीर पधार रहे है चलो हम उनके दर्शन कर प्रवचन सुनेगे।" नन्द जीव मेढक ने लोगो की यह बात सुनी तो वह भी भगवान महावीर की वन्दना करने के लिए निकल पड़ा। (तरहवाँ अध्ययन)

THE FRUITS OF ATTACHMENT : THE BIRTH AS A FROG

ILLUSTRATION . 12

1 Nand Manikar is sitting in an upper floor chamber in his house with a number of guests and enjoying the praise of the pool and himself

2 Nand is plagued by sixteen terrible diseases He dies taking his infatuation for the pond with him

3 As the result of this extreme attachment he reincarnates as a frog in the very same pond

4 There he hears the praise of Nand from the citizens bathing in the pond and concentrates to refresh his memory This effort results in his acquiring Jatismaran Jnana He immediately resolves to follow the religious path One day some people sitting at the edge of the pool were saying, "Bhagavan Mahavir is in the town, let us go behold him and listen to his discourse " Nand frog heard this and came out of the pond on the highway and proceeded toward the congregation

(CHAPTER - 13)

has constructed this square and beautiful Nanda pool with four gardens around it People coming out of Rajagriha avail of the facilities provided here (as already detailed). Thus the life and deeds of Nand Manikaar are commendable."

People in every nook and corner of the city also talked on the same topic

Nand Manikaar was happy and contented to hear all this praise. Like a rain drenched Kadamb flower, every single pore of his body became ecstatic with joy He experienced the intense pleasure derived out of the contentment

नन्द की रुग्णता

सूत्र २१ : तए ण तस्स नदस्स मणियारसेट्ठिस्स अन्नया कयाई सरीरगंसि सोलस रोगायंका पाउब्भूया, तं जहा–

सासे[१] कासे[२] जरे[३] दाहे[४], कुच्छिसूले[५] भगंदरे[६]।

अरिसा[७] अजीरए[८] दिट्ठि[९]–मुद्धसूले[१०] अकारए[११] ॥१॥

अच्छिवेयणा[१२] कन्नवेयणा[१३] कंडू[१४] दओदरे[१५] कोढे[१६]।

तए णं से णंदे मणियारसेट्ठी इमेहिं सोलसहिं रोगायंकेहिं अभिभूते समाणे कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी–'गच्छह णं तुब्भे देवाणुप्पिया ! रायगिहे नयरे सिंघाडग जाव महापहपहेसु महया महया सद्देणं उग्घोसेमाणा उग्घोसेमाणा एवं वयह–'एवं खलु देवाणुप्पिया ! णदस्स मणियारसेट्ठिस्स सरीगंसि सोलस रोगायका पाउब्भूया, तं जहा–सासे य जाव कोढे।

तं जो णं इच्छइ देवाणुप्पिया ! वेज्जो वा वेज्जपुत्तो वा जाणुओ वा जाणुअपुत्तो वा कुसलो वा कुसलपुत्तो वा नदस्स मणियारस्स तेसि च सोलसण्हं रोगायंकाणं एगमवि रोगायंकं उवसामेत्तए, तस्स णं देवाणुप्पिया ! नंदे मणियारे विउल अत्थसंपयाणं दलयइ त्ति कट्टु दोच्चं पि तच्चं पि घोसणं घोसेह। घोसित्ता जाव पच्चप्पिणह।' ते वि तहेव पच्चप्पिणंति।

सूत्र २१ कुछ समय पश्चात् एक बार नंद मणिकार सेठ के शरीर में सोलह प्रकार के रोगो की पीड़ा उत्पन्न हुई। वे रोग इस प्रकार हैं–(१) श्वास, (२) कास-खासी, (३) ज्वर, (४) दाह-जलन, (५) कुक्षिशूल- काख का शूल, (६) भगंदर, (७) अर्श-बवासीर, (८) अजीर्ण, (९) दृष्टि-शूल, (१०) मात्रक शूल-सरदर्द, (११) भोजन मे अरुचि, (१२) आँखों की वेदना, (१३) कानों की वेदना, (१४) कंडू–खाज, (१५) दकोदर- जलोदर, और (१६) कोढ।

नंद मणिकार सेठ इन सोलह रोगों से पीड़ित होने पर अपने सेवकों को बुलाकर बोला–"हे देवानुप्रियो, तुम राजगृह नगर के चौराहों, राजमार्गों आदि पर यह उद्घोषणा करो–

–'हे देवानुप्रियो ! नन्द मणिकार के शरीर में सोलह रोग-आतंक एवं उनकी पीड़ा उत्पन्न हुए हैं। जो कोई वैद्य या वैद्य पुत्र आदि (पूर्वसम, सूत्र १७ के समान) उन सोलह रोग-आतंक में से एक का भी शमन कर देगा नन्द मणिकार उसे विपुल धन-सम्पत्ति प्रदान करेगा।' यह घोषणा अनेक बार करो, और वापस लौटकर मुझे सूचना दो।'' सेवको ने इस आज्ञा का पालन कर उसे सूचना दी।

AILMENT OF NAND

21. After some time Nand Manikaar came down with sixteen different ailments. They were—(1) asthma, (2) bronchitis, (3) fever, (4) burning sensation, (5) infection in armpits, (6) fistula of the anus, (7) bleeding piles, (8) indigestion, (9) Glaucoma, (10) headache, (11) lack of appetite, (12) pain in the eyes, (13) pain in the ears, (14) eczema, (15) dropsy, and (16) leprosy

When he suffered from these ailments he called his servants and instructed, "Beloved of gods! Go and make this announcement at every corner, road, etc in the city—

'O Beloved of gods! Nand Manikaar is suffering from the pain of sixteen different ailments Any Vaidya, (etc as detailed in para 17) who is able to cure even one of these diseases will be amply and richly rewarded by him '

Make this announcement many times and report back to me " The servants did as told and reported back

सूत्र २२ : तए ण रायगिहे णयरे इमेयारूवं घोसणं सोच्चा णिसम्म बहवे वेज्जा य वेज्जपुत्ता य जाव कुसलपुत्ता य सत्थकोसहत्थगया य सिलियाहत्थगया य गुलियाहत्थगया य ओसह-भेसज्जहत्थगया य सएहिं सएहिं गेहेहिंतो निक्खमति, निक्खमित्ता रायगिहं मज्झमज्झेण जेणेव णंदस्स मणियारसेट्ठिस्स गिहे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता णदस्स मणियारसेट्ठिस्स सरीरं पासंति, तेसिं रोगायंकाणं नियाण पुच्छति, णदस्स मणियारसेट्ठिस्स बहूहिं उव्वलणेहि य उव्वट्टणेहि य सिणेहपाणेहि य वमणेहि य विरेयणेहि य सेयणेहि य अवदहणेहि य अवण्हाणेहि य अणुवासणेहि य वत्थिकम्मेहि य निरूहेहि य सिरावेहेहि य तच्छणाहि य पच्छणाहि य सिरावेढेहि य तप्पणाहि य पुढट वाएहि य छल्लीहि य वल्लीहि य मूलेहि य कंदेहि य पत्तेहि य पुप्फेहि य फलेहि य बीएहि य सिलियाहि य गुलियाहि य ओसहेहि य भेसज्जेहि य इच्छंति तेसिं सोलसण्हं रोगायंकाणं एगमवि रोगायंकं उवसमित्तए। नो चेव ण संचाएंति उवसामेत्तए।

सूत्र २२ · यह घोषणा सुन-समझकर राजगृह नगर के अनेक चिकित्सक (वैद्यादि–सू. १७ के समान) अपने साथ उपकरणो की पेटी, धार देने की शिला, औषधि की गोलियाँ, औषधियाँ और भेषज आदि अपने साथ ले अपने घरों से निकले। नगर के बीच होते हुए वे नन्द के घर आए।

उन्होंने नंद के शरीर की जाँच की और नंद से रोग के निदान हेतु प्रश्न किये। फिर अनेक प्रकार की चिकित्सा पद्धतियों से एक-एक कर सभी ने रोगों की चिकित्सा करने का प्रयत्न किया। वे चिकित्सा पद्धतियाँ हैं-(१) उद्वलन (लेप विशेष), (२) उद्वर्तन (उबटन), (३) स्नेहपान (औषधियुक्त घी, तेल आदि पिलाना), (४) वमन, (५) विरेचन, (६) स्वेदन (पसीना निकालना), (७) अवदहन (गर्म धातु से दागना), (८) अपस्नान (औषधियुक्त जल से स्नान करना), (९) अनुवासना (अपान मार्ग द्वारा यंत्र की सहायता से तैलादि पहुँचाना), (१०) वस्तिकर्म (वस्ति द्वारा मल त्याग करवाना), (११) निरूह (औषधियुक्त तेल द्वारा विस्वेदन करवाना), (१२) शिरावेध (नस द्वारा विकृत रक्त निकालना, (१३) तक्षण (चमड़ी छीलना), (१४) प्रवक्षण (चमड़ी काटना), (१५) शिरावेष्ट (नस पर औषधियुक्त कपडा बाँधना), (१६) तर्पण (चिकना पदार्थ चुपडना), (१७) पुटपाक (आग में पकाई औषधियों का सेवन), (१८) विभिन्न वनस्पतियों से (छाल, बेल, मूल, कद, फूल, बीज, घास आदि), तथा (१९) विभिन्न औषधियों से (गोली, औषधि, भेषज आदि) द्वारा।

इन सब प्रयत्नो से वे किसी एक रोग का भी उपचार नहीं कर सके।

22 Hearing and understanding this announcement many healers (as detailed in para 17) collected their instrument boxes, honing stones, pills and other medicines, and other accessories and left their homes. They passed through the streets of Rajagriha and came to the residence of Nand Manikaar They thoroughly examined and questioned the patient. After diagnosis they selected different methods and regimens of treatment and tried to cure the ailments one by one The methods and processes employed were —

(1) Udvalan or application of medicinal pastes, (2) Udvartan or rubbing with medicinal pastes, (3) Snehapan or giving medicated oils, (4) Vaman or emesis, (5) Virechan or purgation, (6) Swedan or perspiring, (7) Avadahan or cauterizing with hot metal, (8) Apasnan or washing with medicated water, (9) Anuvasana or enema of medicated oils, (10) Vastikarma or common enema, (11) Niruha or to cause sweating by applying medicated oil, (12) Shiravedh or bleeding toxic blood by cutting nerve-end, (13) Takshan or scraping of the epidermis, (14) Pravakshan or cutting of the epidermis, (15) Shiraveshta or dressing of the nerve-end, (16) Tarpan or pouring of medicated oils, (17) Putpaak or use of cooked medicines, (18) use of medicines and other accessories of vegetable origin, and (19) use of other medicines

However, in spite of all these methods of treatment they could not cure even one single ailment.

नन्द मणिकार की मृत्यु तथा पुनर्जन्म

सूत्र २३ : तए णं ते बहवे वेज्जा य वेज्जपुत्ता य जाणुया य जाणुयपुत्ता य कुसला य कुसलपुत्ता य जाहे नो संचाएंति तेसिं सोलसण्हं रोगायंकाणं एगमवि रोगायंकं उवसामेत्तए ताहे संता तंता जाव परितंता निव्विण्णा समाणा जामेव दिसं पाउब्भूया तामेव दिसं पडिगया।

तए णं णंदे तेहिं सोलसेहिं रोगायकेहिं अभिभूए समाणे नंदा पोक्खरिणीए मुच्छिए तिरिक्खजोणिएहिं निबद्धाउए, बद्धपएसिए अट्टदुहट्टवसट्टे कालमासे कालं किच्चा नंदाए पोक्खरिणीए दद्दुरीए कुच्छिसि दद्दुरत्ताए उववन्ने।

तए णं णंदे दद्दुरे गब्भाओ विणिम्मुक्के समाणे उम्मुक्कबालभावे विन्नायपरिणयमित्ते जोव्वणगमणुपत्ते नंदाए पोक्खरिणीए अभिरममाणे अभिरममाणे विहरइ।

सूत्र २३ : वे सभी चिकित्सक, वैद्य, वैद्यपुत्र आदि अपने परिश्रम से थक गये तथा एक भी रोग ठीक नहीं कर सकने की असफलता से खिन्न और उदास हो अपने-अपने घर लौट गए।

नन्द मणिकार अपने रोगो से अभिभूत–पीड़ित हो नन्दा पुष्करिणी के प्रति अत्यधिक आसक्ति वाला हो गया। अत्यधिक आसक्ति के कारण उसने तिर्यंच योनि की आयुष्य व भव का बन्धन किया। आर्त्तध्यानपूर्वक मृत्यु प्राप्त कर उसी नन्दा पुष्करिणी मे रही एक मेंढकी की कोख में मेढक के रूप में उसका गर्भाधान हुआ।

नन्द मेढक ने यथा समय जन्म लिया, धीरे-धीरे बाल्यावस्था से मुक्त हो ज्ञानवान युवावस्था को प्राप्त हुआ और नन्दा पुष्करिणी मे क्रीडा करता जीवन व्यतीत करने लगा।

DEATH AND REBIRTH OF NAND MANIKAAR

23. After all this hard work all the doctors got tired and left thoroughly disappointed and dejected

While suffering the agony of all these ailments Nand Manikaar's attachment for Nanda pool increased The intensity of this attitude of extreme attachment became instrumental in his acquiring the Tiryanch Ayushya and Bhava karma (the karma responsible for a life and life-span as a lower animal) He died with melancholic attitude during his last moments, and his soul descended into the womb of a she-frog in the Nanda pool.

In due course Nand frog was born and crossing the age of infancy it became a fully grown frog It spent all its time playing around in the Nanda pool

सूत्र २४ : तए णं णंदाए पोक्खरिणीए बहू जणे ण्हायमाणो य पियमाणो य पाणियं संवहमाणो य अन्नमन्नस्स एवं आइक्खइ–"धन्ने णं देवाणुप्पिया ! णंदे मणियारे जस्स णं

इमेयारूवा णंदा पुक्खरिणी चाउक्कोणा जाव पडिरूवा, जस्स णं पुरत्थिमिल्ले वणसंडे चित्तसभा अणेगखंभसयसन्निविट्ठा तहेव चत्तारि सहाओ जाव जम्मजीविअफले।"

सूत्र २४ : नन्दा पुष्करिणी में अनेक लोग स्नानादि करते, पानी पीते, पानी भरकर ले जाते हुए नन्द मणिकार की प्रशंसा किया करते थे और पुष्करिणी बनाने के लिए बार-बार उसे धन्यवाद देते थे। (विस्तार पूर्व--सू. २० के समान)

24. Many visitors of the Nanda pool while indulging in various activities like washing, drinking, and carrying water used to praise Nand Manikaar and thank him for constructing the complex (details as para 20)

सूत्र २५ : तए णं तस्स दद्दुरस्स तं अभिक्खण अभिक्खणं बहुजणस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जेत्था-"से कहिं मन्ने मए इमेयारूवे सद्दे णिसतपुव्वे" त्ति कट्टु सुभेण परिणामेणं जाव जाइसरणे समुप्पन्ने, पुव्वजाइं सम्मं समागच्छइ।

सूत्र २५ अनेक लोगो के मुखो से इस प्रकार प्रशसा सुन उस मेंढक को लगा जैसे उसने ये शब्द पहले भी सुने है। इन विचारो के साथ शुभ परिणामो के कारण वह गहन विचारणा में डूबा और उसे जातिस्मरण ज्ञान उत्पन्न हो गया। पूर्व जन्म की सभी घटनाएँ पूरी तरह याद हो आईं।

25. Hearing these words of praise from so many people the frog felt as if it had heard all this earlier also Inspired by these thoughts and the consequent purity of attitude, it went into a state of deep contemplation that led to its acquiring Jatismaran Jnana (the knowledge of the earlier births) and it remembered the incidents from its earlier birth

पुन श्रावकधर्म स्वीकार

सूत्र २६ · तए णं तस्स दद्दुरस्स इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जेत्था-"एवं खलु अहं इहेव रायगिहे नगरे णदे णामं मणियारे अड्ढे। तेणं कालेण तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे समोसढे, तए णं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए पंचाणुव्वइए सत्तसिक्खावइए जाव पडिवन्ने। तए णं अहं अन्नया कयाई असाहुदंसणेण य जाव मिच्छत्तं विप्पडिवन्ने। तए णं अहं अन्नया कयाई गिम्हकालसमयंसि जाव उवसंपज्जित्ता णं विहरामि। एवं जहेव चिंता आपुच्छणा नंदा पुक्खरिणी वणसंडा सहाओ तं चेव सव्वं जाव नंदाए पुक्खरिणीए दद्दुरत्ताए उववन्ने।

तं अहो ! णं अहं अहन्ने अपुन्ने अकयपुन्ने निग्गंथाओ पावयणाओ नट्ठे भट्ठे परिब्भट्ठे, तं सेयं खलु ममं सयमेव पुव्वपडिवन्नाइं पंचाणुव्वयाइं सत्तसिक्खावयाइं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।"

सूत्र २६ : जातिस्मरण ज्ञान होने से उस मेंढक के मन में विचार आया-"मैं इसी राजगृह नगर में नन्द नाम का मणिकार सेठ था। काल के उस भाग में श्रमण भगवान महावीर का आगमन हुआ

और मैंने उनके पास पाँच अणुव्रत तथा सात शिक्षाव्रत युक्त श्रावक धर्म अंगीकार किया। किन्तु साधुओं का सान्निध्य न होने से धीरे-धीरे मैं सम्यक्त्व से पतित हो मिथ्यात्वी बन गया।"

"गर्मी में तेले के व्रत के समय मुझे पुष्करिणी खुदवाने का विचार आया और राजाज्ञा से मैंने वनखण्डों और सभाओं सहित नन्दा पुष्करिणी बनवाई। मृत्यु पश्चात्, पुष्करिणी के प्रति आसक्ति के कारण, मैं यहीं मेंढक के रूप मे उत्पन्न हुआ। अत· मैं अधन्य हूँ, पुण्यहीन हूँ, अकृतपुण्य हूँ। मैं निर्ग्रन्थ वचन से भ्रष्ट होते-होते पूर्ण भ्रष्ट हो गया। अब मेरे लिये यही हितकर होगा कि एक बार फिर वे पाँच अणुव्रत और सात शिक्षाव्रत मै स्वय अंगीकार करके तदनुसार जीवन बिताऊँ।"

A SHRAVAK AGAIN

26. Once it acquired the Jatismaran Jnana it thought, "I was the merchant Nand Manikaar and lived in Rajagriha. During that period of time Shraman Bhagavan Mahavir came and I became a Shramanopasak But later I did not get any opportunity to meet ascetics and consequently my righteousness faded and I became misguided

"During a summer season while observing a three day fast I thought of constructing a pool and after seeking permission from the king I got the Nanda pool constructed. After my death I was born as a frog due to my extreme attachment for this pool Thus I am a wretched, ill fated, and virtueless individual I have fallen from my grace and lost my faith in the word of the omniscient Now it would be good for me if I once again take the five minor vows and seven disciplinary vows and spend the rest of my life observing them

सूत्र २७ : एवं संपेहेइ, सपेहित्ता पुव्वपडिवन्नाइ पंचाणुव्वयाइ सत्तसिक्खावयाइ आरुहेइ, आरुहित्ता इमेयारूवे अभिग्गहं अभिगिण्हइ-"कप्पइ मे जावज्जीवं छट्ठं छट्ठेण अणिक्खित्तेण अप्पाणं भावेमाणस्स विहरित्तए। छट्ठस्स वि य ण पारणगंसि कप्पइ मे णदाए पोक्खरिणीए परिपेरंतेसु फासुएणं ण्हाणोदएण उम्मद्दणालोलियाहि य वित्ति कप्पेमाणस्स विहरित्तए।" इमेयारूवं अभिग्गहं अभिगेण्हइ जावज्जीवाए छट्ठं छट्ठेणं जाव विहरइ।

सूत्र २७ : यह विचार आने पर उसने बारह व्रतो को पुन. अगीकार किया और साथ ही यह अभिग्रह धारण किया-"आज से जीवन पर्यन्त मै बेल-बेले की तपस्या से आत्मा को भावित करते हुए ही जीवन बिताऊँगा। बेले के पारणे मे भी नन्दा पुष्करिणी के तट भाग के प्रासुक जल द्वारा स्नान कर मनुष्यों द्वारा उतारे गए मैल के इधर-उधर गिरे टुकडों मात्र से अपना काम चलाऊँगा।" ऐसा निश्चय कर वह तदनुसार तपस्या करता हुआ जीवन बिताने लगा।

27. Once he got the idea he immediately took the twelve vows and also resolved, "Starting from today I shall purify my soul by doing the penance of

a two day fast followed by a day of eating and so on throughout the rest of my life. Also, on the day of eating I shall take only the fallen crumbles of slime shed by human beings who take bath with the clean water of this pool on its shore." And it commenced the penance and the disciplined life immediately after the resolve

सूत्र २८ : तेणं कालेणं तेणं समएणं अहं गोयमा ! गुणसीलए चेइए समोसढे। परिसा णिग्गया। तए णं णंदाए पुक्खरिणीए बहुजणो ण्हायमाणो य पियमाणो य पाणियं संवहमाणो य अन्नमन्नं एवमाइक्खइ–जाव समणे भगवं महावीरे इहेव गुणसीलए चेइए समोसढे। तं गच्छामो णं देवाणुप्पिया ! समणं भगवं महावीरं वंदामो जाव पज्जुवासामो, एयं मे इहभवे परभवे य हियाए जाव आणुगामियत्ताए भविस्सइ।

सूत्र २८ : हे गौतम ! काल के उस भाग मे मैं गुणशील चैत्य में आया और परिषद निकली। उस समय नन्दा पुष्करिणी मे स्नानादि करते लोग परस्पर बाते करने लगे–"श्रमण भगवान महावीर का समवसरण गुणशील चैत्य में है अत हे देवानुप्रिय ! हम चलकर उनकी वन्दना-उपासना करे। यह हमारे वर्तमान और भविष्य के लिए श्रेयस्कर होगा।"

28. Gautam! During that period of time I arrived in the Gunasheel Chaitya and a delegation of citizens came there The citizens taking bath in the Nanda pool talked among themselves, "Shraman Bhagavan Mahavir is giving discourses in the Gunasheel Chaitya So Beloved of gods! we should go their and pay our homage This would be beneficial for us in the present as well as future."

मेंढक का वन्दनार्थ प्रस्थान

सूत्र २९ : तए णं तस्स दद्दुरस्स बहुजणस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म अयमेयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए पत्थिए मणोगए संकप्पे समुप्पज्जेत्था–"एवं खलु समणे भगवं महावीरे जाव समोसढे, तं गच्छामि णं वंदामि" जाव एवं संपेहेइ, संपेहित्ता णंदाओ पुक्खरिणीओ सणियं सणियं उत्तरइ, उत्तरित्ता जेणेव रायमग्गे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता ताए उक्किट्ठाए दद्दुरगईए वीइवयमाणे वीइवयमाणे जेणेव ममं अंतिए तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

सूत्र २९ : अनेक लोगो से यह समाचार सुन और समझकर उस मेंढक के मन मे विचार, चिन्तन, अभिलाषा और मनोगत संकल्प उत्पन्न हुआ–"श्रमण भगवान महावीर यहाँ पधारे हैं, निश्चय ही मैं भी जाऊँ और भगवान की वन्दनादि करूँ।" यह विचार आने पर वह धीरे-धीरे नन्दा पुष्करिणी से बाहर निकला, राजमार्ग पर आया और अपनी तेज चाल से चलता हुआ मेरे पास आने लगा।

FROG MOVES TO PAY HOMAGE

29. When the frog heard about this from many a people it thought, contemplated, desired and resolved, "Shraman Bhagavan Mahavir has arrived in the town I should also go and pay my homage " It slowly came out of the Nanda pool, reached the highway, and moved in leaps and bounds in the direction of my camp

सूत्र ३० : इमं च णं सेणिए राया भंभसारे ण्हाए कायकोउय जाव सव्वालंकारविभूसिए हत्थिखंधवरगए सकोरंटमल्लदामेणं छत्तेणं धरिज्जमाणेण सेयवरचामरेहि य उद्धुव्वमाणेहि महया हय-गय-रह-भड-चडगर-कलियाए चाउरंगिणीए सेणाए सद्धिं संपरिवुडे मम पायवंदए हव्वमागच्छइ। तए णं से दद्दुरे सेणियस्स रण्णो एगेण आसकिसोरएणं वामपाएणं अक्कंते समाणे अतनिग्घाइए कए यावि होत्था।

सूत्र ३० : इधर राजा (भंभासार बिम्बसार) श्रेणिक स्नानादि कृत्यो से निवृत्त हो वस्त्रालकारो से विभूषित हुआ और श्रेष्ठ हाथी पर सवार हुआ। कोरट के फूलो की माला वाले छत्र तथा सफेद चामरों से शोभित हो घोड़े, हाथी, रथ और महारथियो सहित अपनी चतुरगिणी सेना से घिरा वह मेरी चरण-वन्दना हेतु शीघ्रता से चला आ रहा था। तब वह मेढक श्रेणिक राजा के एक तरुण चंचल घोडे की बाईं टॉंग से कुचला गया और उसकी ऑंते बाहर निकल आई।

30. On the other side, King Shrenik Bimbasar got ready after his bath etc and rode his best elephant Surrounded by his four pronged army of elephants, horses, chariots and foot soldiers and with all his regalia he was also coming for my obeisance at a fast speed on the same highway It so happened that the little frog was trampled under the hoof of a horse of the kings guards and its entrails came out

सूत्र ३१ : तए णं से दद्दुरे अत्थामे अबले अवीरिए अपुरिसकार-परक्कमे अधारणिज्जमिति कट्टु एगंतमवक्कमइ, करयलपरिग्गहिय तिक्खुत्तो सिरसावत्तं मत्थए अंजलि कट्टु एवं वयासी–

नमोऽत्थु णं अरहंताण भगवंताणं जाव सपत्ताण, नमोऽत्थु णं समणस्स भगवओ महावीरस्स मम धम्मायरियस्स जाव संपाविउकामस्स। पुव्वि पि य ण मए समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए थूलए पाणाइवाए पच्चक्खाए, जाव थूलए परिग्गहे पच्चक्खाए, त इयाणि पि तस्सेव अंतिए सव्वं पाणाइवाय पच्चक्खामि, जाव सव्वं परिग्गहं पच्चक्खामि, जावज्जीवं सव्वं असणं पाणं खाइमं साइमं पच्चक्खामि जावज्जीव जं पि य इमं सरीरं इट्ठं कंतं जाव मा, फुसतु एयं पि णं चरिमेहिं ऊसासेहिं 'वोसिरामि' त्ति कट्टु।

चित्र परिचय

THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

मेंढक का भव-उद्धार

चित्र : १३

१ नन्द जीव मेढक भगवान महावीर की वन्दना करने राजमार्ग पर फुदक-फुदककर चलता जा रहा है। उसी समय राजा श्रेणिक भी उसी रास्ते से भगवान की वन्दना करने जा रहा है।

२ एक सैनिक के घोडे की टाप अचानक मेढक पर गिरती है। नन्हा-सा मेढक कुचल जाता है, आँते बाहर निकल आती है। मेंढक राजमार्ग के एक किनारे चला आता है और सोचता है—अब मै शक्तिहीन हो गया हूँ। भगवान के समवसरण तक नही पहुँच सकता।

३ मेढक वही से अत्यन्त भक्तिभाव के साथ भगवान को भाव-वन्दना करता है।

४ अत्यन्त शुद्ध भावपूर्वक शरीर त्यागकर वह नन्द मेढक सौधर्मकल्प के दर्दुरान्तक विमान में ऋद्धिशाली देव बनता है। (तेरहवॉ अध्ययन)

LIBERATION OF THE FROG

ILLUSTRATION · 13

1 Nand frog proceeds hopping on the highway on his way to pay homage to Bhagavan Mahavir At that time King Shrenik is also proceeding with his guards to pay homage to Bhagavan Mahavir

2 Suddenly the frog is hit by the hoof of a guard's horse and its entrails are exposed It drags itself to one side and thinks that it has not enough energy left to reach the Samavasaran

3 From that very spot it starts worship of Bhagavan Mahavir with all devotion After that it reviews its conduct and atones for misdeeds and accepts the five great vows as well as the ultimate vow of fasting till death

4 Because it breathed its last with purity of feelings and thoughts he reincarnated as a powerful god in the Saudharm dimension He comes to pay homage and display his grandeur before Bhagavan Mahavir (illustration - 10)

(CHAPTER - 13)

7. On hearing this announcement a crowd of people (as mentioned in para 5) came to Dhanya merchant who provided them with all what they required, and said, "Beloved of gods! Go and wait for me at the garden outside Champa "

सूत्र ८ : तए णं चरगा य जाव गिहत्था य धण्णेणं सत्थवाहेणं एवं वुत्ता समाणा जाव चिट्ठंति।

तए णं धण्णे सत्थवाहे सोहणसि तिहि-करण-नक्खत्तंसि विउलं असणं पाणं खाइमं साइमं उवक्खडावेइ, उवक्खडावित्ता मित्त-नाइ आमंतेइ, आमंतित्ता भोयणं भोयावेइ, भोयावित्ता आपुच्छइ, आपुच्छित्ता सगडीसागडं जोयावेइ, जोयावित्ता चंपानगरीओ निग्गच्छइ। निग्गच्छित्ता णाइविप्पगिट्ठेहिं अद्धाणेहिं वसमाणे वसमाणे सुहेहिं वसहिपायरासेहिं अंगं जणवयं मज्झंमज्झेणं जेणेव देसग्गं तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सगडीसागडं मोयावेइ, मोयावित्ता सत्थणिवेसं करेइ, करित्ता कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी-

सूत्र ८. वे सभी चरक गृहस्थ आदि लोग धन्य सार्थवाह का आदेश सुन उद्यान में पहुँचकर प्रतीक्षा करने लगे।

धन्य सार्थवाह ने शुभ तिथि, करण और नक्षत्र देख प्रचुर भोजन सामग्री बनवाई और अपने मित्रों तथा स्वजनों को आमंत्रित किया। उन्हें भोजन कराकर उनसे यात्रा की अनुमति ली। गाड़ियाँ

जुतवाईं और फिर चम्पा नगरी से बाहर निकला। अपनी इस यात्रा में वह थोड़ी-थोड़ी दूर पर पड़ाव डालता था। सुख सुविधाजनक रात्रिवास के बाद प्रातःकाल का भोजन कर पुनः यात्रारम्भ करता था। इस प्रकार यात्रा करता हुआ अंग देश को पार कर वह सीमा पर पहुँचा। गाडियाँ खोल पड़ाव डाला और सेवकों को बुलाकर कहा–

8. All these people went to the garden outside Champa, as instructed by Dhanya merchant, and waited for him

Dhanya merchant got the goods loaded in the carts He then looked for an auspicious conjunction of planets, time, and moment He invited his friends and relatives on a feast and sought their permission for the proposed voyage After these formalities he commenced his voyage During this voyage he traveled a convenient distance and then camped After a comfortable night's stay and breakfast the next morning he again resumed his travels In this manner he crossed Anga state and reached the border. After making the camp he called his servants and said—

उपयोगी चेतावनी

सूत्र ९ : 'तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! मम सत्थनिवेससि महया महया सद्देणं उग्घोसेमाणा उग्घोसेमाणा एवं वदह–

एवं खलु देवाणुप्पिया ! इमीसे आगामियाए छिन्नावायाए दीहमद्धाए अडवीए बहुमज्झ-देसभाए बहवे णंदिफला नामं रुक्खा पन्नत्ता–किण्हा जाव पत्तिया पुप्फिया फलिया हरिया रेरिज्जमाणा सिरीए अईव अईव उवसोभेमाणा चिट्ठंति, मणुण्णा वन्नेणं, मणुण्णा गंधेणं, मणुण्णा रसेणं, मणुण्णा फासेणं, मणुण्णा छायाए, तं जो णं देवाणुप्पिया ! तेसि नंदिफलाणं रुक्खाणं मूलाणि वा कंदाणि वा तयाणि वा पत्ताणि वा पुप्फाणि वा फलाणि वा बीयाणि वा हरियाणि वा आहारेइ, छायाए वा वीसमइ, तस्स णं आवाए भद्दए भवइ, ततो पच्छा परिणममाणा परिणममाणा अकाले चेव जीवियाओ ववरोवेंति। तं मा णं देवाणुप्पिया ! केइ तेसिं नंदिफलाणं मूलाणि वा जाव छायाए वा वीसमउ। मा ण से ऽवि अकाले चेव जीवियाओ ववरोविज्जस्सइ। तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! अन्नेसिं रुक्खाणं मूलाणि य जाव हरियाणि य आहारेह, छायासु वीसमह, त्ति घोसणं घोसेह।

जाव पच्चप्पिणंति।

सूत्र ९. "देवानुप्रियो ! तुम हमारे सार्थ के पड़ाव में जाकर ऊँचे शब्दो मे बार-बार यह घोषणा करो–

'हे देवानुप्रियो ! आगे आने वाली अटवी बहुत लम्बी है और उसमें मनुष्यों का आना-जाना नहीं होता है। अटवी के मध्य भाग में नंदीफल नाम के वृक्ष हैं। वे सघन हरे रंग के हैं और पत्तों, फूलों, फलों से लदे भरपूर शोभा लिए खड़े हैं। उनके रूप-रंग-रस-गंध और छाया मनोहारी हैं। परन्तु हे देवानुप्रियो ! जो भी उन नंदीफल वृक्षो के मूल, कंद, छाल, पत्ते, फूल, फल, बीज या हरित को खाएगा अथवा उनकी छाया में बैठेगा, उसे उस समय तो अच्छा लगेगा पर बाद मे उनका प्रभाव पडने पर वह अकाल मृत्यु को प्राप्त करेगा। अतएव हे देवानुप्रियो ! कोई भी उन नंदीफल वृक्षों के मूल आदि किसी भी अंग का सेवन न करें और न उनकी छाया में विश्राम करें, जिससे अकाल ही किसी के जीवन का नाश न हो। हे देवानुप्रियो ! तुम लोग किसी भी अन्य वृक्ष के मूलादि को खा सकते हो, उसकी छाया में विश्राम कर सकते हो।'

"इस प्रकार घोषणा करके मुझे सूचना दो।"

THE WARNING

9. "Beloved of gods! Go to the group camp of our caravan and announce many times in loud voice—

'Beloved of gods! The wilderness ahead is very large and it is seldom visited by man. In the central part of this wilderness there are trees named Nandiphal. They are green, beautiful and rich with leaves, flowers, and fruits. Their form, colour, taste, smell and shade are inviting. But, beloved of gods! Whoever eats the stock, root, bark, leaf, flower, fruit, seed, or any other part of these trees and even sits in their shade will feel pleasant for some time but later when its effect starts he will embrace sudden death. So, O beloved of gods! no one should eat the stock, root, or any other part of these trees or even sit in their shade lest he lose his life. Beloved of gods! You can eat the stock, root, or any other part of any other tree or even sit in its shade.'

"After the announcement report back to me."

सूत्र १० तए णं धण्णे सत्थवाहे सगडीसागडं जोएइ, जोइत्ता जेणेव नंदिफला रुक्खा तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता तेसिं नंदिफलाण अदूरसामंते सत्थनिवेसं करेइ, करित्ता दोच्च पि तच्चं पि कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी–तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! मम सत्थनिवेसंसि महया महया सद्देणं उग्घोसेमाणा उग्घोसेमाण एवं वयह–'एए णं देवाणुप्पिया ! ते णंदिफला किण्हा जाव मणुण्णा छायाए, तं जो णं देवाणुप्पिया ! एएसिं णंदिफलाणं रुक्खाणं मूलाणि वा कंदाणि वा पुप्फाणि वा तयाणि वा पत्ताणि वा फलाणि वा जाव अकाले चेव जीवियाओ ववरोवेंति; तं, मा णं तुब्भे जाव दूरं दूरेणं परिहरमाणा वीसमह, मा णं अकाले जीवियाओ ववरोविस्संति। अन्नेसिं रुक्खाणं मूलाणि य जाव वीसमह त्ति कट्टु घोसणं पच्चप्पिणंति।

सूत्र १० : धन्य सार्थवाह ने पुनः गाड़ियाँ जुतवाईं और यात्रा करता हुआ नंदीफल वृक्षों के क्षेत्र में पहुँचा। उसने उन वृक्षों से कुछ दूर पड़ाव डाला और सेवकों को बुलाकर दो-तीन बार यह घोषणा करने को कहा–"हे देवानुप्रियो ! ये ही वे नंदीफल वृक्ष हैं जिनके विषय में पहले बताया था। (सू. ९ के समान) अतः इनके किसी भी अंग मूल-फल बीज आदि का सेवन मत करना क्योंकि वह अकाल मृत्यु देने वाला है। कहीं ऐसा न हो कि इनका सेवन कर जीवन का नाश कर लो इसलिए इनसे दूर रहकर ही विश्राम करना। हाँ ! अन्य वृक्षों की छाया में विश्राम कर सकते हो, उनका सेवन भी कर सकते हो।"

सेवकों ने इसी प्रकार घोषणा कर उसे सूचित किया।

10. Dhanya merchant broke camp and resumed the journey After some time he reached the area of the Nandiphal trees He made camp a little distance from these trees and again called his servants He asked them to announce emphatically—"Beloved of gods! These are the Nandiphal trees about which you were told As such no one should eat the stock, root, or any other part of these trees or even sit in their shade lest he lose his life You can eat the stock, root, or any other part of any other tree or even sit in its shade." The servants made the announcement and reported back

श्रद्धावान : अश्रद्धावान

सूत्र ११ : तत्थं णं अत्थेगइया पुरिसा धन्नस्स सत्थवाहस्स एयमट्ठं सद्दहंति, पत्तियंति रोयंति, एयमट्ठं सद्दहमाणा तेसिं नंदिफलाणं दूरं दूरेण परिहरमाणा अन्नेसिं रुक्खाणं मूलाणि य जाव वीसमंति तेसि णं आवाए नो भद्दए भवइ, तओ पच्छा परिणममाणा सुहरूवत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति।

सूत्र ११ . सार्थ के कुछ व्यक्तियो को धन्य सार्थवाह की बात पर श्रद्धा, प्रतीति (विश्वास) व रुचि, (दिलचस्पी) हुई। वे तदनुसार उन नदीफलो से दूर ही रहते हुए अन्य वृक्षों के मूलादि का सेवन करने और उनकी छाया मे ही विश्राम करने लगे। उन्हें तात्कालिक आनन्द तो प्राप्त नही हुआ, परन्तु जैसे-जैसे समय बीतता गया, वैसे वैसे उन्हें सुख, तृप्ति व आनन्द का अनुभव होता गया।

BELIEVERS : NON-BELIEVERS

11. Some of the members of the caravan had faith, confidence, and interest in what Dhanya merchant had conveyed to them Accordingly they kept away from those trees; they ate fruits etc. from, and rested in the shade of other trees. They did not have much enjoyment in the beginning but as time passed they experienced pleasure, contentment and joy

चित्र परिचय
THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

नन्दीफल : भोग एवं त्याग का फल

चित्र : १८

चम्पानगरी निवासी धन्य सार्थवाह बहुत-से लोगो को साथ लेकर व्यापार के लिए अहिच्छत्रा नगरी की तरफ जा रहा था। मार्ग मे एक विकट वन आ गया। सार्थवाह ने यात्रियों को सावधान करते हुए कहा-"आगे नन्दीफल नाम के विषैले वृक्षो का वन आ रहा है। अत सभी सावधान रहे यह फल खाना तो दूर, इनकी छाया से भी बचते रहे।"

१ बहुत-से यात्रियो ने सेठ की घोषणा पर विश्वास नही किया। जो नन्दी-वृक्षो की शीतल छाया मे बैठे, वे मूर्च्छित हो गये, जिन्होने फूल सूँघे, फल चखे, वे मर गये।

२ किन्तु बहुत-से समझदार लोगो ने सेठ के कथन पर विश्वास करके इन वृक्षो की छाया स ही दूर हटकर अन्य कम छाया वाले वृक्षो के पास विश्राम किया, वे जीवित भी रहे, किसी तरह की हानि नही हुई।

(पन्द्रहवाँ अध्ययन)

THE FRUITS OF ATTACHMENT AND DETACHMENT

ILLUSTRATION : 18

Dhanya merchant of Champanagari was going with many people to Ahicchatra city for business On the way there was a dense forest Dhanya warned everyone in his caravan, "We are approaching a forest of Nandi trees The fruits and leaves and even the shade of these trees are toxic Therefore no one should rest under their shade or eat their fruits "

1 Many people did not give heed to the warning and took rest under the trees and consumed the fruits Those who rested under the trees became unconscious, and those who consumed the fruits or inhaled the aroma of the flowers died

2 Many others who were wise enough to give heed to the warning kept their distance from these trees They rested under other trees They did not come to any harm and lived to continue their journey

(CHAPTER - 15)

सूत्र १२ : एवामेव समणाउसो ! जो अम्हं निग्गंथो वा निग्गंथी वा जाव पंचसु कामगुणेसु नो सज्जेइ, नो रज्जेइ, से णं इहभवे चेव बहूणं समणाणं समणीणं सावयाणं सावियाणं अच्चणिज्जे भवइ, परलोए वि य नो आगच्छइ जाव वीईवइस्सइ जहा व ते पुरिसा।

सूत्र १२ : इसी प्रकार हे आयुष्मान् श्रमणों ! हमारा जो निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थिनी पाँच इन्द्रियो सम्बन्धी कामभोगों में आसक्त अनुरक्त नहीं होता वह इसी भव में अनेक श्रमण-श्रमणी तथा श्रावक-श्रविकाओं का पूजनीय होता है और परलोक में भी दुःख नहीं पाता। वह क्रमशः संसार सागर को पार कर जाता है।

12. Long-lived Shramans! This is how those of our ascetics who, after getting initiated, do not indulge in and get infatuated with the lusty pleasures of their five sense organs, become the objects of reverence of many ascetics as well as the laity during this life. Besides this they also do not suffer miseries in the next life and are gradually liberated.

सूत्र १३ : तत्थ णं जे से अप्पेगइया पुरिसा धण्णस्स एयमट्ठं नो सद्दहंति नो पत्तियंति नो रोयंति, धन्नस्स एयमट्ठं असद्दहमाणा जेणेव ते णंदिफला तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता तेसिं नंदिफलाणं मूलाणि य जाव वीसमंति, तेसिं णं आवाए भद्दए भवइ, ततो पच्छा परिणममाणा जाव ववरोवेंति।

सूत्र १३ : सार्थ में रहे जिन व्यक्तियों को धन्य सार्थवाह की बात पर श्रद्धा, प्रतीति व रुचि नहीं हुई वे उन नंदीफल वृक्षो के निकट गये। उन्होंने उन वृक्षो के मूलादि का भक्षण किया और उनकी छाया में विश्राम भी किया। उन्होने तात्कालिक आनन्द तो प्राप्त किया, किन्तु क्रमशः वृक्षों के दुष्प्रभाव के प्रभावी होने पर उन्हें जीवन से हाथ धोना पड़ा अर्थात् प्राणों से रहित होना पड़ा।

13. Some members of the caravan did not have faith, confidence, and interest in what Dhanya merchant had conveyed to them all. Accordingly they went near the Nandiphal trees and ate fruits etc from and rested in the shade of those trees They did enjoy all this in the beginning but as time passed the toxicity of those trees started taking effect and in the end they lost their lives

सूत्र १४ . एवामेव समणाउसो ! जो अम्हं निग्गंथो वा निग्गंथी वा पव्वइए पंचसु कामगुणेसु सज्जेइ, जाव अणुपरियट्टिस्सइ, जहा व ते पुरिसा।

सूत्र १४ : इसी प्रकार हे आयुष्मान् श्रमणो ! हमारा जो निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थिनी पाँच इन्द्रियों के विषय भोग में आसक्त होता है वह उन पुरुषों की तरह दुःख भोगता हुआ संसार चक्र में भ्रमण करता रहता है।

14. Long-lived Shramans! This is how those of our ascetics who, after getting initiated, indulge in and get infatuated with the lusty pleasures of

their five sense organs, suffer misery and are caught in the cycles of rebirth indefinitely

धन्य का अहिच्छत्रा पहुँचना

सूत्र १५ : तए णं से धण्णे सगडीसागडं जोयावेइ जोयावित्ता जेणेव अहिच्छत्ता णयरी तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता अहिच्छत्ताए णयरीए बहिया अग्गुज्जाणे सत्थनिवेसं करेइ, करित्ता सगडीसागडं मोयावेइ।

तए ण से धण्णे सत्थवाहे महत्थ महग्घ महरिहं रायरिहं पाहुडं गेण्हइ, गेण्हित्ता बहुपुरिसेहि सद्धिं संपरिवुडे अहिच्छत्त नयरिं मज्झंमज्झेण अणुप्पविसइ, अणुपविसित्ता जेणेव कणगकेऊ राया तेणेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता करयल जाव वद्धावेइ, वद्धावित्ता तं महत्थं पाहुड उवणेइ।

सूत्र १५ · यथा समय धन्य सार्थवाह ने गाडियॉ जुतवाईं और अहिच्छत्रा नगरी को प्रस्थान किया। वहाँ पहुँच नगरी के बाहर के प्रधान उद्यान मे पडाव डाला और गाडियाँ खुलवा दी।

तत्पश्चात् राजा को भेट करने योग्य बहुमूल्य उपहार और अनेक व्यक्तियो को साथ ले वह अहिच्छत्रा नगरी के बीच होता हुआ राजा कनककेतु के पास गया। दोनो हाथ जोड उसने यथाविधि राजा का अभिनन्दन किया और वे बहुमूल्य उपहार राजा के सामने रख दिये।

DHANYA REACHES AHICCHATRA

15. As usual Dhanya merchant broke camp and resumed his journey When he reached Ahicchatra city he made camp in the main garden outside the city

He selected valuable and suitable gifts for the king and entered the town with a large group of people Arriving at the court of King Kanak-ketu he greeted the king and placed the gifts before him

सूत्र १६ तए णं से कणगकेऊ राया हट्ठतुट्ठे धण्णस्स सत्थवाहस्स त महत्थं जाव पाहुड पडिच्छइ। पडिच्छित्ता धण्णं सत्थवाह सक्कारेइ संमाणेइ सक्कारित्ता समाणित्ता उस्सुक्कं वियरइ, वियरित्ता पडिविसज्जेइ। भडविणिमयं करेइ, करित्ता पडिभंड गेण्हइ, गेण्हित्ता सुहंसुहेणं जेणेव चंपानयरी तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता मित्त-णाइअभिसमन्नागए विउलाइं माणुस्सगाइं भोगभोगाइं भुजमाणे विहरइ।

सूत्र १६ · राजा कनककेतु ने प्रसन्न और संतुष्ट हो धन्य सार्थवाह के बहुमूल्य उपहार स्वीकार किए और उसका सत्कार-सम्मान किया। साथ ही उसे शुल्क मुक्त कर विदा किया। धन्य ने अपने माल की बिक्री की और नया माल खरीद कर सुखपूर्वक चम्पा नगरी लौट आया। अपने मित्रो और स्वजनों से मिला और सुखपूर्वक जीवन बिताने लगा।

16 King Kanak-ketu happily accepted the costly gifts and duly honoured Dhanya merchant He also exempted Dhanya from any levies In due course Dhanya merchant sold all his merchandise, bought new stocks, and happily

returned to Champa He met his relatives and friends and resumed his normal happy life.

धन्य की प्रव्रज्या

सूत्र १७ . तेणं कालेणं तेणं समएण थेरागमणं। धण्णे सत्थवाहे विणिग्गए, धम्मं सोच्चा जेट्ठपुत्तं कुडुंबे ठावेत्ता पव्वइए। एक्कारस सामाइमाइयाइं अंगाइं अहिज्जित्ता बहूणि वासाणि सामन्नपरियाग पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसेत्ता सट्ठिभत्ताइं अणसणाइं छेदित्ता अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववन्ने। से ण देवे ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं चयं चइत्ता महाविदेहे वासे सिज्झिहिइ, जाव अंतं करेहिति।

सूत्र १७ · काल के उस भाग मे एक स्थविर मुनि का आगमन हुआ। धन्य सार्थवाह उन्हे वन्दना करने के लिए गया। धर्मोपदेश सुनकर उसने अपने ज्येष्ठ पुत्र को परिवार का उत्तरदायित्व सौपा और स्वयं दीक्षा ले ली। सामायिक सहित ग्यारह अगों का अध्ययन किया और अनेक वर्षों तक सयम का पालन कर एक मास की सलेखना तथा साठ भक्त अनशन कर देह त्यागी। फिर देवलोक मे जन्म लिया। देवलोक की आयु पूर्ण कर वह वहां से च्यवन कर महाविदेह में जन्म लेकर सिद्धि प्राप्त करेगा और दु खों का अन्त करेगा।

INITIATION OF DHANYA

17. During that period of time a senior ascetic arrived in Champa Dhanya merchant went to offer his obeisance After listening to the discourse, Dhanya merchant handed over the responsibility of the family to his eldest son and got initiated He acquired the knowledge of the eleven canons and lived a long and disciplined ascetic life In the end, he took the ultimate vow of one month duration He embraced a meditators death and reincarnated as a god After completing his life-span as a god he will reincarnate in the Mahavideh area and ending all miseries achieve liberation

सूत्र १८ : एव खलु जबू ! समणेणं भगवया महावीरेण पन्नरसमस्स नायज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते त्ति बेमि।

सूत्र १८ हे जम्बू ! श्रमण भगवान महावीर ने पन्द्रहवें ज्ञात अध्ययन का यह अर्थ कहा है। मैने जैसा सुना वैसा ही कहा है।

18. Jambu! This is the text and the meaning of the fifteenth chapter of the Jnata Sutra as told by Shraman Bhagavan Mahavir. So I have heard and so I confirm

|| पण्णरसमं अज्झयणं समत्तं ||

|| पन्द्रहवाँ अध्ययन समाप्त ||

|| END OF THE FIFTEENTH CHAPTER ||

उपसंहार

ज्ञाता धर्म कथा की यह पन्द्रहवीं कथा इंद्रियों के विषयों में अनायास आकर्षित होकर वर्जित कार्यों में संलग्न हो जाने के दुष्परिणाम को स्पष्ट करती है। नन्दीफल वृक्षों के आकर्षक किन्तु विषैले वातावरण के उदाहरण से साधना में भटकाव के प्रति सावधान रहने के महत्व को समझाया गया है।

अन्य कथाओं के समान इस कथा मे भी सामाजिक जीवन के एक विशिष्ट पहलू का वर्णन किया है। सामर्थ्यवान व्यक्ति अपनी विकास यात्रा में समाज के अकिंचन श्रेणी में आने वाले सामान्य व्यक्तियो को भी सम्मिलित करता था और उन्हें बंधु भाव के साथ सब सुविधाएँ उपलब्ध कराता था। सामाजिक उत्तरदायित्व की यह शिक्षा कथा में सहज ही सम्मिलित हो गई है।

CONCLUSION

This fifteenth story of Jnata Dharma Katha explains the fearsome consequences of indulging in prohibited activities under the influence of attraction for carnal pleasures Giving the example of Nandiphal trees that are attractive but toxic, it explains the importance of taking precaution against faltering in spiritual practices

Just as the other chapters include valuable information about the then-prevailing social conditions this story also details a specific facet A man with resources invites impoverished members of the society to join him in his journey towards progress With a feeling of fraternity he provides everything needed to those who join This lesson of social responsibility has been included as a natural part of the story

उपनय गाथा

चंपा इव मणुयगई, धणो व्व भयवं जिणोदएक्करसो।
अहिच्छत्तानयरिसमं इह निव्वाणं मुणेयव्वं॥१॥
घोसणया इव तित्थंकरस्स सिवमग्गदेसणमहग्घं।
चरगाइणो व्व इत्थं सिवसुहकामा जिया बहवे॥२॥

नंदिफलाइ व्व इइं सिवपह–पडिवण्णगाण विसया उ।
तब्भक्खणाओ मरणं, जह तह विसएहि संसारो॥३॥
तव्वज्जणेण जह इट्ठपुरगमो विसयवज्जणेण तहा।
परमाणंद–निबंधण-सिवपुरगमणं मुणेयव्वं॥४॥

चम्पा नगरी के समान मनुष्यगति, धन्य सार्थवाह के समान एकान्त दयालु भगवान् तीर्थंकर और अहिच्छत्रा नगरी के समान निर्वाण समझना चाहिए॥१॥

धन्य सार्थवाह की घोषणा के समान तीर्थंकर भगवान की मोक्षमार्ग की अनमोल देशना और चरक आदि के समान मुक्ति-सुख की कामना करने वाले प्राणी जानना चाहिए॥२॥

मोक्षमार्ग को अंगीकार करने वालो के लिए इन्द्रियों के विषय (विषमय फलदाता) नंदीफल के समान है। जैसे नंदीफलो के भक्षण करने से मरण प्राप्त हुआ, उसी प्रकार इन्द्रियविषयों के सेवन से ससार मे जन्म-मरण जानना चाहिए॥३॥

नन्दीफलों के नही सेवन करने से जैसे इष्ट पुर (अहिछत्रा नगरी) की प्राप्ति कही गई, उसी प्रकार विषयो के परित्याग से निर्वाण-नगर की प्राप्ति होती है, जो परमानन्द का कारण है॥४॥

THE MESSAGE

Champa city is the human state, Dhanya merchant is the absolutely compassionate Tirthankar, and Ahicchatra city is Nirvana (1)

The announcement by Dhanya merchant is the unique discourse about the path of purification by the Tirthankar The destitute like Charak are the beings seeking the bliss of liberation (2)

For those who tread the path of liberation, carnal pleasures are like the Nandiphal trees As the consumption of Nandi fruits led to death, indulgence in carnal pleasures leads to the unending cycles of rebirth. (3)

As avoiding these toxic fruits helped in reaching the destination (Ahicchatra), avoiding indulgence in carnal pleasures helps in reaching Nirvana city (the state of liberation), the source of ultimate bliss (4)

परिशिष्ट

अहच्छित्रा नगर–इस प्राचीन नगर का उल्लेख तो कई ग्रन्थों में है किन्तु आज की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। जैनयात्रियो के अनुसार आगरा से ईशानकोण मे स्थित कुरुजागल प्रदेश मे स्थित है यह नगर। अन्य यात्री इसे मेवात क्षेत्र में बताते हैं। जिनप्रभसूरि के तीर्थकल्प के अनुसार यह कुरुजांगल प्रदेश की प्राचीन शखावली नामक नगरी थी जो भगवान पार्श्वनाथ के कमठ उपसर्ग के पश्चात् अहिच्छत्रा नाम से प्रसिद्ध हो गई। ह्युएनत्सेग के यात्रा वर्णनो मे भी इसकी चर्चा है। महाभारत मे भी इसका उल्लेख है। हेमचद्रसूरि ने इसका अन्य नाम प्रत्यग्रथ बताया है।

चरक–एक प्रकार के त्रिदण्डी परिव्राजक जो कछोटा (कच्छा या लगोट) पहनते थे तथा यूथ बध (समूह रूप) रहते थे। ये खाद्य वस्तुओं का प्रथम भाग भिक्षा मे लेते थे।

चीरिक–रास्ते में पड़े कपडे (चिथड़े) उठाकर पहनने वाले एक प्रकार के सन्यासी।

चर्मखंडिक–चमड़े के वस्त्र तथा उपकरण उपयोग मे लाने वाले सन्यासी।

भिक्षाण्ड–केवल भिक्षा से निर्वाह करने वाले। अन्यो द्वारा लाई भिक्षा पर निर्वाह करने वाले। बौद्ध भिक्षु।

पाण्डुरंग–शिव-भक्त, शरीर पर भभूत लपेटने वाले सन्यासी, गोशालक के अनुयायी साधु (निशीथ चूर्णि), गाय के दही, दूध, घी आदि को मास समझकर ये नही खाते थे। (उद्योतनसूरि)।

गौतम–बैल के साथ उसकी क्रीड़ा दिखाकर भिक्षा ग्रहण करने वाले।

गोव्रती–गाय की सेवा करते हुए उसके अनुरूप कार्य करने का व्रत रखने वाले–अर्थात् जव गाय बैठे तो वे बैठें, जब गाय खावे तो वे खावे आदि। गौचर्यानुगामी।

गृहिधर्मी–गृहस्थ धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ मानने वाले तथा सदा वैसा ही चिन्तन करने वाले।

अविरुद्ध–विनयवादी, प्राणिमात्र का विनय करने वाले।

विरुद्ध–अक्रियावादी, ये परलोक नही मानते तथा सभी मतो का खण्डन करते है।

वृद्ध–वृद्धावस्था मे सन्यास लेने वाले, ऋषभदेव के समय के वे श्रावक जो कालान्तर मे ब्राह्मण हो गए। वे पुरातन होने के कारण आदिलिंगी अथवा वृद्ध कहे जाते थे।

श्रावक–धर्मशास्त्र सुनने वाले ब्राह्मण।

रक्तपट–लाल वस्त्रधारी परिव्राजक।

APPENDIX

Ahicchatra city—This ancient town finds mention in many scriptures but its present location remains uncertain According to Jain pilgrims it is located in the Kuru-Jangal area north-east of Agra Other travellers believe it to be the Mewat area According to the Tirthakalp of Jinprabhsuri it was earlier known as Shankhavali city in the Kuru-Jangal area, but after Kamath's famous affliction to Bhagavan Parshvanath it became popular as Ahicchatra It finds mention in the travelogues of Huentseng as well as the Mahabharat According to Hemchandrasuri it was also known as Pratyagarth

Charak—Mendicants carrying Trident and wearing special garb like shorts, who moved in group They accepted only the first portion of meals as alms

Cheerak—Mendicants who dressed in rags thrown away on the road

Charmakhandak—Mendicants who used pieces of leather to make their dresses and other equipments

Bhikshand—Mendicants living on alms specially collected by others for them Also Buddhist monks

Pandurang—Devotees of Shiva, mendicants who covered their body with ash, ascetic followers of Goshalak (Nisheeth Churni), mendicants who did not consume milk products, considering them to be like meat (Udyotan Suri)

Gautam—Those who collected alms after showing tricks performed by trained oxen

Govrati—Mendicants who took care of cows as well as followed a vow to imitate the activities of a cow They would sit, stand, eat, etc when the cow did so

Grihidharmi—Those who considered the duties of a householder to be the highest code of conduct

Aviruddha—Those who considered humility and humble behaviour towards all living beings as their religion

Viruddha—Those who did not believe in life after death and opposed every other school of thought

Vriddha—Those who renounced the world in their old age, Shravaks belonging to the period of Rishabhdev who later turned Brahmans These were called Adilingi or Vriddha (old) because of their ancient lineage

Shravak—The Brahmans who listened the scriptures recited

Raktapat—A type of red clad mendicants

■■

सोलहवाँ अध्ययन : अमरकंका : आमुख

शीर्षक–अवरकका (दोवती)–अमरकका (द्रौपदी)–नाम विशेष। अमरकंका एक नगरी का नाम है तथा द्रौपदी एक महिला का। श्रीकृष्ण वासुदेव की बहन तथा पाँच पाडवो की पत्नी द्रौपदी चरित्र नायिका है अत इस अध्ययन का अपर नाम द्रौपदी है। द्रौपदी का अपहरण कर उसे अमरकका नाम की नगरी में ले जाया गया था अत इस अध्ययन का नाम अमरकंका है। इस अपेक्षाकृत विशाल कथा में अनेक उदाहरण हैं जिनके आधार पर कई महत्त्वपूर्ण भावों को प्रकट किया गया है। भय और स्वार्थवश मनुष्य बिना सोचे समझे ऐसे अकार्य कर बैठता है जो उसके अध पतन का कारण बनते है। सुविधाओं में लिप्त रहकर गुरु आज्ञा का पालन नहीं करता। दैहिक आकर्षण से आकाक्षाओ को मन में बसा लेता है। आत्मिक विकास की राह मे ऐसी अनेक बाधाओं–उनके प्रभावो तथा उनसे मुक्ति की बाते इस रोचक कथा मे समझाई गई हैं।

कथासार–चम्पानगरी मे तीन ब्राह्मण अपनी पत्नियो सहित रहते थे। ये सभी अनुक्रम से प्रतिदिन एक भाई के घर भोजन करते थे। एक दिन एक भाई की स्त्री नागश्री के यहाँ सब भोजन करने वाले थे। उसने प्रचुर भोजन सामग्री बनवाई तथा एक तुम्बे की खूब मसालेदार सब्जी स्वयं अपने हाथ से बनायी। चखने पर मालूम पडा वह तुम्बा खारा (कडवा) था। नागश्री ने वह सब्जी तो उठाकर रख दी और एक अन्य मीठे तुम्बे की सब्जी बना दी। सब लोगों ने पेट भर भोजन किया।

उस समय धर्मघोष नामक आचार्य अपने शिष्य समुदाय सहित चम्पानगरी में आये हुये थे। उनके एक शिष्य धर्मरुचि अपने मासखमण के पारणे के लिए उस दिन भिक्षा हेतु निकले। नागश्री ने उन्हे सहज-अवकर (कूडा डालने की उकरडी) जान उनके पात्र मे वह कड़वी सब्जी ऊंडेल दी। धर्मरुचि ने लौटकर प्राप्त भिक्षान्न अपने गुरु को दिखाया। गुरु ने पहचान लिया कि वह सब्जी विषैली है अत उन्होने धर्मरुचि से कहा कि वह सब्जी उचित स्थान देखकर वहाँ परठ दे और पुन अन्य भिक्षा लेकर आवे। धर्मरुचि ने उचित स्थान देख वहाँ एक बूँद सब्जी डाली। उस एक बूँद पर अनेक चींटियाँ आ गईं और वह सब्जी चखते ही तत्काल मर गईं। धर्मरुचि ने विचार किया कि जब एक बूँद से इतने जीव मर गये तो सारी सब्जी डाल देने से तो असख्य जीवों का हनन हो जायेगा। यह सोच उसने सारी सब्जी स्वय ही अपने उदर में डाल ली और उसकी तत्काल मृत्यु हो गई। यह समाचार धीरे-धीरे फैल गया और सभी नागश्री पर थू-थू करने लगे। उसके परिवार वालो ने भी उसे धिक्कार कर घर से निकाल दिया। उसे कोई आश्रय नहीं मिला और वह दु ख भोगती हुई मर गई। अनेक जन्मो तक उसने नरक की यातना भोगी।

अन्ततः वह चम्पानगरी में ही सागरदत्त नाम के वणिक के घर सुकुमालिका के रूप में जन्मी। उसका विवाह सागर नाम के श्रेष्ठि पुत्र से हुआ। किन्तु उसके शरीर का स्पर्श ही अग्नि ज्वाला जैसा दुःखदायी होने के कारण वह उसे छोड़ भागा। उसके पिता ने एक भिखारी से उसका पुनर्विवाह कर दिया। भिखारी भी उसका स्पर्श नहीं कर सका और वह भी उसे छोड़ भागा। फिर उसने दीक्षा ले ली और उग्र तपस्या करने लगी। पर उसके मन की वासना ज्यों की त्यों बनी रही। एक बार गुरु आज्ञा के विरुद्ध वह उद्यान में तपस्यारत थी। तब एक गणिका को पाँच व्यक्तियो के साथ भोग विलास करते देख उसके मन में संकल्प उठा कि इस तपस्या का कोई फल होता हो तो उसे भी इसी प्रकार भोग विलास का आनन्द मिले। इस प्रकार निदान कर लिया। उसकी साधना में धीरे-धीरे शिथिलता बढ़ने लगी। अन्तत मृत्यु प्राप्त कर वह पांचाल नरेश द्रुपद की पुत्री द्रौपदी के रूप में जन्मी।

द्रौपदी युवा हुई तो उसके पिता ने स्वयंवर रचा, जहाँ देश के सभी शूरवीर राजाओं को बुलाया गया। द्रौपदी ने पॉच पाण्डवों को एक स्थान पर बैठे देख पूर्वजन्म के संकल्प से प्रेरित हो उन पाँचो का वरण कर लिया। हस्तिनापुर मे राजा पाण्डु के महल में एक बार नारद मुनि का आगमन हुआ। द्रौपदी ने नारद को असयत मानकर उनका आदर सत्कार नहीं किया। नारद ने क्षुब्ध हो धातकीखड मे अमरकका नगरी के राजा पद्मनाभ को उकसाया। पद्मनाभ ने अपने एक मित्र देव की सहायता से द्रौपदी का अपहरण करवा लिया। द्रौपदी वहाँ राजा से अपने छुटकारे की अपेक्षा मे छह मास का समय मॉग तपस्यारत हो गई।

इधर पाण्डु राजा को द्रौपदी की कोई खोज नहीं मिली तो उन्होने कृष्ण वासुदेव से सहायता माँगी। कृष्ण वासुदेव पाण्डवो सहित अमरकंका पहुँचे और पद्मनाभ को ललकारा। युद्ध हुआ और पाण्डव पराजित हो गए। फिर कृष्ण ने अपनी शक्ति से पद्मनाभ को हरा दिया और द्रौपदी को छुडाकर पाण्डवों को सौप दिया।

लौटते समय पाण्डवो ने कृष्ण की शक्ति परीक्षा लेने के हेतु गंगा नदी पार कर नाव छुपा दी। कृष्ण ने अपने रथ को हाथ मे उठा तैरकर नदी पार की। उन्हे जब यह ज्ञात हुआ कि यह कार्य पाण्डवो ने उनकी शक्ति की परीक्षा हेतु किया था तो उन्होंने क्रुद्ध हो पाण्डवो को देश निकाला दे दिया।

पाण्डु राजा को यह पता चला तो उन्होने कुन्ती को कृष्ण के पास भेजा। तब कृष्ण ने कहा कि दक्षिण समुद्र के तट पर पाण्डव एक नया नगर–पाण्डु-मथुरा बसाकर रह सकते हैं। पाण्डव वहाँ रहने लगे। कालान्तर मे उन्होने द्रौपदी सहित दीक्षा ले ली और शत्रुंजय पर्वत पर जा कर मोक्ष प्राप्त किया। द्रौपदी ने भी स्वाध्याय व तपस्या द्वारा कर्मों को क्षीण किया और मरकर देवलोक मे जन्मी। वहाँ से महाविदेह मे जन्म लेकर मोक्ष प्राप्त करेगी।

SIXTEENTH CHAPTER : AMARKANKA : INTRODUCTION

Title—Avarkanka (Dovati)—Amarkanka (Draupadi)—names Amarkanka is the name of a city and Draupadi that of a woman Draupadi, the sister of Shri Krishna Vasudev and the wife of the five Pandavs is the central character in this story and so the alternative name of this chapter Draupadi was abducted and brought to the city of Amarkanka and so the name of this chapter In this comparatively long story many important subjects have been explained with the help of various examples Pushed by fear and selfishness, man behaves irrationally and indulges in many deplorable activities that cause his downfall Enslaved by comforts and conveniences he goes against the advice of his guru The attractions of carnal pleasures inspire perverted ambitions Various hurdles on the spiritual path and ways to overcome have been discussed in this gripping tale

Gist of the story—In Champa city lived three Brahmans with their wives They assembled for food at one or another brother's house in turn each day One day they were to eat at the house of the brother whose wife was Nagshri She had ample food cooked for the occasion and also herself cooked a curry of gourd enriched with plenty of spices When she tasted this curry she found that the gourd she used was bitter Nagshri put that curry aside and cooked afresh using a sweet gourd All the members of the family ate their fill

During the same period Acharya Dharmaghosh was staying in Champa city with his disciples One of his disciples, Dharmaruchi, went out to collect alms for breaking his one month fast Nagshri poured all the bitter curry into his pot considering it to be a waste-basket Dharmaruchi, on his return, showed his begging to his Guru who immediately knew that the curry was bitter and toxic He asked Dharmaruchi to throw it away at a proper place and go out to beg again Dharmaruchi went out and found a suitable spot and poured just a drop of the curry At once numerous ants swarmed and the moment they consumed that small quantity of toxic curry they died on the spot Dharmaruchi thought that when just one drop killed so many beings the pot full of curry would kill infinite beings He himself consumed the pot full of that toxic curry and died on the spot The news of his death spread like wildfire and every one started cursing Nagshri The members of her family also insulted her and threw her out of the house In absence of any refuge she roamed around and died suffering For numerous births she suffered the agony of hell

At last she was born as Sukumalikà, the daughter of merchant Sagardatt in Champa city She was married to Sagar, the son of another merchant As her touch was as painful as that of fire her husband abandoned her the very first night Her father once again married her to a beggar, but he also could not tolerate her touch and ran away In the end she turned into an ascetic and started harsh penance But her inner lust remained as it was. One day she was doing some penance in a garden against the order of her guru She saw a courtesan enjoying carnal pleasures with five men and was inspired to imagine that, if there was any benefit of the harsh penance she was doing, she wished to enjoy such pleasure during her next birth She turned this wish into an ambition Gradually she became lax in her discipline After her death she reincarnated as Draupadi, the daughter of King Drupad of Panchal

When Draupadi reached marriageable age her father organized a Svayamvar so that she could select a suitable match on her own He invited brave and glorious kings from all over the country When Draupadi saw five Pandav brothers sitting in a group she was inspired by her ambition from her last birth and she chose all the five brothers as her husbands Once the sage Narad visited King Pandu's palace in Hastinapur Considering Narad to be an indisciplined sage Draupadi did not extend him due courtesy and honour Narad was peeved and went and instigated King Padmanabh of Amarkanka city in Dhatkikhand continent the evil deed With the help of a friendly god Padmanabh abducted Draupadi In hope of liberation Draupadi managed to get a reprieve for six months from Padmanabh and started doing penance

In the meantime when king Pandu could not find Draupadi in spite of all his efforts he sought help from Krishna Vasudev Krishna took the Pandavs along to Amarkanka and challenged King Padmanabh Pandavs were defeated by Padmanabh in the ensuing battle Finally Krishna himself used his powers and defeated Padmanabh He got Draupadi released and brought her to the Pandavs

On the way back the Pandavs hid the boat on the bank of the Ganges to test Krishna's powers Krishna lifted his chariot in one hand and swam across the great river When he came to know about the mischief of Pandavs he got angry and ordered the exile of Pandavs.

When Pandu came to know of this he sent Kunti to pacify Krishna Krishna relented slightly and asked Pandavs to found a new town—Pandu Mathura—and live there The Pandavs did accordingly In a later part of their lives, the Pandavs and Draupadi became ascetics The Pandavs went to Shatrunjaya mountain and achieved liberation Draupadi also engaged in study and penance to shed Karmas After her death she reincarnated as a god and will attain liberation after reincarnating in Mahavideh area

■■

सोलसमं अज्झयणं : अवरकंका
सोलहवाँ अध्ययन : अमरकंका
SIXTEENTH CHAPTER : AVARKANKA - AMARKANKA

सूत्र १ : जइ णं भंते ! समणेणं भगवया महावीरेणं पन्नरसमस्स नायज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते, सोलसमस्स णं भंते ! णायज्झयणस्स समणेणं भगवया महावीरेणं के अट्ठे पण्णत्ते ?

सूत्र १ जम्बू स्वामी ने प्रश्न किया-भंते ! जब श्रमण भगवान महावीर ने पन्द्रहवें ज्ञात अध्ययन का पूर्वोक्त अर्थ बताया है तो सोलहवे ज्ञात अध्ययन का उन्होंने क्या अर्थ कहा है ?

1. Jambu Swami inquired, "Bhante! What is the meaning of the sixteenth chapter according to Shraman Bhagavan Mahavir?"

सूत्र २ : एवं खलु जंबू ! तेणं कालेणं तेणं समएणं चंपा णाम णयरी होत्था। तीसे णं चंपाए नयरीए बहिया उत्तर पुरच्छिमे दिसीभाए सुभूमिभागे णामं उज्जाणे होत्था।

सूत्र २ : सुधर्मास्वामी ने समाधान दिया-हे जम्बू ! काल के उस भाग मे चम्पा नाम की नगरी थी जिसके बाहर उत्तर-पूर्व दिशा में सुभूमि भाग नामक उद्यान था।

2. Sudharma Swami narrated—Jambu! During that period of time there was a town named Champa Outside the town in the north-eastern direction there was a garden named Subhumibhag

सूत्र ३ तत्थ णं चपाए नयरीए तओ माहणा भायरो परिवसंति, त जहा-सोमे, सोमदत्ते, सोमभूई, अड्ढा जाव रिउव्वेय सुपरिनिट्ठिया।

तेसि ण माहणाणं तो भारियाओ होत्था, त जहा-नागसिरी, भूयसिरी, जक्खसिरी। सुकुमाल-पाणिपायाओ जाव तेसि ण माहणाण इट्ठाओ, विपुले माणुस्सए .कामभोगे पच्चणुभवमाणीओ विहरंति।

सूत्र ३ उस चम्पा नगरी मे सोम, सोमदत्त और सोमभूति नाम के तीन ब्राह्मण भाई रहते थे। वे धनाढ्य थे और ऋगृवेद आदि वेद शास्त्र तथा अन्य ब्राह्मण ग्रथों के पारगत विद्वान् भी थे।

उन तीनों भाइयो की पत्नियो के नाम थे-नागश्री, भूतश्री और यक्षश्री। वे सुन्दर और सुकुमार थी तथा अपने पतियो को प्रिय थी। मनुष्योचित कामभोग भोगती वे अपना सुखमय जीवन व्यतीत करती थी।

3. In Champa lived three Brahman brothers named Som, Somdatt, and Sombhuti They were rich as well as scholars of Vedas and other Brahman scriptures.

The names of the wives of these brothers were Naagshri, Bhootshri, and Yajnashri respectively. They were beautiful and delicate and were loved by their respective husbands. They led a happy life enjoying all human pleasures.

सूत्र ४ : तए णं तेसिं माहणाणं अन्नया कयाई एगयओ सहियाणं समुवागयाणं, जाव इमेयारूवे मिहो कहासमुल्लावे समुप्पज्जित्था–'एवं खलु देवाणुप्पिया ! अम्हं इमे विपुले धणे जाव सावतेज्जे अलाहि जाव आसत्तमाओ कुलवंसाओ पकामं दाउं, पकामं भोत्तुं, पकामं परिभाएउं, तं सेयं खलु अम्हं देवाणुप्पिया ! अन्नमन्नस्स गिहेसु कल्लाकल्लिं विपुलं असणं पाणं खाइमं साइमं उवक्खडेउं उवक्खडेउं परिभुंजेमाणाणं विहरित्तए।

अन्नमन्नस्स एयमट्ठं पडिसुणेंति, कल्लाकल्लिं अन्नमन्नस्स गिहेसु विपुलं असणं पाणं खाइमं साइमं उवक्खडावेंति, उवक्खडावित्ता परिभुंजेमाणा विहरंति।

सूत्र ४ : एक बार जब वे तीनो भाई साथ बैठे तो उनके बीच इसप्रकार बातचीत हुई–"देवानुप्रियो ! हमारे पास प्रचुर धन-वैभव आदि विद्यमान है जो सात पीढ़ियों तक देने, भोगने और बाँटने के लिये यथेष्ट है। अतः हे देवानुप्रियो ! हम लोगों के लिए नित्य बारी-बारी से एक-दूसरे के घर बहुत-सी भोजन सामग्री बनवाकर एक साथ बैठकर खाना अच्छा होगा।"

तीनों बंधु इस बात पर सहमत हो गये और दूसरे दिन से ही वे एक दूसरे के घरों में भोजन आदि सामग्री बनवाकर साथ-साथ भोजन करने लगे।

4. One day when the three brothers were sitting together they talked, "Beloved of gods! We have great wealth and grandeur, enough to last seven generations of use as well as distribution So we should prepare rich food and enjoy it together each day in turn at one brother's residence."

All three agreed to the plan and started acting on it the very next day

कटु तुंबे का शाक

सूत्र ५ : तए णं तीसे नागसिरीए माहणीए अन्नया भोयणवारए जाए यावि होत्था। तए णं सा नागसिरी विपुलं असणं पाणं खाइमं साइमं उवक्खडेइ, उवक्खडित्ता एगं महं सालइयं तित्तालाउअं बहूसंभार-संजुत्तं णेहावगाढं उवक्खडेइ, एगं बिंदुयं करयलंसि आसाइए, तं खारं कडुयं अखज्जं अभोज्जं विसब्भूयं जाणित्ता एवं वयासी–'धिरत्थु णं मम नागसिरीए अहन्नाए अपुन्नाए दूभगाए दूभगसत्ताए दूभगणिंबोलियाए, जीए णं मए सालइए बहुसंभारसंभिए नेहावगाढे उवक्खडिए सुबहुदव्वक्खए नेहक्खए य कए।

सूत्र ५ : एक दिन जब नागश्री ब्राह्मणी की बारी आई तो उसने प्रचुर भोजन सामग्री बनवाई। साथ ही उसने एक बड़े से रस भरे तुबे की बहुत से मसाले भरकर तेल में छौंककर सब्जी तैयार की। उसने इस सब्जी के रस की एक बूँद हथेली में लेकर चखी तो पता लगा कि वह खारी, कड़वी, अखाद्य और विष जैसी है। यह समझते ही वह मन ही मन अपने आपको धिक्कारने लगी– "धिक्कार है मुझ अधन्या, पुण्यहीना, भाग्यहीना, अति अभागिनी निंबोली जैसी अनादरणीय नागश्री को जिसने यह रसदार कड़वे तुबे की अनेक मसाले और तेल भरी सब्जी तैयार की। इसके लिए ढेर सारा सामान बिगाडा और तेल का सत्यानाश कर डाला।

CURRY OF THE BITTER GOURD

5. One day, on her turn, Naagshri got elaborate meals cooked in large quantity She also cooked herself curry of a large juicy gourd using liberal quantities of spices and oil When she took a drop of this curry in her palm and tasted it she found that it was bitter, pungent, and repugnant like poison Realizing her mistake she cursed herself, "Curse me, the worthless, virtueless, ill-fated, unlucky, and as hateful as the bitter margosa-berry, who has cooked this bitter gourd using lots of spices and oil I have wasted a lot of time and material including plenty of oil

सूत्र ६ : तं जइ णं मम जाउयाओ जाणिस्संति, तो ण मम खिंसिस्सति, त जाव ताव मम जाउयाओ ण जाणंति, ताव मम सेयं एय सालइय तित्तालाउं बहुसंभारनेहकड एगते गोवेत्तए, अन्नं सालइअ महुरालाउयं जाव नेहावगाढं उवक्खडेत्तए। एवं संपेहेइ, सपेहित्ता त सालइय जाव गोवेइ, अन्नं सालइयं महुरालाउय उवक्खडेइ।

सूत्र ६ "यदि मेरी देवरानियाँ यह सब जानेगी तो मेरी निन्दा करेगी। इससे पूर्व कि वे जान पाएँ, यही उचित होगा कि इस तुबे की सब्जी को कही छुपा दिया जाय और दूसरे मीठे तुंबे की सब्जी इसी प्रकार तेल-मसाले भरकर पका ली जाय।" यह सोचकर नागश्री ने कडुआ तुबा छुपा दिया और नए मीठे तुबे की सब्जी पका ली।

6. "If my Devaranis (wives of younger brothers of the husband) come to know of it they will criticize me It would be better if I hide this bitter curry and cook afresh, using a sweet gourd and employing the same recipe, before they come to know of it" And she hid the bitter curry and cooked afresh

सूत्र ७ : उवक्खडेत्ता तेसिं माहणाणं ण्हायाणं जाव सुहासणवरगयाण तं विपुलं असणं पाणं खाइम साइमं परिवेसइ। तए णं ते माहणा जिमियभुत्तुत्तरागया समाणा आयता चोक्खा परमसुइभूया सकम्मसंपउत्ता जाया यावि होत्था। तए णं ताओ माहणीओ ण्हायाओ जाव विभूसियाओ तं विपुलं असण पाणं खाइम साइमं आहारेंति, आहारित्ता जेणेव सयाइं गेहाइ तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सकम्मसंपउत्ताओ जायाओ।

सूत्र ७ · यथासमय वे ब्राह्मण बंधु स्नानकर सुखासन पर बैठे। उन्हें यथेष्ट भोजन परोसा गया। भोजन के बाद आचमन कर स्वच्छ हो, हाथ-मुँह पोंछकर वे अपने-अपने काम में लग गये। तत्पश्चात् स्नानादि कर वस्त्राभूषण पहन विभूषित हुई ब्राह्मणियों ने भी पेट भर भोजन किया और अपने-अपने घर लौटकर अपने कार्यों में जुट गईं।

7. At the usual hour the Brahman brothers sat down to eat, after taking their bath. They were served liberal quantities of various dishes. After meals they washed their hands and mouths and resumed their normal routine. After that, the ladies also took bath, got dressed up and ate their fill. They dispersed and resumed their normal activities

स्थविर-आगमन

सूत्र ८ : तेणं कालेणं तेणं समएणं धम्मघोसा नामं थेरा जाव बहुपरिवारा जेणेव चंपा णामं नयरी, जेणेव सुभूमिभागे उज्जाणे, तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता अहापडिरूवं जाव विहरंति। परिसा निग्गया। धम्मो कहिओ। परिसा पडिगया।

सूत्र ८ · काल के इस भाग मे धर्मघोष नाम के स्थविर अपने विशाल शिष्य परिवार के साथ चम्पा नगरी के सुभूमि भाग उद्यान मे पधारे। उचित उपाश्रय की याचना कर वहा ठहरे। परिषद निकली और धर्मोपदेश सुन लौट गई।

ARRIVAL OF THE ASCETIC

8. During that period of time the great ascetic Sthavir Dharmaghosh arrived, with a large family of his disciples, in the Subhumibhag garden outside Champa city He stayed there after seeking a suitable place A delegation of citizens came and after his discourse returned back.

सूत्र ९ · तए णं तेसिं धम्मघोसाणं थेराणं अंतेवासी धम्मरुई नामं अणगारे ओराले जाव तेउलेस्से मासं मासेणं खममाणे विहरइ। तए णं से धम्मरुई अणगारे मासखमणपारणगंसि पढमाए पोरिसीए सज्झायं करेइ, करित्ता बीयाए पोरिसीए एवं जहा गोयमसामी तहेव उग्गाहेइ, उग्गाहित्ता तहेव धम्मघोस थेरं आपुच्छइ, जाव चंपाए नयरीए उच्च-नीय-मज्झिमकुलाइं जाव अडमाणे जेणेव नागसिरीए माहणीए गिहे तेणेव अणुपविट्ठे।

सूत्र ९ धर्मघोष स्थविर के एक शिष्य थे धर्मरुचि अनगार। वे उदार-उग्र तपस्वी थे और तेजोलेश्या के धारक भी। वे एक-एक मास का तप करते रहते थे। उस दिन उनके मासखमण के पारणे का दिन था। उन्होने पहली पौरुषी में स्वाध्याय किया फिर क्रमश· ध्यानादि किये (विस्तृत विवरण गौतम स्वामी के समान)। तीसरे प्रहर में उन्होंने पात्रों का प्रतिलेखन किया और पात्र लेकर धर्मघोष स्थविर से आज्ञा प्राप्त कर भिक्षाटन के लिए निकले। चम्पानगरी के उच्च, नीच व मध्यम कुलों में घूमते हुए वे नागश्री ब्राह्मणी के घर में आए।

9. Sthavır Dharmaghosh had a dıscıple named ascetıc Dharmaruchı He ındulged in great and rıgorous penances and possessed the fire-power, Tejoleshya He observed the penance of month long fast frequently It was the day of breakıng a month long fast Durıng the first quarter of the day he medıtated and after that contınued hıs daıly routıne of studıes etc (as Gautam Swamı dıd) Durıng the thırd quarter of the day he cleaned hıs beggıng bowls Wıth hıs bowls he went to Sthavır Dharmaghosh and after seekıng hıs permıssıon went out to collect alms Goıng from one house to other of the rıch, mıddle class, and lower class cıtızens of Champa he arrıved at the house of Naagshrı

कटु तुंबे का दान

सूत्र १० · तए ण सा नागसिरी माहणी धम्मरुइं एज्जमाण पासइ, पासित्ता तस्स सालइयस्स तित्तकडुयस्स बहुसभारसजुत्त णेहावगाढ निसिरणट्ठयाए हट्ठतुट्ठा उट्ठेइ, उट्ठित्ता जेणेव भत्तघरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता त सालइय तित्तकडुय च बहुनेह धम्मरुइस्स अणगारस्स पडिग्गहंसि सव्वमेव निसिरइ।

सूत्र १० नागश्री ने जब धर्मरुचि अनगार को आते देखा तो उस कडुए-खराब तुबे के साग से छुटकारा पाने का अवसर जान वह प्रसन्न हुई। खडी होकर रसोई मे गई और सारी की सारी कडुवी सब्जी लाकर अनगार के पात्र मे डाल दी।

GIVING AWAY THE BITTER GOURD

10 When Naagshrı saw Ascetıc Dharmaruchı approachıng she was pleased to find the opportunıty to get rıd of the bıtter gourd curry She fetched the curry from the kıtchen and poured ıt ınto the ascetıc's bowl

सूत्र ११ तए ण से धम्मरुई अणगारे अहापज्जत्तमित्ति कट्टु णागसिरीए माहणीए गिहाओ पडिणिक्खमइ, पडिणिक्खमित्ता चपाए नगरीए मज्झमज्झेण पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता जेणेव सुभूमिभागे उज्जाणे जेणेव धम्मघोसा थेरा तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता धम्मघोसस्स अदूरसामते इरियावहियं पडिक्कमइ, अन्नपाण पडिलेहेइ अन्नपाण करयलंसि पडिदसेइ।

सूत्र ११ 'मेरे लिए यह आहार पर्याप्त है' यह जानकर धर्मरुचि अनगार नागश्री के घर से निकलकर चम्पानगरी मे होते हुए सुभूमिभाग उद्यान मे लौटे। वहाँ पहुँचकर धर्मघोष स्थविर के निकट ईर्यापथ का प्रतिक्रमण किया और अन्न-पानी का प्रतिलेखन कर गुरु को दिखलाया।

11 "Thıs much food ıs enough for me," thınkıng thus Ascetıc Dharmaruchı came out of the house of Naagshrı and crossıng the town returned to Subhumıbhag garden He went to Sthavır Dharmaghosh, dıd the rıtual

review of his movement (Iryapathic Pratikraman), arranged the food he had brought and showed it to his guru

सूत्र १२ : तए णं ते धम्मघोसा थेरा तस्स सालइयस्स नेहावगाढस्स गंधेण अभिभूया समाणा तओ सालइयाओ नेहावगाढाओ एगं बिंदुगं गहाय करयलंसि आसाएइ, तित्तगं खार-कडुयं अखज्जं अभोज्ज विसभूय जाणित्ता धम्मरुइं अणगारं एव वयासी-'जइ ण तुमं देवाणुप्पिया ! एयं सालइय जाव नेहावगाढ आहारेसि तो णं तुम अकाले चेव जीवियाओ ववरोविज्जसि, त मा ण तुमं देवाणुप्पिया ! इम सालइय जाव आहारेसि, मा ण तुम अकाले चेव जीवियाओ ववरोविज्जसि। त गच्छ ण तुमं देवाणुप्पिया ! इम सालइय एगतमणावाए अचित्ते थडिले परिट्ठवेहि, परिट्ठवित्ता अन्न फासुय एसणिज्ज असण पाणं खाइमं साइमं पडिगाहेत्ता आहारं आहारेहि।'

सूत्र १२ धर्मघोष स्थविर उस शाक में से निकलती गध से उद्विग्न और विचलित हो गए। उसमे से एक बूँद हथेली मे लेकर चखा। उस सब्जी को तीखी, खारी, कडुवी और विष के समान अखाद्य जानकर वे बोले-"देवानुप्रिय ! यदि तुम यह तुवे की सब्जी खाओगे तो तुम्हारी अकाल मृत्यु हो जायेगी। अत तुम यह सब्जी मत खाना, ऐसा न हो कि तुम खा लो और तुम्हारे प्राणो का असमय ही अन्त हो जाए। हे देवानुप्रिय ! तुम जाओ और किसी एकान्त, आवागमन रहित, उचित एव अचित्त भूमि (जहा जीव हिसा की सभावना न हो) मे सावधानी पूर्वक परठ दो (डाल दो) और पुन दूसरा प्रासुक और एषणीय आहार ग्रहण करो और वही खाओ।"

12 Sthavir Dharmaghosh was disturbed by the repulsive smell emanating from the curry He took a drop and tasted it Realizing that it was hot, pungent, bitter, and repugnant like poison, he said, "Beloved of gods! If you eat this gourd curry you will die instantly As such you should not eat this curry Beloved of gods! Go, search for an isolated, unfrequented, proper and life-less spot (where there are no insects, vegetation or other form of life), where there is no chance of destruction of life, and carefully pour out this curry Collect other suitable food and eat that only"

स्वशरीर में प्रवेश

सूत्र १३ तए ण से धम्मरुई अणगारे धम्मघोसेण थेरेण एव वुत्ते समाणे धम्मघोसस्स थेरस्स अतियाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता, सुभूमिभागाओ उज्जाणाओ अदूरसामंते थंडिल्लं पडिलेहेइ, पडिलेहित्ता तओ सालइयाओ एग बिदुग गहेइ गहित्ता थंडिलंसि निसिरइ।

सूत्र १३ : धर्मघोष स्थविर की यह बात सुनकर धर्मरुचि अनगार वहाँ से निकले और सुभूमि भाग उद्यान से कुछ दूर एक अचित्त (जीव रहित) स्थान को देख-भाल कर साग की एक बूँद वहाँ डाली।

POURING INTO HIS OWN BODY

13. Getting these instructions from Sthavir Dharmaghosh, ascetic Dharmaruchi came out of the garden and selected a suitable spot in the vicinity of the garden He then poured just a drop of the curry and watched.

सूत्र १४ : तए णं तस्स सालइयस्स तित्तकडुयस्स बहुनेहावगाढस्स गंधेणं बहूणि पिपीलिगा सहस्साणि पाइब्भूयाइं। जा जहा य णं पिपीलिगा आहारेइ सा तहा अकाले चेव जीवियाओ ववरोविज्जइ।

तए णं तस्स धम्मरुइस्स अणगारस्स इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पिज्जत्था-'जइ ताव इमस्स सालइयस्स जाव एगंमि बिंदुगंमि पक्खित्तंमि अणेगाइ पिपीलिगा सहस्साइं ववरोविज्जंति, तं जई णं अहं एयं सालइयं थंडिल्लंसि सव्वं निसिरामि, तए णं बहूणं पाणाण भूआणं जीवाणं सत्ताण वहकारण भविस्सइ। तं सेय खलु ममेयं सालइयं जाव गाढं सयमेव आहारेत्तए, मम चेव एएणं सरीरेणं णिज्जाउ' त्ति कट्टु एव संपेहेइ, संपेहित्ता मुहपोत्तियं पडिलेहइ, पडिलेहित्ता ससीसोवरियं कायं पमज्जेइ, पमज्जिता तं सालइयं तित्तकडुयं बहुनेहावगाढं बिलमिव पन्नगभूएणं अप्पाणेणं सव्वं सरीरकोट्ठंसि पक्खिवइ।

सूत्र १४ · उस कडवे साग की गंध से आकर्षित हो हजारो चींटियाँ वहाँ आ गईं। जिस-जिस चींटी ने वह साग खाया वह तत्काल वहीं मर गई।

यह देख धर्मरुचि अनगार के मन मे विचार आया-'जब इस साग की एक बूँद डालने से हज़ारों चींटियॉ मर गईं तो मैं यदि यह पूरा का पूरा साग इस भूमि पर डाल दूँगा तो अनेको प्राणियो, भूतों, जीवों व सत्वो के नाश का कारण उपस्थित हो जायेगा। अत· अच्छा यही होगा कि यह साग मैं स्वय ही खा जाऊँ। ऐसा करने से इसका प्रभाव मेरे शरीर पर होकर ही समाप्त हो जायेगा।'' ऐसा विचार कर अनगार ने मुँहपत्ती की प्रतिलेखना की और फिर मस्तक सहित पूरे शरीर का परिमार्जन किया। तत्पश्चात् वह कटु सब्जी बिना स्वाद लिए ही, जिस प्रकार सांप सीधा बिल में प्रवेश कर जाता है उसी प्रकार, निगल कर सीधे शरीर के कोठे-उदर में डाल दी।

14. Attracted by the smell of the bitter curry thousands of ants swarmed in. Whichever ant consumed that curry died on the spot

When Ascetic Dharmaruchi saw all this he thought, "When just a drop of this curry caused death of thousands of ants, if I throw away all this curry on the ground it would cause death of infinite number of living beings and life forms. It would be better if I myself eat all this curry All its toxic effect will end after harming my body alone" And the ascetic did the ritual of inspecting the Muhapatti (the mouth-covering handkerchief used by Jain ascetics for various rituals) and cleaning of the body from head to feet After this he gulped all the curry without even tasting it, exactly as a snake quickly slithers into its hole

20

चित्र परिचय
THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

दुर्भावों से दिया : कटु फल पाया

चित्र २०

चम्पानगरी निवासी सोम, सोमदत्त एव सोमभूति नाम के तीनो भाइयो को जब यह पता चला कि नागश्री (सोम की पत्नी) ने मासखमण तपस्वी धर्मरुचि अणगार को जहरीले तुम्ब का आहार दे दिया जिस कारण तपस्वी अकाल मे ही काल धर्म को प्राप्त हो गये तब उन्होंने नागश्री की बहुत कठोर वचनो स ताडना, तर्जना व भर्त्सना की तथा उसे धक्के देकर घर से बाहर निकाल दिया।

नागश्री विक्षिप्त जैसी होकर चम्पानगरी के चौराहा, तिराहा आदि पर भटकती है। उसके डरावने विकराल रूप को देखकर कुत्ते भौंकते रहते, लोग अगुली दिखाकर कहते-"यह वही दुष्ट दुर्भागिनी पापात्मा है, जिसने तपस्वी अणगार को जहरीला तुम्बा बहराया।" वह गली-गली मे टुकड मॉगती भटकती हुई अनेक महारोगो का शिकार हो गयी। (सोलहवाँ अध्ययन)

AS YOU SOW SO SHALL YOU REAP

ILLUSTRATION . 20

When the Brahman brothers Som, Somdatt and Sombhuti came to know that Som's wife Naagshri gave the bitter and toxic gourd curry to ascetic Dharmaruchi for breaking his one month long fast, thus causing his untimely death, they became very angry They insulted, deplored, and rejected her And at last cursing and shouting they kicked her out of their house

Exiled from home, Naagshri drifted to various crossings, (etc) of Champa city Seeing her terrifying appearance dogs barked after her People on the streets pointed at her, "This is that evil woman who gave the poisonous gourd to a noble soul and caused his death " Drifting from one place to another and living on leftovers thrown outside houses she caught numerous terrible diseases **(CHAPTER - 16)**

यह परिचय चित्र नम्बर १९ का समझें। THIS EXPLANATION IS FOR ILLUSTRATION NO 19

सूत्र १५ : तए णं तस्स धम्मरुइस्स तं सालइयं जाव नेहावगाढं आहारियस्स समाणस्स मुहुत्तंतरेणं परिणममाणंसि सरीरगंसि वेयणा पाउब्भूया उज्जला जाव दुरहियासा।

सूत्र १५ : तुबे का वह साग खाते ही धर्मरुचि के शरीर में मुहूर्त भर में ही उसका प्रभाव व्याप्त हो गया। उनके शरीर मे उत्कट और दुस्सह वेदना उत्पन्न हो गई।

15. Within moments of consuming, the toxic effect of the curry spread throughout his body. He started suffering intolerable agony

सूत्र १६ : तए णं धम्मरुई अणगारे अथामे अबले अवीरिए अपुरिसक्कार-परक्कमे अधारणिज्जमिति कट्टु आयारभंडग एगंते ठवेइ, ठवित्ता थंडिल्लं पडिलेहइ, पडिलेहित्ता दब्भसंथारगं संथारेइ संथारित्ता दब्भसथारगं दुरूहइ दुरूहित्ता पुरत्थाभिमुहे संपलियंकनिसन्ने करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी–

पाण्डवों ने "जो आज्ञा" कहकर पाण्डु राजा की आज्ञा स्वीकार की और बल, वाहन, घोडे, हाथी सहित चतुरगिनी सेना आदि साथ ले हस्तिनापुर से निकले। दक्षिण की ओर प्रयाण कर वे समुद्र तट पर पहुँचे और पाण्डु-मथुरा नामक नगरी बसा कर सुखपूर्वक रहने लगे।

208. Queen Kunti returned from Dwarka and informed all this in detail to King Pandu. King Pandu called his sons and informed them about the order of Krishna Vasudev He added, "Sons! Now you should proceed to the southern sea coast, found a new town named Pandu-Mathura, and live there "

"As you say With these words the Pandavs accepted the order of King Pandu and left Hastinapur with goods, vehicles, horses, elephants and army and proceeded south After reaching the southern sea coast they founded a new town and named it Pandu - Mathura. And they resumed their normal happy life

सूत्र २०९ : तए णं सा दोवई देवी अन्नया कयाइ आवण्णसत्ता जाया यावि होत्था। तए णं दोवई देवी णवण्हं मासाणं बहुपडिपुण्णाणं जाव सुरूवं दारगं पयाया सूमालं, कोमलय गयतालुयसमाणं। णिव्वत्तबारसाहस्स इमं एयारूवं गोण्णं गुणनिप्फण्णं नामधेज्जं करेंति–जम्हा णं अम्हं एस दारए पंचण्हं पंडवाणं पुत्ते दोवईए देवीए अत्तए, तं होउ अम्हं इमस्स दारगस्स णामधेज्जं 'पंडुसेणे'।

तए णं तस्स दारगस्स अम्मापियरो णामधेज्जं करेंति पंडुसेण त्ति।

बावत्तरिं कलातो जाव भोग समत्थे। जाते जुवराय जाव विहरति।

सूत्र २०९ : कालान्तर में द्रौपदी देवी गर्भवती हुई और उसने यथासमय सुन्दर सुकुमार और हाथी के तालू जैसे कोमल शरीर वाले पुत्र को जन्म दिया। बारह दिन बीतने पर बालक के माता-पिता ने निर्णय लिया कि यह बालक पाँच पाण्डवों का पुत्र और द्रौपदी का आत्मज है अतः इसका नाम पाण्डुसेन होना चाहिए।

तब उन्होंने समारोह पूर्वक बालक का नाम पाण्डुसेन रख दिया।

पाण्डुसेन क्रमशः बड़ा हुआ। बहत्तर कलाओं का ज्ञाता बना। युवा होने पर उसका पाणिग्रहण हुआ और फिर युवराज बनकर रहने लगा।

209. With passage of time Draupadi conceived and in due course gave birth to a son who was beautiful, delicate, and tender as the palate of an elephant After twelve days of his birth the parents decided that as he was the son of the Pandavs and Draupadi he should be called Pandusen

Accordingly they performed his naming ceremony with great festivities.

As time passed Pandusen grew up and learned the seventy two arts When he came of age he was married and made the heir to the throne.

पाण्डवों की दीक्षा

सूत्र २१० : तेणं कालेणं तेणं समएणं धम्मघोसा थेरा समोसढा। परिसा निग्गया। पंडवा निग्गया, धम्मं सोच्चा एवं वयासी–'जं णवरं देवाणुप्पिया ! दोवइं देविं आपुच्छामो, पंडुसेणं च कुमारं रज्जे ठावेमो, तओ पच्छा देवाणुप्पियाणं अंतिए मुंडे भवित्ता जाव पव्वयामो।'

'अहासुहं देवाणुप्पिया !'

सूत्र २१० : काल के उस भाग में वहाँ धर्मघोष स्थविर पधारे। परिषद निकली और पाँचों पाण्डव भी उपदेश सुनने गये। बाद में उन्होंने स्थविर मुनि से कहा–"देवानुप्रिय ! हमें संसार से विरक्ति हो गई है। हम द्रौपदी देवी से आज्ञा लेकर तथा कुमार पाण्डुसेन को राजसिंहासन पर स्थापित करने के पश्चात् आपके निकट मुण्डित हो दीक्षा ग्रहण करेंगे।"

स्थविर धर्मघोष ने कहा–"देवानुप्रियो ! जिसमें तुम्हें सुख मिले वह करो।"

DIKSHA OF PANDAVS

210. During that period of time Sthavir Dharmaghosh arrived there. A delegation of citizens including the Pandavs went to his discourse. After the discourse the Pandavs said to the great ascetic, "Beloved of gods! We are filled with a feeling of detachment from the mundane life We shall seek approval of queen Draupadi and crown prince Pandusen, and after that come to you to accept Diksha after shaving our heads "

Sthavir Dharmaghosh said, "Beloved of gods! Do as you please "

सूत्र २११ : तए णं ते पंच पंडवा जेणेव सए गिहे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता दोवइं देविं सद्दावेंति सद्दावित्ता एवं वयासी-'एवं खलु देवाणुप्पिए ! अम्हेहिं थेराणं अंतिए धम्मे णिसंते जाव पव्वयामो, तुमं देवाणुप्पिये ! किं करेसि?'

तए णं सा दोवई देवी ते पंच पंडवे एवं वयासी-'जइ ण तुब्भे देवाणुप्पिया ! ससारभउव्विग्गा पव्वयह, ममं के अण्णे आलंबे वा जाव भविस्सइ ! अहं पि य ण संसारभउव्विग्गा देवाणुप्पिएहिं सद्धिं पव्वइस्सामि।'

सूत्र २११ पाँचो पाण्डव अपने महल मे लौटे और द्रौपदी देवी को बुलाकर कहा-"देवानुप्रिये ! हमने स्थविर मुनि का उपदेश सुना है और ससार त्याग कर दीक्षा लेने का निर्णय किया है। तुम्हें क्या करना है?"

द्रौपदी ने उत्तर दिया-"देवानुप्रियो !जब आप ससार भय से उद्विग्न हो दीक्षा ले लेते है तो मेरा यहाँ अन्य क्या अवलम्बन रह जायेगा? ऐसी स्थिति मे ससार के भय से उद्विग्न मैं भी आपके साथ ही दीक्षा अंगीकार करूँगी।"

211. The Pandavs returned to their palace, called Draupadi and said, "Beloved of gods! We have listened to the discourse of the Sthavir ascetic and have decided to renounce the world to get initiated What do you want to do?"

Draupadi replied, "Beloved of gods! When you are disturbed by the fears of the mundane world and want to get initiated I will be left with no support and purpose. In this situation I will also accept Diksha as I am also disturbed by the fears of the mundane world "

सूत्र २१२ . तए णं पंच पंडवा पंडुसेणस्स अभिसेओ जाव राया जाव रज्ज पसासेमाण विहरइ। तए णं ते पंच पंडवा दोवई य देवी अन्नया कयाइं पंडुसेण रायाणं आपुच्छंति।

तए णं से पंडुसेणे राया कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी-'खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! निक्खमणाभिसेयं करेह, जाव पुरिससहस्सवाहिणीओ सिवियाओ उवट्ठवेह।' जाव पच्चोरुहंति। जेणेव थेरा तेणेव आलित्ते णं जाव समणा जाया। चोद्दसपुव्वाइं अहिज्जंति,

अहिज्जित्ता बहूणि वासाणि छट्ठट्ठम-दसम-दुवालसेहिं मासद्ध-मासखमणेहिं अप्पाणं भावेमाणा विहरंति।

सूत्र २१२ : तब पाण्डवों ने कुमार पाण्डुसेन का राज्याभिषेक कर दिया। पाण्डुसेन कुशलतापूर्वक राज्य संचालन करने लगे। कालान्तर में पाँचों पाण्डवों तथा द्रौपदी ने पाण्डुसेन राजा से दीक्षा की अनुमति माँगी।

पाण्डुसेन ने अपने सेवको को बुलाया और कहा–"देवानुप्रियो ! शीघ्र ही दीक्षा-महोत्सव की तैयारी करो और हजार पुरुष उठाये ऐसी विशाल पालकियाँ तैयार कराओ।" सेवकों ने आज्ञा का पालन किया और पाण्डवों ने द्रौपदी सहित समारोह पूर्वक यथाविधि धर्मघोष स्थविर के पास जाकर दीक्षा ग्रहण की। दीक्षा के पश्चात् उन्होंने चौदह पूर्वों का अध्ययन किया और बेला-तेला-चोला यावत् अर्ध-मासखमण आदि कठिन तपस्या करते हुए आत्मोन्नति की ओर प्रयत्नशील हो साधु जीवन बिताने लगे।

212. The Pandavs crowned their son prince Pandusen and he took the reigns of the state in his able hands Later the Pandavs and Draupadi sought permission for Diksha from king Pandusen

Pandusen called his servants and said, "Beloved of gods! Make arrangements for the Diksha ceremony and get Purisasahassa palanquins ready" The servants did as told and the five Pandavs with Draupadi ceremoniously went to the camp of Dharmaghosh Sthavir and there the Pandavs got initiated With passage of time they acquired the knowledge of the fourteen sublime canons and started doing various penances including two day, three day, four day, and a fortnight long fasts for their spiritual advancement

सूत्र २१३ : तए ण सा दोवई देवी सीयाओ पच्चोरुहइ, जाव पव्वइया सुव्वयाए अज्जाए सिस्सिणीयत्ताए दलयति। इक्कारस अंगाइं अहिज्जइ, अहिज्जित्ता बहूणि वासाणि छट्ठट्ठम-दसम-दुवालसेहिं जाव विहरइ।

सूत्र २१३ : तब द्रौपदी देवी भी पालकी से उतरी और उसने भी दीक्षा ले ली। वह सुव्रता आर्या की शिष्या के रूप मे दी गई। उसने भी ग्यारह अंगो का अध्ययन किया और बेला-तेला आदि अनेक प्रकार का कठिन तप करती हुई संयम जीवन बिताने लगी।

213. After this Draupadi also got down from the palanquin and she also got initiated She became the disciple of Suvrata Arya She also studied the eleven canons and commenced the harsh and disciplined ascetic life.

सूत्र २१४ : तए णं थेरा भगवंतो अन्नया कयाई पंडुमहुराओ णयरीओ सहस्संबवणाओ उज्जाणाओ पडिणिक्खमंति, पडिणिक्खमित्ता बहिया जणवयविहारं विहरंति।

सूत्र २१४ : कालान्तर में वे स्थविर मुनि पाण्डु-मथुरा के सहस्राम्रवन उद्यान से निकले और बाहर जनपदों में विचरने लगे।

214. Later the Sthavır ascetıc left Sahasramravan and Pandu-Mathura and resumed his itınerant life

यात्रा व तपस्या

सूत्र २१५ : तेणं कालेणं तेणं समएणं अरिहा अरिट्ठनेमी जेणेव सुरट्ठाजणवए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सुरट्ठाजणवयंसि संजमेण तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

तए णं बहुजणो अन्नमन्नस्स एवमाइक्खइ–'एवं खलु देवाणुप्पिया ! अरिहा अरिट्ठनेमी सुरट्ठाजणवए जाव विहरइ। तए णं से जुहिट्ठिल्लपामोक्खा पंच अणगारा बहुजणस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा अन्नमन्नं सद्दावेंति, सद्दावित्ता एवं वयासी–

'एवं खलु देवाणुप्पिया ! अरहा अरिट्ठनेमी पुव्वाणुपुव्विं जाव विहरइ, तं सेयं खलु अम्हं थेरे भगवंते आपुच्छित्ता अरहं अरिट्ठनेमिं वंदणाए गमित्तए।' अन्नमन्नस्स एयमट्ठं पडिसुणेंति, पडिसुणित्ता जेणेव थेरा भगवंतो तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता थेरे भगवंते वंदंति, नमंसंति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–'इच्छामो णं तुब्भेहिं अब्भणुन्नाया समाणा अरहं अरिट्ठनेमिं जाव गमित्तए।'

'अहासुहं देवाणुप्पिया !'

सूत्र २१५ : काल के उस भाग में अरिहत अरिष्टनेमि सुराष्ट्र जनपद मे पधारे। वे तप और संयम द्वारा आत्मा को भावित करते हुए सुराष्ट्र जनपद मे विचरने लगे। वहाँ पर अनेक लोग परस्पर चर्चा कर रहे थे कि तीर्थंकर अरिष्टनेमि सुराष्ट्र (सौराष्ट्र) जनपद मे विचर रहे हैं।

युधिष्ठिर आदि पाँचो अनगारों ने भी जन-मुख से यह समाचार सुने और परस्पर विमर्श करने लगे–"देवानुप्रियो !अरिहंत अरिष्टनेमि अनुक्रम से विचरते हुए सुराष्ट्र जनपद में पधारे हैं। अत स्थविर गुरु से अनुमति लेकर उन्हें वन्दन करने जाना हमारे लिए अच्छा होगा।" सब अनगार इस बात पर सहमत हो स्थविर भगवंत के पास गये और यथाविधि वन्दना करके पूछा–"भगवन्त ! आपकी अनुमति लेकर हम अरिहंत अरिष्टनेमि को वन्दन करने जाना चाहते हैं।"

स्थविर भगवन्त ने कहा–"देवानुप्रियो ! जिसमे तुम्हें सुख प्राप्त हो वही करो।

TRAVEL AND PENANCE

215. Durıng that period of tıme Arıhant Arıshtanemı came to Surashtra area He started movıng around ın Surashtra doıng hıs spırıtual practices of penance and discıpline. People were telling each other that Arıhant Arıshtanemı is wanderıng ın the Surashtra area. The five ascetics including

Yudhisthir also heard this news and deliberated, "Beloved of gods! Wandering from one place to another Arihant Arishtanemi has come to the Surashtra area. So we should take permission from our Sthavir guru and go to him to pay our homage." They all agreed and went to the Sthavir ascetic. After conveying due obeisance they asked, "Bhante! With your permission we want to go to Arihant Arishtanemi to pay our homage."

Sthavir Bhagavant replied, "Beloved of gods! Do as you please."

सूत्र २१६ : तए णं ते जहुट्ठिलपामोक्खा पंच अणगारा थेरेहिं अब्भणुन्नाया समाणा थेरे भगवंते वंदंति, णमंसंति, वंदित्ता णमंसित्ता थेराणं अंतियाओ पडिणिक्खमंति, पडिणिक्खमित्ता मासंमासेण अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं गामाणुगामं दूइज्जमाणा जाव जेणेव हत्थिकप्पे नयरे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता हत्थिकप्पस्स बहिया सहसंबवणे उज्जाणे जाव विहरंति।

सूत्र २१६ : युधिष्ठिर आदि पाँचों मुनियों ने स्थविर भगवन्त से आज्ञा प्राप्त कर उन्हें वन्दना नमस्कार की, और वहाँ से प्रस्थान किया। निरन्तर मासखमण तप करते हुए, एक गाँव से दूसरे गाँव विहार करते हुए हस्तीकल्प नगर के बाहर सहस्राम्रवन उद्यान में पहुँचे।

216. The five ascetics including Yudhishthir formally bowed before him after getting permission and commenced their journey. Doing a chain of one month long fasts they crossed one village and then other and reached at the Sahasramravan garden outside Hastikalp city

सूत्र २१७ : तए णं ते जुहिट्ठिलवज्जा चत्तारि अणगारा मासखमणपारणए पढमाए पोरिसीए सज्झायं करेंति, बीयाए एव जहा गोयमसामी, णवरं जुहिट्ठिलं आपुच्छंति, जाव अडमाणा बहुजणसद्दं णिसामेंति-'एवं खलु देवाणुप्पिया ! अरहा अरिट्ठनेमी उज्जिंतसेलसिहरे मासिएणं भत्तेणं अपाणएणं पंचहिं छत्तीसेहिं अणगारसएहिं सद्धिं कालगए सिद्धे बुद्धे मुत्ते अंतगडे सव्वदुक्खप्पहीणे।'

सूत्र २१७ : वहाँ युधिष्ठिर के अतिरिक्त शेष चारों अनगारों ने मासखमण के पारणे के दिन प्रथम प्रहर में स्वाध्याय तथा दूसरे प्रहर में ध्यान किया। (चर्या का शेष वर्णन गौतम स्वामी के समान)। फिर वे युधिष्ठिर अनगार से अनुमति ले भिक्षा हेतु निकले। चलते-चलते उन्होंने अनेक लोगों को चर्चा करते सुना-"देवानुप्रियो ! तीर्थंकर अरिष्टनेमि उज्जयंत पर्वत गिरनार पर्वत के शिखर पर एक मास का निर्जल उपवास करके पाँच सौ छत्तीस श्रमणों के साथ सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, अन्तकृत् होकर समस्त दुःखों से रहित हो गये हैं।"

217. There, on the day of the breakfast, leaving aside Yudhishthir the other four ascetics spent the first quarter of the day doing their studies and the second quarter doing meditation (detailed description of the daily routine same as in case of Gautam Swami). After this they took permission from

Yudhisthir and went out to collect alms. While they were walking they heard many people talking—"Beloved of gods! Tirthankar Arishtanemi along with five hundred and thirty six ascetics went to the peak of the Ujjayant mountain (Girnar) and after a month long fast became Siddh, enlightened, and liberated from the cycles of rebirth ending all sorrows."

सूत्र २१८ : तए णं ते जुहिट्ठिलवज्जा चत्तारि अणगारा बहुजणस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा हत्थिकप्पाओ पडिणिक्खमंति, पडिणिक्खमित्ता जेणे सहसंबवणे उज्जाणे, जेणेव जुहिट्ठिले अणगारे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता भत्तपाणं पच्चुवेक्खंति, पच्चुवेक्खित्ता गमणागमणस्स पडिक्कमति, पडिक्कमित्ता एसणमणेसणं आलोएंति, आलोइत्ता भत्तपाणं पडिदसेंति, पडिदंसित्ता एवं वयासी–

सूत्र २१८ . यह समाचार सुन चारो मुनि हस्तीकल्प नगर से बाहर निकले और सहस्राम्रवन में युधिष्ठिर अनगार के पास आये। वहाँ उन्होने आहार-पानी की प्रत्युपेक्षणा की, गमनागमन का प्रतिक्रमण किया, एषणा-अनेषणा की आलोचना की और आहार-पानी युधिष्ठिर अनगार को दिखला कर बोले–

218. Getting this news, the four ascetics came out of Hastikalp city and reached Yudhisthir in the Sahasramravan garden They inspected the food they had brought, did the Pratikraman for movement, reviewed proper and improper actions, showed the food to Yudhishthir and said —

सिद्धपद-प्राप्ति

सूत्र २१९ 'एवं खलु देवाणुप्पिया ! जाव कालगए, तं सेयं खलु अम्हं देवाणुप्पिया ! इमं पुव्वगहियं भत्तपाणं परिट्ठवेत्ता सेत्तुंज्जं पव्वयं सणियं सणियं दुरुहित्तए, संलेहणा-झूसणा-झोसियाणं काल अणवकंखमाणाणं विहरित्तए, त्ति कट्टु अण्णमण्णस्स एयमट्ठं पडिसुणित्ता त पुव्वगहिय भत्तपाणं एगते परिट्ठवंति, परिट्ठवित्ता जेणेव सेत्तुज्जे पव्वए तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सेत्तुंज्जं पव्वयं दुरुहंति, दुरुहित्ता जाव कालं अणवकखमाणा विहरंति।

सूत्र २१९ : "हे देवानुप्रिय ! भिक्षा के लिए नगर में जाने पर हमने सुना कि तीर्थंकर अरिष्टनेमि कालधर्म को प्राप्त हुए हैं। अत अच्छा यह होगा कि भगवान के निर्वाण की सूचना सुनने से पूर्व ग्रहण किये हुए इस आहार पानी को त्याग कर धीमे-धीमे शत्रुंजय पर्वत पर चढ़ें और सलेखना तथा कर्मों का शोषण व क्षीण करने की क्रियाएँ करते हुए मृत्यु की आकाक्षा रहित हो ध्यान मग्न हो जाये।" सभी अनगार इस बात पर सहमत हो गये और तब लाई हुई आहार सामग्री को यथाविधि यथास्थान परठकर (डालकर) शत्रुंजय पर्वत की ओर प्रस्थान किया। वहाँ जाकर अपने निश्चयानुसार समय व्यतीत करने लगे।

GETTING LIBERATED

219. "Beloved of gods! While we were moving around in the city to collect alms we heard that Tirthankar Arishtanemi has breathed his last. So it would be good if we abandon this food that was collected before getting the news of the Nirvana of the Tirthankar, slowly climb the Shatrunjaya mountain, take the ultimate vow, indulge in the activities that weaken and eliminate karmas, and go into meditation without the desire of death." They all agreed and disposed of the food they had collected at the proper place and left for Shatrunjaya mountain After arriving there they commenced the practices as they had decided

सूत्र २२० : तए णं ते जुहिट्ठिलपामोक्खा पंच अणगारा सामाइयमाइयाइं चोद्दस पुव्वाइं अहिज्जित्ता बहूणि वासाणि सामण्णपरियागं पाउणित्ता दो मासियाए संलेहणाए अत्ताणं झोसित्ता जस्सट्ठाए कीरइ णग्गभावे जाव तमट्ठं आराहेंति। आराहित्ता अणंते जाव केवलवरनाणदंसण समुप्पाडेत्ता जाव सिद्धा।

सूत्र २२० युधिष्ठिर आदि पाँचों अनगारो ने सामायिक से आरम्भ कर चौदह पूर्वों का अभ्यास करते हुए अनेक वर्षों तक श्रमण जीवन का पालन किया था, और अन्त में दो मास की संलेखना से आत्मा को शुद्ध किया। अतत. जिस उद्देश्य से नग्नत्व तथा मुडित होना अंगीकार किया जाता है वह उद्देश्य प्राप्त किया। उन्हें श्रेष्ठ केवलज्ञान और केवलदर्शन प्राप्त हुए और वे सिद्ध हो गये।

220. The five ascetics including Yudhishthir had studied the fourteen sublime canons and led a long ascetic life In the end they took the ultimate vow of two months' duration and purified their souls At last they achieved the goal for which they had shaved their heads and got initiated They attained the supreme Keval Jnana and Keval Darshan and became Siddhs (the pure and liberated state of soul)

सूत्र २२१ : तए णं सा दोवई अज्जा सुव्वयाणं अज्जियाणं अंतिए सामाइयमाइयाइं एक्कारस्स अंगाइं अहिज्जइ, अहिज्जित्ता बहूणि वासाणि सामण्णपरियागं पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए आलोइयपडिक्कंता कालमासे कालं किच्चा बंभलोए उववन्ना।

सूत्र २२१ : उधर दीक्षा लेने के पश्चात् आर्या द्रौपदी ने आर्या सुव्रता के पास सामायिक से लेकर ग्यारह अंगों का अध्ययन करते हुए अनेक वर्षों तक श्रमण जीवन का पालन किया। अन्त में एक मास की संलेखना, आलोचना और प्रतिक्रमण करके यथासमय देह त्याग किया और ब्रह्मलोक में जन्म लिया।

221. In the mean time, after getting initiated Arya Draupadi studied the eleven canons starting with the Samayik and spent a long and disciplined

life as an ascetic In the end she took an ultimate vow of one month duration, reviewed her life and did the ultimate Pratikraman. In due course she breathed her last and reincarnated as a goddess in the Brahmalok.

सूत्र २२२ : तत्थ णं अत्थेगइयाणं देवाणं दस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। तत्थ णं दोवइस्स देवस्स दस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता।

सूत्र २२२ . ब्रह्मलोक नाम के पाँचवें देवलोक में अनेक देवो की आयु दस सागरोपम की बताई गई है। द्रौपदी देव की आयु भी दस सागरोपम की बताई है।

222. In Brhamlok, the fifth dimension of gods, the life-span of many gods is said to be ten Sagaropam The life span of god Draupadi is also said to be ten Sagaropam

सूत्र २२३ : से णं भन्ते ! दुवए देवे ताओ देवलोगाओ जाव महाविदेहे वासे जाव अंतं काहिइ?

सूत्र २२३ : गौतम स्वामी ने जिज्ञासा की–'भन्ते ! वह द्रुपद देव वहाँ से च्यवन कर कहाँ जन्म लेगा?'' भगवान ने उत्तर दिया–ब्रह्मलोक की आयु, स्थिति और भव का क्षय होने पर वह महाविदेह क्षेत्र मे जन्म लेकर कर्मों का अन्त करेगा।''

223. Gautam Swami asked, "Bhante! Where will this Drupad god descend after completing this life span?" Mahavir replied, "After completing the life-span, state, and form as a god in the Brahmalok this god will be born in the Mahavideh area and end all karmas "

सूत्र २२४ : एवं खलु जंबू ! समणेणं भगवया महावीरेण सोलसमस्स णायज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते त्ति बेमि।

सूत्र २२४ : हे जम्बू ! श्रमण भगवान महावीर ने सोलहवे ज्ञात अध्ययन का यह अर्थ बताया है। मैंने जैसा सुना वैसा ही कहा है।''

224. Jambu! This is the text and the meaning of the sixteenth chapter of the Jnata Sutra as told by Shraman Bhagavan Mahavir So I have heard, so I confirm.

॥ सोलसमं अज्झयणं समत्तं ॥

॥ सोलहवाँ अध्ययन समाप्त ॥

|| END OF THE SIXTEENTH CHAPTER ||

उपसंहार

ज्ञाता धर्मकथासूत्र की इस सोलहवीं विस्तृत कथा में अनेक चरित्र हैं तथा अनेक घटनाएँ। इन सब के माध्यम से प्रतिष्ठा, वासना, भय, आसक्ति, कौतुहल आदि भावनाओं से प्रेरित व्यक्ति सन्मार्ग से कैसे भटक जाता है इसका रोचक चित्रण है। विवेक नष्ट होने पर कैसे कष्ट उठाने पड़ते हैं यह वर्णन कर सन्मार्ग की ओर प्रेरित किया गया है।

CONCLUSION

This sixteenth story of Jnata Dharma Katha is very long and has numerous characters and incidents With the help of all these the story explains how a man drifts away from the spiritual path under the influence of a variety of feelings and attitudes, including conceit, lust, fear, fondness, and curiosity How much one suffers when he takes leave of his rationality has been detailed in an interesting style in order to inspire one to accept the right path

उपनय गाथा

सुबहू वि तव-किलेसो, नियाणदोसेण दूसिओ संतो।
न सिवाय दोवतीए, जह किल सुकुमालियाजम्मे॥१॥
अमणुन्नमभत्तीए, पत्ते दाणं भवे अणत्थाय।
जह कडुयतुंबदाणं, नागसिरिभवंमि दोवईए॥२॥

तपश्चर्या का कोई कितना ही कष्ट क्यो न सहन करे किन्तु जब वह निदान के दोष से दूषित हो जाती है तो मोक्षप्रद नही होती, जैसे सुकुमालिका के भव में द्रौपदी के जीव का तपश्चरण मोक्षफलदायक नहीं हुआ॥१॥

अथवा इस अध्ययन का उपनय इस प्रकार समझना चाहिए–सुपात्र को भी दिया गया आहार अगर अमनोज्ञ हो और दुर्भावपूर्वक दिया गया हो तो अनर्थ का कारण होता है, जैसे नागश्री ब्राह्मणी के भव मे द्रौपदी के जीव द्वारा दिया कटुक तुम्बे का दान॥२॥

THE MESSAGE

No matter how much pain one has to tolerate while doing penance, if it becomes contaminated by ambition it does not lead to Moksha, this is the same as the penance done by the being that became Draupadi during her birth as Sukumalika (1)

Another message is—The donation of food even to a deserving recepient bears evil fruits if it is contaminated or is given with bad intentions This is the same as the donation of bitter gourd by the being that became Draupadi during her birth as Nagshri Brahmani (2)

परिशिष्ट

कांपिल्य (कपिला)–तेरहवे तीर्थंकर विमलनाथ का जन्म स्थान। तीर्थकल्प के अनुसार यह पाचाल जनपद मे गगा के किनारे बताया गया है। अठारहवी शताब्दी के जैन यात्रियो के वर्णन के अनुसार यह नगरी अयोध्या के पश्चिम दिशा मे है। इन वर्णनोके अनुसार फर्रुखाबाद जिले के कायमगज से उत्तर-पश्चिम मे छह मील दूर यह स्थान लगता है। तीर्थकल्प में कांपिल्य के निकट पिटियारी ग्राम का उल्लेख है। यह वर्तमान का पटियारी ग्राम लगता है जो कपिला से १८-१९ मील उत्तर-पश्चिम मे है।

पाडु मथुरा–पुराने समय मे मदुरा मे पाण्ड्य वंश का राज्य था। इससे यह अनुमान होता है कि प्राचीन पाडु-मथुरा आज की मदुरा है। इस कथा मे भी कृष्ण द्वारा पाण्डवों को दक्षिण समुद्र तट पर भेजने की बात कही है। इससे भी यह अनुमान पुष्ट होता है।

हत्थकप्प–इस कथा के वर्णन के अनुसार यह स्थान शत्रुजय के आसपास होने का अनुमान लगता है। वर्तमान मे काठियावाड मे तलाजा के निकट हाथप नाम का गॉव है। यह शत्रुजय से दूर नही है। यही हथ्थकप्प रहा होगा। गुप्तवश के धरसेन प्रथम के वल्लभी दानपत्र मे हस्तवप्र क्षेत्र का उल्लेख है। विद्वानो के मत मे यह हथ्थकप्प ही है। सत्रहवी शताब्दी के गद्य पाडवचरित्र मे देवविजय जी के अनुसार हस्तिकल्प से रैवतक की दूरी बारह योजन बताई है। यह भी इसी अनुमान की पुष्टि करता है।

उज्जयंत पर्वत–रैवतक पर्वत या गिरनार।

हस्तिनापुर–पौराणिक दृष्टि से यह नगर भी वाराणसी तथा अयोध्या की भॉति एक महत्वपूर्ण नगर रहा है। यह कुरुजांगल जनपद की राजधानी थी। महाभारत के अनुसार सुहोत्र के पुत्र राजा हस्ती ने इसे बसाया था। विविध तीर्थकल्प के अनुसार ऋषभदेव के पौत्र तथा कुरु के पुत्र हस्ती ने यह नगर बसाया था। वसुदेवहिण्डी में इसका नाम ब्रह्मस्थली लिखा है। वर्तमान में मेरठ से २२ मील उत्तर-पश्चिम तथा दिल्ली से छप्पन मील दक्षिण-पूर्व में यह नगर विद्यमान है।

निदान के सम्बन्ध मे विस्तृत वर्णन अन्तकृद्दशा महिमा में तथा दशाश्रुतस्कध सूत्र में देखें।

APPENDIX

Kampilya (Kampila)—The birth place of Vimalnath, the thirteenth Tirthankar According to Tirthakalp it is situated on the banks of the Ganges in the Panchal area According to the eighteenth century Jain pilgrims, this city is to the east of Ayodhya Going by these descriptions this place is somewhere six miles northeast of Kayamganj in district Farrukhabad In Tirthakalp there is mention of village Pitiyari near Kampilya This appears to be the modern Patiyari village lying about eighteen miles north east of the site now accepted as Kampila Recently a temple and research complex have been constructed there

Pandu-Mathura—In the past the Pandya dynasty ruled over Madura This gives rise to the surmise that the ancient Pandu-Mathura is modern Madura According to this story the Pandavs were sent to the southern sea coast by Krishna This also supports this theory

Hatthakapp—According to the details mentioned in this story this place appears to be somewhere near the Shatrunjaya hills There is a village named Hathap near Talaja in modern Kathiyawad It is not far from Shatrunjaya, so this could be the ancient Hatthakapp In the Vallabhi inscription of Dhaarsen first of the Gupta dynasty there is mention of Hast and Prakshep According to scholars this is the same Hatthakapp In the seventeenth century prose work *Pandav Charitra* by Devavijaya it is mentioned that the distance between Hastikalp and Raivatak hill was 48 miles This also confirms the theory

Ujjayant hill—Raivatak hill or Girnar hill

Hastinapur—In Indian mythology this town also finds pride of a place like Varanasi and Ayodhya According to the *Mahabharat* it was founded by king Hast, the son of Suhotra According to *Vividh Tirthakalp* it was founded by King Hasti, the son of Kuru and grandson of Rishabhdev In *Vasudevhindi* it is mentioned as Brahmasthali The city still exists and is 22 miles northwest of Meruth and 56 miles south east of Delhi

Nidan—Desire or ambition Details about this are available in *Antakriddasha Mahima* and *Dashashrutaskandh Sutra*

■■

सत्रहवाँ अध्ययन : आकीर्ण : आमुख

शीर्षक–आइण्णे–आकीर्ण–एक उत्तम जाति विशेष के अश्व। इन्द्रिय-सुखों के आकषर्णों के विस्तृत जाल हर कदम पर साधना पथ पर बिछे होते हैं। तनिक चूके कि जाल में फँसे। अश्वों के पकड़े जाने के उदाहरण से विषयों की आसक्ति अनासक्ति के परिणाम को स्पष्ट किया गया है।

कथासार–हस्तिशीर्ष नगर के कतिपय व्यापारी व्यापार हेतु समुद्र यात्रा पर निकले। समुद्री तूफान मे फँस कर वे एक अनजाने कालिक द्वीप मे जा पहुँचे। वहाँ उन्होने अनेक खनिज पदार्थ तथा उत्तम जाति के घोड़ो के झुंड देखे। उन्होने खनिजों से अपना जहाज भरा और हस्तिशीर्ष लौट आए।

वे राजा को भेंट देने गये तो राजा ने पूछा कि तुमने कोई आश्चर्यजनक वस्तुएँ भी कभी देखीं? उन्होने राजा से कहा कि कालिक द्वीप के सुन्दर अश्व सचमुच ही आश्चर्यजनक है। राजा ने अपने सेवको को व्यापारियो के साथ कर दिया और कहा कि घोडे पकड कर लावे।

राजा के सेवक घोड़ों को लुभाने वाली अनेक वस्तुएँ साथ लेकर द्वीप पर आए और अपने जाल बिछा दिये। घोड़ों का समूह वहाँ आया तो अनेक घोड़े उन विभिन्न वस्तुओं से आकर्षित हुए और जाल में फँस गये। अन्य अनेक अश्व दूर से ही बिदक कर अपने चारागाह की ओर लौट गए।

सेवक घोड़ो को जहाज में भरकर ले आए और राजा के पास पहुँचा दिये। राजा ने अश्व-मर्दको को बुलाकर घोड़ो को कार्य योग्य बनाने का प्रशिक्षण दिलाया। इस प्रकार जो घोडे आकर्षण में फँस गये थे वे बंदी बनाए गये और अनेक प्रकार की पीडा सहते हुए जीवन बिताने लगे। जो आकर्षण में नहीं फँसे वे स्वच्छद सुखमय जीवन बिताते रहे।

SEVENTEENTH CHAPTER : THE HORSES : INTRODUCTION

Title—Ainne—Akirna—horses of an excellent breed The enticing and elaborate snares of sensual pleasures litter the path of spiritual endeavour One wrong step and you are caught With an appropriate example of ensnaring the horses, the outcome of both fondness for and detachment from carnal pleasures has been explained in this story

Gist of the story—Some merchants from Hastishirsh city set out on a sea voyage Caught in a storm they arrived at an unknown island, the Kalik Island There they saw numerous precious minerals and herds of wild horses They filled the coffers of their ship with these minerals and returned to Hastishirsh

When they visited the king with gifts he asked them if they had come across any astonishing things during their voyage They informed the king that the graceful horses of the Kalik island were truly astonishing The king ordered his servants to go with the merchants and bring some horses

The king's servants took along a variety of alluring things and devices to attract the horses and came to the island They fixed a few snares The herd of horses arrived there and many of them were attracted and trapped Many others were fearful of the strange contraptions and galloped away to their regular grazing pastures

The servants transferred the trapped horses to the ship and delivered them to the king The king called horse trainers to break and train the horses Thus the horses that were trapped led a painful life Those who shunned the allurements continued to led a free and happy life

■■

सत्तरसमं अज्झयणं : आइण्णे
सत्रहवाँ अध्ययन : आकीर्ण
SEVENTEENTH CHAPTER : AKIRNA - THE HORSES

सूत्र १ : 'जइ णं भंते ! समणेण भगवया महावीरेणं जाव संपत्तेणं सोलसमस्स णायज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते, सत्तरसमस्स णं णायज्झयणस्स के अट्ठे पण्णत्ते ?'

सूत्र १ : जम्बू स्वामी ने प्रश्न किया-"भन्ते ! जब श्रमण भगवान महावीर ने सोलहवें ज्ञात अध्ययन का पूर्वोक्त अर्थ बताया है तो सत्रहवें ज्ञात अध्ययन का क्या अर्थ कहा है ?"

1. Jambu Swami inquired, "Bhante! What is the meaning of the seventeenth chapter according to Shraman Bhagavan Mahavir?"

सूत्र २ 'एवं खलु जबू ! तेणं कालेणं तेणं समएण हत्थिसीसे णामं नयरे होत्था, वण्णओ। तत्थ ण कणगकेऊ णामं राया होत्था, वण्णओ।

सूत्र २ सुधर्मा स्वामी ने उत्तर दिया-"जम्बू ! काल के उस भाग मे हस्तिशीर्ष नाम का नगर था। उस नगर में कनककेतु नाम का राजा था। (विस्तृत वर्णन औपपातिकसूत्र के नगर वर्णन अनुसार)

2. Sudharma Swami narrated —Jambu! During that period of time there was a city named Hastisheersh The name of the ruler of this city was King Kanak-ketu (details as in Aupapatik Sutra)

सूत्र ३ . तत्थ णं हत्थिसीसे णयरे बहवे संजुत्ता-णावा-वाणियगा परिवसंति, अड्डा जाव बहुजणस्स अपरिभूया यावि होत्था। तए णं तेसि सजत्ता-णावा-वाणियगाणं अन्नया कयाइं एगयो सहियाणं जहा अरहण्णओ जाव लवणसमुद्द अणेगाइं जोयणसयाइं ओगाढा यावि होत्था।

सूत्र ३ हस्तिशीर्ष नगर में अनेक सायात्रिक (साथ-साथ यात्रा करने वाले) नौकावणिक् रहते थे। वे धनाढ्य और समर्थ थे। एक बार वे व्यापारी परस्पर मिले और समुद्रयात्रा पर जाने का निर्णय किया। यथासमय शुभ मुहुर्त मे (यथाविधि) यात्रारम्भ कर वे सायात्रिक नौकावणिक् लवणसमुद्र में सैकडो योजन पहुँच गये। (विस्तृत विवरण अर्हन्नक की कथा के समान-अ ८)

3. In Hastisheersh city there lived many wealthy and reputed Sanyantriks (merchants who went to other countries for trade) and Nauvaniks (merchants who carried their merchandise in boats) One day all these merchants met together and decided to go on a sea voyage. At an auspicious

moment they started their journey and went hundreds of Yojans ahead on the Lavan sea within a few days. (details as in ch. 8, story of Arhannak)

सूत्र ४ · तए णं तेसिं जाव बहूणि उप्पाइयसयाइं जहा मागंदियदारगाणं जाव कालियवाए य तत्थ समुत्थिए। तए णं सा णावा तेणं कालियवाएणं आघोलिज्जमाणी आघोलिज्जमाणी संचालिज्जमाणी संचालिज्जमाणी सखोहिज्जमाणी संखोहिज्जमाणी तत्थेव परिभमइ।

तए णं से णिज्जामए णट्ठमईए णट्ठसुईए णट्ठसण्णे मूढदिसाभाए जाए यावि होत्था। ण जाणइ कयरं देस वा दिसिं वा विदिसं वा पोयवहणे अवहिए त्ति कट्टु ओहयमणसंकप्पे जाव झियायइ।

सूत्र ४ : वहाँ लवण समुद्र मे उन्हे अनेकों उत्पातों का सामना करना पड़ा (विस्तृत विवरण माकन्दी पुत्र की कथा के समान–अ . ९)। उसी समय समुद्री तूफान भी आरम्भ हो गया और उनकी नौका वायु के थपेड़ो से बारम्बार काँपने लगी, डोलने लगी, ऊपर-नीचे गिरने लगी और एक स्थान पर ही चक्कर काटने लगी।

ऐसी विकट स्थिति में माँझी की बुद्धि मारी गई व अनुभव लुप्त हो गया और वह सज्ञाहीन जैसा हो गया। दिशा का ज्ञान भी नहीं रहा। और यह भान भी नहीं रहा कि नाव किस प्रदेश में है अथवा किस दिशा या विदिशा मे जा रही है। वह भग्न सकल्प हो चिन्ता मग्न हो गया।

4. In the sea they had to face many difficulties They were caught in a storm and the ship started trembling, drifting, rising and falling, and whirling under the force of the gale (details as in ch 9, the story of Makandi)

In this dangerous situation the captain of the ship lost his wit and poise and was bewildered He lost all sense of direction and thus was unaware of the position and the direction of movement of the ship He became disoriented and started brooding

उत्पातों से मुक्ति

सूत्र ५ : तए णं ते बहवे कुच्छिधारा य कण्णधारा य गब्भिल्लगा य सजत्ता णावा वाणिया य जेणेव से निज्जामए तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता एवं वयासी–'किण्णं तुमं देवाणुप्पिया ! ओहयमणसंकप्पे जाव झियायसि।'

तए णं से णिज्जामए ते बहवे कुच्छिधारा य कण्णधारा य गब्भिल्लगा य संजत्ता णावा वाणियगा य एवं वयासी–'एवं खलु अहं देवाणुप्पिया ! णट्ठमईए जाव अवहिए त्ति कट्टु तओ ओहयमणसंकप्पे जाव झियामि।'

सूत्र ५ : यह देख नाव में रहे अनेक कुक्षिधार (चप्पू चलाने वाले), कर्णधार, गब्भिल्लक (सामान्य श्रमिक) तथा वणिक यात्री निर्यामक–माँझी के पास आये और पूछा–"देवानुप्रिय ! तुम भग्न संकल्प (निराश) हो चिबुक हथेली पर टिकाये चिन्ता क्यों कर रहे हो ?"

माँझी ने उन्हें उत्तर दिया–"देवानुप्रियो ! तूफान के कारण मेरी नियंत्रण बुद्धि नष्ट हो गई है और मुझे यह भान नहीं हो रहा है कि नाव किस दिशा में और कहाँ जा रही है। इसी कारण मैं भग्न संकल्प हो चिन्तित हो गया हूँ।"

FREEDOM FROM TROUBLES

5. Seeing all this, the passengers and the crew including many rowers, navigators, labourers, and the traders approached the captain and asked, "Beloved of gods! What ails you? Why have you lost your poise and are worrying with your chin in your palm?"

The captain replied, "Beloved of gods! Due to this storm I have lost my capacity to control the ship and I am unaware of the position and the direction of movement of the ship. That is the reason I have lost my poise and become anxious."

सूत्र ६ : तए णं ते कण्णधारा तस्स णिज्जामयस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म भीया तत्था उव्विग्गा उव्विग्गमणा ण्हाया कयबलिकम्मा करयल-परिग्गहियं दसनहं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु बहूणं इंदाणं य खंदाण य जहा मल्लिनाए जाव उवायमाणा उवायमाणा चिट्ठंति।

सूत्र ६ : माँझी की यह बात सुन समझकर नाव के सभी यात्री व कर्मचारी भयभीत, त्रस्त व उद्विग्न हो गये। उन्होने स्नान, बलिकर्म आदि किया और हाथ जोड कर इन्द्र, स्कन्द आदि अपने-अपने इष्ट देवो को याद करने लगे, उनकी मनौती मनाने लगे। (विस्तार अर्हन्नक की कथा, के अध्ययन ८ के अनुसार)

6. Hearing this from the captain all the passengers and the crew became worried, fearful, and panicky They cleansed themselves by bathing and other rituals and started remembering, and calling for help to their deities including Indra and Skand (details as in ch 8 story of Arhannak)

सूत्र ७ : तए णं से णिज्जामए तओ मुहुत्तंतरस्स लद्धमईए, लद्धसुईए, लद्धसण्णे अमूढदिसाभाए जाए यावि होत्था। तए णं से णिज्जामए ते बहवे कुच्छिधारा य कण्णधारा य गब्भिल्लगा य संजत्ता णावा वाणियगा य एवं वयासी–'एव खलु अहं देवाणुप्पिया ! लद्धमईए जाव अमूढदिसाभाए जाए। अम्हे णं देवाणुप्पिया ! कालियदीवंतेणं संवूढा, एस णं कालियदीवे आलोक्कइ।

सूत्र ७ : कुछ समय बाद उस माँझी की बुद्धि, अनुभव, सज्ञा लौट आये और उसकी मूढता समाप्त हो गई। उसने अपने सहकर्मियो तथा यात्रियों से कहा–देवानुप्रियो ! मेरी मति स्वस्थ हो गई है और अब मै दिग्भ्रांत नहीं रहा। हम लोग कालिक द्वीप के निकट आ पहुँचे हैं। देखिये, वह कालिक द्वीप दिखाई पड़ रहा है।"

7. After some tıme the captaın regaıned hıs wit, poıse, memory and sense of dırectıon and came out of hıs state of numbness. He told to his crew and passengers, "Beloved of gods! I have regaıned my senses and now I am not lost. We have arrıved near Kalık ısland Look there! the land you see ahead ıs Kalık island "

सूत्र ८ : तए णं ते कुच्छिधारा य कण्णधारा य गब्भिल्लगा य संजत्ताणावावाणियगा य तस्स निज्जामयस्स अंतिए एयमट्ठ सोच्चा णिसम्म हट्ठ-तुट्ठा पयक्खिणाणुकूलेण वाएण जेणेव कालियदीवे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता पोयवहणं लंबेंति, लंबित्ता एगट्ठियाहिं कालियदीवं उत्तरंति।

सूत्र ८ : माँझी की यह बात सुन नाव के सभी कर्मचारी व यात्री प्रसन्न और सतुष्ट हुए। दक्षिणी पवन की सहायता से वे कालिक द्वीप के तट पर आ पहुँचे और वहाँ लंगर डाल छोटी-छोटी नावो मे बैठ द्वीप पर उतरे।

8. Hearing thıs from the captaın the passengers and the crew on board became happy and reassured With the help of southern wınd the shıp reached the shore of Kalık ısland and they landed on the beach wıth the help of small boats

खनिज भण्डार और अश्व

सूत्र ९ . तत्थ ण बहवे हिरण्णागरे य सुवण्णागरे य रयणागरे य वइरागरे य बहवे तत्थ आसे पासति। किं ते? हरि-रेणु-सोणिसुत्तगा आईण्णवेढो।

तए ण ते आसा ते वाणियए पासति, पासित्ता तेसिं गध अग्घायति, अग्घाइत्ता भीया तत्था उव्विग्गा उव्विग्गमणा तओ अणेगाइं जोयणाइं उब्भमति, ते णं तत्थ पउरगोयरा पउरतणपाणिया निब्भया निरुव्विग्गा सुहंसुहेण विहरंति।

सूत्र ९ कालिक द्वीप मे उन्होने चॉदी, सोना, रत्नो तथा हीरे की अनेक खानें देखी तथा अनेक अश्व देखे। वे नाना रग के अश्व उत्तम जाति के थे। (जैसे काले, नीले, श्वेत व कपिल वर्ण के अत्यन्त हृष्ट-पुष्ट-चपल दौडने मे तेज देखने मे सुन्दर आदि) श्रेष्ठ जाति के अश्वों के समान उनका वर्णन समझना चाहिए।

उन अश्वों ने भी वणिको को देखा और उनकी गध सूँघी। अश्व भयभीत, त्रस्त और उद्विग्न हो कई योजन दूर भाग गये। वहाँ उन्हे विशाल गोचर भूमि दिखाई दी और वे घास-पानी मिलने से निर्भय और निरुद्वेग हो सुखपूर्वक समय बिताने लगे।

MINERAL WEALTH AND HORSES

9. On Kalık ısland they saw many deposıts of sılver, gold, dıamonds, and gems and also herds of horses. These horses were of excellent breed and were

in numerous colours (black, blue, white, yellow; they were healthy, agile, beautiful, etc. according to the description of good breeds of horses in the commentaries).

The horses also saw and smelled these merchants They became afraid and disturbed, and galloped many Yojans away in panic There they saw pasture land and water and resumed their normal undisturbed and carefree activities

सूत्र १० : तए णं ते संजत्ताणावावाणियगा अण्णमण्णं एवं वयासी–'किण्हं अम्हे देवाणुप्पिया ! आसेहिं? इमे णं बहवे हिरण्णागरा य, सुवण्णागरा य, रयणागरा य, वइरागरा य, तं सेयं खलु अम्हं हिरण्णस्स य, सुवण्णस्स य, रयणस्स य, वइरस्स य पोयवहण भरित्तए' त्ति कट्टु अन्नमन्नस्स एयमट्ठं पडिसुणेंति, पडिसुणित्ता हिरण्णस्स य, सुवण्णस्स य, रयणस्स य, वइरस्स य, तणस्स य, अण्णस्स य, कट्ठस्स य, पाणियस्स य पोयवहणं भरेंति, भरित्ता पयक्खिणाणुकूलेण वाएण जेणेव गभीरपोयवहणपट्टणे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता पोयवहणं लंबेंति, लंबित्ता सगडीसागडं सज्जेंति, सज्जित्ता तं हिरण्ण जाव वइरं च एगट्ठियाहिं पोयवहणाओ सचारेंति, संचारित्ता सगडीसागड सजोइंति, संजोइत्ता जेणेव हत्थिसीसए नयरे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता हत्थिसीसयस्स नयरस्स बहिया अग्गुज्जाणे सत्थणिवेस करेति करित्ता सगडीसागडं मोएंति, मोइत्ता महत्थं जाव पाहुड गेण्हंति गेण्हित्ता हत्थिसीसं नयरं अणुपविसंति, अणुपविसित्ता जेणेव कणगकेऊ राया तेणेव उवागच्छंति उवागच्छित्ता जाव उवणेंति।

तए ण से कणगकेऊ तेसिं सजत्ताणावावाणियगाण त महत्थं जाव पडिच्छइ।

सूत्र १० · इधर व्यापारियो ने परस्पर विचार किया–"देवानुप्रियो ! हमे अश्वो से क्या काम है? यहाँ अनेक चाँदी, सोने, रत्नो व हीरो की खाने है। अत· हमारे लिए तो इन खनिजो से जहाज को भर लेना ही लाभदायक है।" यह सोच परस्पर सहमत होकर उन्होंने अपना जहाज सभी खनिजो तथा घास, अन्न, काठ तथा मीठे पानी से भर दिया। अनुकूल वायु होने पर वे गम्भीरपत्तन पहुँचे और लगर डालकर तट पर उतरे। वहॉ गाडियाँ तैयार की और जहाज मे लादा माल उतार कर गाडियो मे भरा। फिर गाडियो को जोत वहॉ से प्रस्थान किया। हस्तिशीर्ष नगर पहुँचने पर नगर के बाहर मुख्य उद्यान मे सार्थ रोका, गाडियाँ खोलीं, और बहुमूल्य उपहार साथ में लेकर हस्तिशीर्ष नगर में प्रवेश किया। राज्यसभा में जाकर कनककेतु राजा के सामने वे उपहार भेंट स्वरूप रख दिये।

राज कनककेतु ने व्यापारियों के वे बहुमूल्य उपहार स्वीकार कर लिए।

10. The merchants deliberated, "Beloved of gods! We have nothing to do with the horses There are rich deposits of silver, gold, gems, and diamonds.

It would be profitable for us to fill the holds of our ship with these minerals." They all agreed and filled the holds of the ship with all the minerals and also hay, wood, grain and fresh water When the wind favoured, they sailed and arrived at Gambhir port. They anchored the ship and disembarked. The ship was unloaded and the cargo was transferred to carts made ready for travel Once the complete cargo was transferred, they left the port and came to Hastisheersh city They halted the caravan outside the city and camped in the main garden Collecting valuable gifts, they entered the city and went to the king's court After greeting King Kanak-ketu they displayed before him the gifts they had brought for him

The king accepted the gifts

अश्वों की कामना

सूत्र ११ : ते संजत्ताणावावाणियगे एवं वयासी–'तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! गामागर जाव आहिंडह, लवणसमुद्द च अभिक्खण अभिक्खणं पोयवहणेणं ओगाहह, तं अत्थियाइं केइ भे कहिंचि अच्छेरए दिट्ठपुव्वे?'

तए ण सजत्ताणावावाणिया कणगकेउं राय एवं वयासी–'एवं खलु अम्हे देवाणुप्पिया ! इहेव हत्थिसीसे नयरे परिवसामो, तं चेव जाव कालियदीवंतेण संवूढा, तत्थ णं बहवे हिरण्णागरा य जाव बहवे तत्थ आसे, किं ते हरि-रेणु-सोणिसुत्तगा जाव अणेगाइं जोयणाइं उब्भमंति। तए णं सामी ! अम्हेहिं कालियदीवे ते आसा अच्छेरए दिट्ठा।

सूत्र ११ फिर राजा ने उन व्यापारियो से पूछा–"देवानुप्रियो ! तुम लोग अनेक गॉवो और बस्तियो व द्वीपो मे जाते हो, बार-बार जहाजो द्वारा लवणसमुद्र की यात्रा करते हो, क्या कहीं तुमने कोई आश्चर्यजनक वस्तु देखी?"

उन व्यापारियो ने उत्तर दिया–"देवानुप्रिय ! हम लोग इसी हस्तिशीर्ष नगर के निवासी हैं। इस बार हम कालिक द्वीप की यात्रा पर गये थे। वहॉ चाँदी, सोने आदि के बहुत से खनिज हैं तथा बहुत से अश्व है (अश्वो का वर्णन पूर्वसमान)। वे अश्व हम लोगो के भय से उद्विग्न हो कई योजन दूर चले गये। हे स्वामी ! हमे कालिक द्वीप के श्रेष्ठ अश्व आश्चर्यजनक लगे।"

DESIRE FOR THE HORSES

11. After this, the king asked the merchants, "Beloved of gods! You visit many villages, towns, and islands. You go on sea voyage now and then. Have you seen some astonishing things?"

The merchants replied, "Beloved of gods! We are inhabitants of this Hastisheersh city. This time we went to Kalik island In that island there are

rich deposits of many minerals including silver and gold There are herds of horses also on that island (the description of horses as before) Disturbed by our presence these horses have drifted many miles deeper into the island Sire! We found these horses of Kalik island astonishing objects "

सूत्र १२ . तए णं कणगकेऊ तेसिं संजत्ता णावावाणियगाणं अंतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म ते संजत्ता णावावाणियए एवं वयासी-'गच्छह णं तुब्भे देवाणुप्पिया ! मम कोडुंबियपुरिसेहिं सद्धिं कालियदीवाओ ते आसे आणेइ।'

तए णं ते संजत्ता वाणियगा कणगकेउ राय एवं वयासी-'एवं सामी !' त्ति कट्टु आणाए विणएणं वयणं पडिसुणेंति।

सूत्र १२ . राजा कनककेतु ने उन व्यापारियो की बात सुनकर उनसे कहा-"देवानुप्रियो ! तुम मेरे सेवकों के साथ जाओ और कालिक द्वीप से उन अश्वो को यहाँ ले आओ।"

व्यापारियों ने 'स्वामी की जो आज्ञा' कहकर राजा के वचनो को आज्ञा रूप सविनय स्वीकार किया।

12. On getting this information king Kanak-ketu instructed the merchants , "Beloved of gods! Go along with my servants and bring the horses of Kalik island here "

"As you say Sire!" the merchants humbly accepted the kings words as order

सूत्र १३ · तए ण कणगकेऊ राया कोटुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी-'गच्छह णं तुब्भे देवाणुप्पिया ! सजत्ताणावावाणिएहिं सद्धिं कालियदीवाओ मम आसे आणेह।' ते वि पडिसुणेंति।

तए ण ते कोटुबियपुरिसा सगडीसागडं सज्जेंति, सज्जित्ता तत्थ ण बहूणं वीणाण य, वल्लकीण य, भामरीण य, कच्छभीण य, भंभाण य, छब्भामरीण य, विचित्तवीणाय य, अन्नेसिं च बहूणं सोइंदियपाउग्गाणं दव्वाण सगडीसागड भरेंति।

सूत्र १३ : इस पर राजा ने अपने सेवको को बुलाया और कहा-"देवानुप्रियो ! तुम इन व्यापारियो के साथ जाओ और मेरे लिए कालिक द्वीप के अश्व ले आओ।" सेवको ने भी राजा का आदेश स्वीकार किया। फिर उन सेवको ने गाड़ियाँ तैयार की और उनमे बहुत सी आवश्यक सामग्री के साथ विभिन्न प्रकार की वीणाये, यथा-बल्लकी, भ्रामरी, कच्छपी, भंभा, षट्भ्रामरी आदि कानों को प्रिय लगने वाली विविध सामग्री भर ली।

13. Now the king called his servants and said, "Beloved of gods! Go with these merchants and bring the horses of Kalik island for me " The servants

accepted the order They prepared many carts and filled them with the required materials for the voyage. Besides this they also loaded into the carts a variety of Veenas (string instruments) like — Ballaki, Bhramari, Kacchapi, Bhambha, Shatbhramari, etc and other musical instruments that appealed to the ears.

अश्व-मोदक सामग्री

सूत्र १४ . भरित्ता बहूणं किण्हाण य जाव सुक्किल्लाण य कट्ठकम्माण य चित्तकम्माण य पोत्थ-कम्माण य लेप्पकम्माण य गथिमाण य जाव संघाइमाण य अन्नेसि च बहूणं चक्खिंदियपाउग्गाणं दव्वाण सगडीसागड भरेंति।

भरित्ता बहूणं कोट्ठपुडाण य केयइपुडाण य जाव अन्नेसिं च बहूणं घाणिदियपाउग्गाणं दव्वाणं सगडीसागडं भरेंति।

भरित्ता बहुस्स खडस्स य गुलस्स य सक्कराए य मच्छंडियाए य पुप्फुत्तरपउमुत्तराए अन्नेसि च जिब्भिंदियपाउग्गाणं दव्वाणं सगडीसागड भरेंति।

भरित्ता बहूणं कोयवाण य कंबलाण य पावाणाय य नवतयाण य मलयाण य मसूराण य सिलावट्टाण य जाव हंसगब्भाण य अन्नेसिं च फासिंदियपाउग्गाण दव्वाणं सगडीसागडं भरेंति।

सूत्र १४ उन राज सेवको ने अपनी गाडियो मे फिर काली, लाल, सफेद आदि अनेक रगो की काष्टकर्म (लकडी की कलाकृतियॉ), चित्र कर्म (चित्रांकन की कलाकृतियॉ), पुस्तकर्म (लेखन कार्य से सम्बन्धित कृतियॉ), लेप्य कर्म (मिट्टी आदि से बनी कलाकृतियॉ), ग्रन्थिम (गूँथकर बनाई कलाकृतियाँ), वेष्टिम (वेष्टन कर-या चढ़ाकर बनाई कलाकृतियाँ), पूरिम (भरकर या पूर कर बनाई कलाकृतियॉ), सघातिम (विभिन्न वस्तुओ को मिलाकर बनाई कलाकृतियाँ), आदि नेत्रो को भाने वाला सामान भर लिया।

इसके बाद कोष्ट पुट (अर्क खींचना, डिस्टिलेशन या एक्स्ट्रेक्षन) तगर, एला, केतकी (इलायची) चंदन, जूही आदि घ्राणेन्द्रिय को लुभाने वाले विभिन्न प्रकार के सुगधित पदार्थ भी गाड़ियो मे भर लिए।

यही नही स्वाद में भले लगने वाले अनेक पदार्थ जैसे-खाँड, गुड़, शर्करा, मत्स्यंडिका (मिश्री) पुष्पोत्तर-शर्करा, पद्मोत्तर शर्करा आदि जिह्वा इन्द्रियो को लुभाने वाला सामान भी गाडियो में भर लिया।

अन्त में कोयतक (रुई के), कबल, प्रावरण (ओढ़ने के), नवत (जीन), मलय (आसन विशेष), मसग (चमडे के), शिकावतक आदि स्पर्श में भली लगने वाली स्पर्श इन्द्रिय को लुभाने वाली अनेक वस्तुएँ भी गाडी में भर ली।

ALLUREMENTS FOR HORSES

14. The servants also included in their cargo every variety of objects of art that appealed to eyes. This included multi-coloured things made in wood, paintings, writings, terra-cottas, knit-work, coated things, inlaid works, and mixed art pieces

Then they included fragrant items that appealed to the sense of smell This included concentrates of Tagar, Ela, Ketaki, sandal-wood, Juhi and many other types of perfumes and fragrant powders

Also loaded were things that appealed to the taste buds These included different types of sugar such as semi-finished, powdered, crystallized, etc

In the end they loaded bed covers, blankets, rugs, mattresses and other such products made of cotton, wool, leather, etc that appealed to the sense of touch

सूत्र १५ . भरित्ता सगडीसागड जोएंति, जोइत्ता जेणेव गभीरपोयट्ठाणे तेणेव उवागच्छंति उवागच्छित्ता सगडीसागड मोएंति, मोइत्ता पोयवहण सज्जेंति सज्जित्ता तेसि उक्किट्ठाण सद्द-फरिस-रस-रूव-गधाणं कट्ठस्स य तणस्स य पाणियस्स य तंदुलाण य समियस्स य गोरसस्स य जाव अन्नेसिं च बहूण पोयवहण-पाउग्गाणं पोयवहणं भरेंति।

सूत्र १५ उन्होने यह सभी सामान गाडियो मे भरकर, गाडियॉ जोत कर गभीर पट्टन की ओर चले आये। वहॉ पहुँचकर गाडियॉ खोल दी और जहाज तैयार किये। फिर जहाज मे लाई हुई सभी खाद्य-गध-स्पर्श योग्य सामग्री तथा काठ, घास, जल, चावल, आटा, दूध आदि अन्य सभी प्रकार की आवश्यक सामग्री भर ली।

15 After loading all this material they moved to Gambhir port and transferred the cargo into the ship They also loaded enough quantities of other essential items like wood, hay, soft water, flour, milk, etc

जाल बिछाना

सूत्र १६ भरित्ता दक्खिणाणुकूलेण वाएण जेणेव कालियदीवे तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता पोयवहणं लबेंति, लबित्ता ताइ उक्किट्ठाइ सद्द-फरिस-रस-रूव-गधाइं एगट्ठियाहि कालियदीवं उत्तारेंति, उत्तारित्ता जहिं जहि च ण ते आसा आसयंति वा, सयंति वा, चिट्ठंति वा, तुयट्टति वा, तहिं तहिं च ण ते कोडुबियपुरिसा ताओ वीणाओ य जाव चित्तवीणाओ य अन्नाणि बहूणि सोइंदियपाउग्गाणि य दव्वाणि समुदीरेमाणा समुदीरेमाणा चिट्ठंति, तेसिं च परिपेरंतेण पासए ठवेंति, ठवित्ता णिच्चला णिप्फंदा तुसिणीया चिट्ठंति।

सूत्र १६ : जब जहाज भरकर तैयार हो गये और पवन अनुकूल हुआ तब वे राजसेवक व्यापारियों के साथ रवाना हुए और कालिक द्वीप के निकट पहुँचे। यहाँ लंगर डालकर छोटी नावों में सामान भरकर द्वीप में उतारा। यह सब सामान लेकर वे राजसेवक जहाँ-जहाँ घोडे बैठते, सोते या लोटते थे वहाँ-वहाँ गये, आस-पास मे जाल बिछाये और पूर्वोक्त वाद्ययंत्रों से मधुर ध्वनियाँ निकालने लगे। फिर वे निश्चल, निस्पन्द और मूक होकर छुप गये।

FIXING THE SNARES

16. After the ships were loaded and when the wind favoured, they left Gambhir port and arrived near Kalik island. They anchored the ship and disembarked The ship was unloaded and the cargo was transferred to the island with the help of small boats. The servants of the king then went to the places where the horses rested or tumbled in the sand and fixed snares and played musical instruments for some time After that they hid themselves, made themselves absolutely still and waited silently

सूत्र १७ जत्थ जत्थ ते आसा आसयंति वा जाव तुयट्टंति वा, तत्थ तत्थ णं त कोडुंबियपुरिसा बहूणि किण्हाणि य ५ कट्ठकम्माणि य जाव सघाइमाणि य अन्नाणि य बहूणि चक्खिंदियपाउग्गाणि य दव्वाणि ठवेति, तेसि परिपेरतेणं पासए ठवेंति, ठवित्ता णिच्चला णिप्फंदा तुसिणीया चिट्ठंति।

सूत्र १७ इसी प्रकार घोडो के विचरने के स्थानो पर नेत्रों को आकर्षित करने वाले कृष्ण-नील, लाल, आदि विविध रंगो के सामान सजा दिये, फिर आसपास जाल बिछा दिये और छुपकर बैठ गये।

17. Similarly they arranged the colourful objects that appealed to eyes in the areas frequented by the horses, fixed snares and waited concealing themselves

सूत्र १८ : जत्थ जत्थ ते आसा आसयंति वा, सयंति वा, चिट्ठंति वा, तुयट्टंति वा, तत्थ-तत्थ ण ते कोडुंबियपुरिसा तेसिं बहूणं कोट्ठपुडाण य अन्नेसिं च घाणिंदियपाउग्गाण दव्वाणं पुंजे य णियरे य करेंति, करित्ता तेसिं परिपेरंते जाव चिट्ठंति।

सूत्र १८ : इसी प्रकार उन सेवकों ने घोड़ो के घूमने, बैठने, सोने के स्थानों पर घ्राणेन्द्रिय को आकर्षित करने वाले सुगंधित पुष्प व इत्र आदि सामान के ढेर बनाकर इधर-उधर लगा दिये और छुपकर बैठ गए।

18. Then, they arranged ın heaps the fragrant thıngs that appealed to the sense of smell ın the areas frequented by the horses, fixed snares and waıted concealıng themselves

सूत्र १९ : जत्थ जत्थ ण ते आसा आसयंति वा, सयति वा, चिट्ठंति वा, तुयट्टंति वा, तत्थ तत्थ गुलस्स जाव अन्नेसि च बहूणं जिब्भिंदियपाउग्गाणं दव्वाण पुजे य णियरे य करेंति, करित्ता वियरए खणति, खणित्ता गुलपाणगस्स खंडपाणगस्स पोरपाणगस्स अन्नेसिं च बहूणं पाणगाण वियरे भरेंति, भरित्ता तेसि परिपेरंतेण पासए ठवेंति जाव चिट्ठंति।

सूत्र १९ · इसी प्रकार घोडो के सोने, बैठने, घूमने के स्थान पर गुड, शक्कर आदि स्वाद को रुचने वाले तथा जीभ को लुभाने वाले पदार्थ सजा दिये, उनके ढेर लगा दिये, तरल पदार्थों को गड्ढो मे भर दिया और आस-पास जाल बिछा दिये।

19. After that, they arranged the savoury thıngs that appealed to taste buds, puttıng solıds ın heaps and the lıquıds ın dıtches, ın the areas frequented by the horses, fixed snares and waıted concealıng themselves

सूत्र २० जहिं जहिं च ण ते आसा आसयति वा, सयंति वा, चिट्ठति वा, तुयट्टति वा, तहि तहि च ण ते बहवे कोयवया य जाव सिलावट्टया अण्णाणि य फासिंदियपाउग्गाइ अत्थुय-पच्चत्थुयाइं ठवेंति, ठवित्ता तेसि परिपेरंतेणं जाव चिट्ठंति।

सूत्र २० अन्त मे उन्होने घोडो की स्पर्श इन्द्रिय को भले लगने वाले रुई के, ऊन के, चमडे के विविध सामान भी सजा दिये। गुप्त जाल बिछा दिये और स्वय आस-पास वृक्षो-पत्रो आदि की ओट मे छुप गये।

20. Fınally they arranged the soft objects made of cotton, wool, leather etc that appealed to the sense of touch ın the areas frequented by the horses, fixed snares and waıted concealıng themselves ın the nearby folıage

अनासक्ति का लाभ

सूत्र २१ . तए णं ते आसा जेणेव एए उक्किट्ठा सद्द-फरिस-रस-रूव-गधा तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता तत्थ ण अत्थेगइया आसा 'अपुव्वा ण इमे सद्द-फरिस-रस-रूव-गंधा' इति कट्टु तेसु उक्किट्ठेसु सद्द-फरिस-रस-रूव-गंधेसु अमुच्छिया अगढिया अगिद्धा अणज्झोववण्णा, तेसिं उक्किट्ठाण सद्द जाव गंधाणं दूरंदूरेणं अवक्कमंति, ते ण तत्थ पउरगोयरा पउरतण-पाणिया णिब्भया णिरुव्विग्गा सुहंसुहेणं विहरंति।

सूत्र २१ कुछ समय बाद वे घोडे वहाँ आये जहॉ यह सब उत्कृष्ट, सुन्दर, मनमोहक, शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गध युक्त वस्तुएँ रखी थी। उनमे से अनेक अश्व यह सोचकर कि ये सभी

चित्र परिचय
THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

सुखों का प्रलोभन : बन्धन का कारण

चित्र २३

कनककेतु राजा ने कालिक द्वीप मे स्वच्छन्द विचरण करने वाले घोडो को पकडने के लिए अपने कुशल सेवको को भेजा। सेवको ने द्वीप के विशाल मैदान मे तरह-तरह के सुगन्धित, स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ, कोमल स्पर्श वाले गलीचे तथा सभी इन्द्रियो को लुभाने वाले पदार्थ चारो तरफ बिछा दिये तथा कर्मचारी छुपकर मधुर वीणा नाद करने लगे। कुछ लोग जाल व रस्सियाँ लेकर छुप गये।

घोडे जब मैदान मे आये और इन पदार्थो को देखा तो कुछ घोडे इन पदार्थो के स्वाद व रूप-गध आदि मे लुब्ध होकर वही चरने लगे। सेवको ने घोडो को अपने जाल मे फँसा लिया। चाबुक आदि से प्रताडित कर अपने वाहनो के काम मे लेने लगे।

जो कुछ घोडे इन मधुर स्वादिष्ट–सुगन्धित पदार्थो के प्रति ललचाये नही वे पहले की तरह स्वच्छन्द स्वाधीन विचरते रहे। (सत्रहवाँ अध्ययन)

A FONDNESS FOR PLEASURES : THE CAUSE OF BONDAGE

ILLUSTRATION : 23

